10 दिनेश कार्तिक...

झारखण्ड का अपना दैनिक

झारखण्ड उजाला

सच आप तक

12 यामी गौतम...

रांची, बुधवार, 29 जनवरी 2025 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 04 | अंक -221 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com

आज का विचार

झारखण्ड उजाला

श्री दयानन्द प्रसाद
पूर्व मुखिया मगनपुर
प्रखंड गोला जिला रामगढ़

जहाँ हमारा स्वार्थ समाप्त होता है, वहीं से हमारी इंसानित आरंभ होती है। यह महत्वपूर्ण नहीं है कि कितने बेईमान लोग आपको देखकर ईमानदार बने, महत्व तो इस बात का है कि कितने बेईमान लोगों को देखकर भी आप स्वयं ईमानदार बने रहे।

सर्राफा

सोना (बिक्री) : **75,800**
चांदी (प्रति किलो) : **95,000**
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

शेयर बाजार

सेंसेक्स :- **75,901.45**
निफ्टी :- **22,957.25**

मौसम

अधिकतम तापमान : **27** °
न्यूनतम तापमान : **10** °

सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- **06:30**
संध्या :- **17:34**

आज का इतिहास

आज ही की दिन 1856 को यूनाइटेड किंगडम की महारानी विक्टोरिया ने रॉयल साइन-मैनुअल के तहत एक वारंट जारी किया, जिसने विक्टोरिया क्रॉस की स्थापना की, जो मूल रूप से क्रीमियन युद्ध के दौरान ब्रिटिश सैन्य कर्मियों द्वारा किए गए वीरतापूर्ण कार्यों को मान्यता देने के लिए था।

संक्षिप्त समाचार

लोहरदगा : पिकअप वैन ने ले ली दो की जान, दो लोग घायल

लोहरदगा। लोहरदगा में तेज रफ्तार वाली पिकअप वाहन ने मंगलवार को दो लोगों की जान ले ली है. जबकि दो लोग घायल हैं. घटना शहर के कचहरी रोड की है. मृतकों की पहचान राजा बंगला निवासी जमील कुरैशी और पतरातू रामगढ़ के उल्फत अंसारी के रूप में हुई है. घायलों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है. पुलिस ने वाहन चालक को हिरासत में लिया है. प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो लोहरदगा स्टेशन की ओर से आ रही तेज रफ्तार वाली वाहन ने सड़क किनारे खड़ी बाइक को जोरदार टक्कर मारते हुए आगे बढ़ गयी. इस दौरान वाहन चालक ने सड़क किनारे खड़ी कई बाइक को रौंद दिया. इस दौरान 1 की मौत तो घटनास्थल पर ही हो गयी. जबकि दूसरे की मौत अस्पताल ले जाने के दौरान हुई. टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिकअप वाहन ने एक मोटरसाइकिल को कई किलोमीटर तक घसीटकर ले गया.

30 जनवरी के बाद ठंड से मिलेगी राहत, बढ़ेगा तापमान

रांची। झारखंड में सुबह और शाम की कनकनी से दो दिन बाद ही राहत मिलने की संभावना है. इस दौरान तापमान में बदलाव की संभावना नहीं है. राजधानी रांची से सटे कांके के न्यूनतम तापमान में बीते 24 घंटे में करीब 2.2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है. मौसम विभाग की मानें तो 30 जनवरी से मौसम में बदलाव संभव है. तापमान में तीन से पांच डिग्री की बढ़ोतरी होगी. इससे ठंड से लोगों को थोड़ी राहत मिल सकेगी. तापमान में तीन से पांच डिग्री की बढ़ोतरी होगी. 29 जनवरी को मौसम में न्यूनतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं. तापमान में तीन से पांच डिग्री की बढ़ोतरी होगी. सबसे अधिक उच्चतम तापमान 30.0 डिग्री सेल्सियस सरायकेला में दर्ज किया गया.

मुख्यमंत्री ने अबुआ बजट- 2025- 26 की निर्माण को लेकर बजट पूर्व संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए संसाधनों के बेहतर से बेहतर इस्तेमाल करने पर दिया जोर

अलग राज्य बनने के बाद झारखंड ने कई उतार -चढ़ाव बीच गढ़े हैं कई नए आयाम : हेमंत सोरेन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि बजट के जरिए एक ऐसा दस्तावेज तैयार हो, जिससे यहां की मूलभूत समस्याओं के समाधान के साथ सर्वांगीण विकास की राह पर राज्य आगे बढ़ सकें। इसके लिए जरूरी है कि संसाधनों का बेहतर से बेहतर इस्तेमाल हो। मुख्यमंत्री आज झारखंड मंत्रालय में अबुआ बजट- 2025- 26 की तैयारियों के सिलसिले में बजट पूर्व संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए ये बातें कही। उन्होंने कहा कि बजट आइडियल तथा सर्वोत्तम हो, इसके लिए विभिन्न विषयों के के विशेषज्ञों ने कई अहम तथा प्रभावी सुझाव दिए हैं। इन सुझावों पर गंभीरता के साथ अध्ययन कर उसे बजट में शामिल करने पर विचार होगा, ताकि सतत एवं समावेशी विकास की दिशा में आगे बढ़ सकें।

आर्थिक संसाधन होंगे तभी विकास का पहिया आगे बढ़ेगा

मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि झारखंड को अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए खुद राजस्व संग्रहण करना है और खर्च भी करना है। हमें अपने संसाधन खुद जुगाड़ करने हैं और आवश्यकता अनुसार विभिन्न क्षेत्रों के विकास के लिए राशि भी खर्च करनी है। ऐसे में जब तक आर्थिक संसाधन से हम मजबूत नहीं होंगे राज्य के विकास का पहिया आगे नहीं बढ़ेगा। इसलिए सभी विभाग राजस्व संग्रहण के संभावनाओं को तलाशने के लिए ठोस कदम उठाएं।

कम संसाधनों के बाद भी विकास कार्य हुए हैं और आगे भी होंगे

मुख्यमंत्री ने इस बात को स्वीकार करते हुए कहा कि राज्य में संसाधन जरूर कम हैं, लेकिन हमारी सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना, बिजली, पानी और सड़क समेत कई क्षेत्रों को मजबूत करने के लिए बड़े पैमाने पर कार्य किए हैं । ऐसे कार्य आज भी चल रहे हैं और आगे भी अनवरत चलते रहेंगे। हमारा प्रयास झारखंड को विकसित और समृद्ध राज्य बनाना है।

लंबी अवधि को ध्यान में रखकर कार्य योजना बननी चाहिए

मुख्यमंत्री ने कहा कि सतत विकास के लिए लंबी अवधि को ध्यान में रखकर योजनाएं बननी चाहिए। इसके लिए नींव मजबूत होना जरूरी है । अगर नींव मजबूत होगी तो भविष्य में बिल्डिंग में ऊंची बनाई जा सकती है। यही वजह है कि हमारी सरकार प्राथमिकताओं को तय कर बुनियाद को मजबूत करने पर विशेष जोर दे रही है ताकि भविष्य में भी उसकी ज्यादा से ज्यादा उपयोगिता सिद्ध हो सके।

कई उतार-चढ़ावों के साथ राज्य बढ़ रहा आगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि अलग राज्य बनने के बाद झारखंड ने कई उतार -चढ़ाव देखे हैं। लेकिन, इसके बाद भी राज्य ने कई नए आयाम गढ़े हैं। इस बार हेल्थ इंडेक्स में झारखंड ने बेहतरीन उपलब्धि हासिल की है। लेकिन, हमें सिर्फ यही तक सीमित नहीं रहना है बल्कि इससे प्रेरणा लेते हुए पूरे उत्साह के साथ अन्य क्षेत्र में उच्च मानक पर खरा उतरते हुए निरंतर आगे बढ़ें। इसके लिए सभी को मिलजुल कर कार्य करने की जरूरत है।

जो राशि खर्च होती है उसके आउटकम का आकलन हो

मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में विभिन्न विभागों को जो राशि आवंटित की जाती है उसे खर्च करने के साथ उसके आउटकम का भी आकलन होना चाहिए । अभी तक देखा गया है कि खर्च हुई राशि का कितना लाभ मिल रहा है, इस पर विशेष जोर नहीं दिया गया। इस वजह से हमने जो एसेट बनाएं हैं, उसका उचित इस्तेमाल नहीं हो पता है ऐसे में एसेट तैयार करने के क्रम में उसके सकारात्मक एवं नकारात्मक पहलुओं का ध्यान रखना जरूरी है । इस दिशा में हमें नकरात्मक पहलुओं को दूर करने के लिए बेहतर प्रबंधन करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भी झारखंड में 70 प्रतिशत आबादी के पास अपना कोई बजट नहीं होता है।

झारखंड कैबिनेट की बैठक 29 जनवरी को, सीएम की अध्यक्षता में कई प्रस्तावों पर लगेगी मुहर

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।

रांची। झारखंड कैबिनेट की बैठक 29 जनवरी (बुधवार) को होगी. सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक प्रोजेक्ट भवन में होगी. शाम चार बजे से बैठक शुरू होगी. इसमें जनहित के कई प्रस्तावों पर मंत्रिपरिषद मुहर लगाएगी. झारखंड के मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी.

पिछली कैबिनेट की बैठक में 18 प्रस्तावों को मिली थी हरी झंडी

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में 21 जनवरी को प्रोजेक्ट भवन में पिछली कैबिनेट (मंत्रिपरिषद) की बैठक हुई थी. इसमें 18 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी थी. मंत्रिपरिषद ने राज्यकर्मियों को स्वास्थ्य बीमा योजना की सौगात दी थी. झारखंड के विभिन्न अस्पतालों के लिए पद सृजित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति मिली थी. चतरा में स्पेशल कोर्ट के गठन का प्रस्ताव भी पारित किया गया था. दुमका एयरपोर्ट से नियमित उड़ान के लिए एआईए के साथ एमओयू, केस आईओ (अनुसंधानकर्ता) को मोबाइल देने, झारखंड अधिवक्ता कल्याण कोष के लिए 12 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गयी थी. ज्ञानोदय योजना के तहत मीडिल स्कूल में कंप्यूटर शिक्षा का प्रस्ताव भी स्वीकृत किया गया था. कुल 18 प्रस्तावों को कैबिनेट से हरी झंडी मिली थी.

हेमंत सोरेन सरकार ने दी थी राज्यकर्मियों को बड़ी सौगात

पिछली कैबिनेट की बैठक के बाद प्रधान सचिव वंदना डाडेल ने जानकारी दी थी झारखंड में कार्यरत, सेवानिवृत्त कर्मियों, पदाधिकारियों की स्वास्थ्य बीमा योजना का प्रस्ताव 31.7.2023 को पारित हुआ था. राज्यकर्मियों ने इसके लिए आवेदन दिया है, लेकिन कई त्रुटियां रह गयी थीं, जिन्हें संशोधित किया गया है. इसके तहत पांच लाख रुपए प्रतिवर्ष इलाज के खर्च की सीमा रखी गयी है. अब इस योजना के तहत राज्य विधानसभा के वर्तमान सदस्य, राज्य के सभी सेवाओं के कर्मी भी शामिल किए गए हैं.

उत्कर्ष ओडिशा-मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव में पीएम ने कहा, भारत में कॉन्सर्ट इकॉनोमी सेक्टर तेजी से बढ़ रहा

एजेंसी

ओडिशा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मंगलवार को भुवनेश्वर में उत्कर्ष ओडिशा-मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव 2025 में भारत में कॉन्सर्ट इकोनॉमी सेक्टर के बढ़ते चलन को लेकर चर्चा की. श्री मोदी ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में आपने मुंबई और अहमदाबाद में हुए कोल्डप्ले कॉन्सर्ट की शानदार तस्वीरें देखी होंगी. कहा कि यह इस बात का प्रमाण का है कि भारत में लाइव कॉन्सर्ट के लिए कितना स्कोप है. आज भारत में कॉन्सर्ट इकॉनोमी सेक्टर तेजी से बढ़ रहा है. भारत कॉन्सर्ट का बहुत बड़ा कंज्यूमर है. इस क्रम में पीएम ने कहा, भारत में म्यूजिक डांस स्टोरी टेलिंग की बड़ी विरासत है.

आजकल दुनियाभर के बड़े कलाकार भारत आना चाहते हैं

पीएम मोदी ने उम्मीद जताई कि कॉन्सर्ट इकोनॉमी सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकारें और निजी सेक्टर इन्फ्रास्ट्रक्चर पर फोकस करेंगे. कहा कि आजकल दुनियाभर के बड़े कलाकार भारत आना चाहते हैं. यह एक ऐसा देश है, जिसकी संगीत, डांस और स्टोरी टेलिंग की बड़ी विरासत रही है. पिछले 10 सालों में लाइव इवेंट्स और कॉन्सर्ट का चलन बढ़ा है.

18 जनवरी को मुंबई में दो, 21को नवी मुंबई में एक शो हुआ

जान लें कि कोल्डप्ले के 18 जनवरी को मुंबई में दो, जबकि 21 जनवरी को नवी मुंबई में एक शो हुआ था. इसी क्रम में 25 और 26 जनवरी को अहमदाबाद में कॉन्सर्ट हुआ. यहां कोल्डप्ले बैंड के फ्रंटमैन क्रिस मार्टिन ने हिंदी, मराठी और गुजराती में ऑडियंस से बात की थी. अहमदाबाद के शो में शाहरुख खान और जसप्रीत बुमराह भी मेहमान थे.

पीएम मोदी ने उत्तराखंड को बताया दूसरा घर, युवाओं को दिया शीतकालीन यात्रा का न्यौता

उत्तराखंड 38वें राष्ट्रीय खेल का उद्घाटन, उत्तराखंड को पीएम मोदी ने बताया दूसरा घर, खिलाड़ियों से उत्तराखंड में 38वें राष्ट्रीय खेल के उद्घाटन मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में शीतकालीन यात्रा पर जोर दिया. साथ ही उन्होंने उत्तराखंड को दूसरा घर बताते हुए शीतकालीन यात्रा में आने की इच्छा जताई. पीएम मोदी ने खिलाड़ियों के साथ लोगों को उत्तराखंड में एडवेंचर और शीतकालीन टूरिज्म का लुत्फ उठाने को कहा. उत्तराखंड के विभिन्न हिस्सों पर भी जाएंः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि ओलंपिक से देश के टूरिज्म और आर्थिकी को बढ़ावा मिलता है. जैसे उत्तराखंड को नेशनल गेम्स से लाभ हो रहा है, वैसे ही देश को ओलंपिक से लाभ होगा. नेशनल गेम्स का आयोजन उत्तराखंड में हो रहा है. ऐसे में जो लोग उत्तराखंड आएंगे, वो राज्य के दूसरे जगहों पर भी जाएंगे. जिससे यहां के इकॉनमी पर असर देखने को मिलेगा. इससे इकॉनमी में इजाफे के साथ रोजगार के अवसर भी खुलेंगे. वहीं, पीएम मोदी ने कहा कि उत्तराखंड को विकास के लिए और भी रास्ते बनाने होंगे.

वन विभाग की टीम पर लकड़ी माफियाओं का हमला

छापेमारी के दौरान गाड़ी से कुचलने की कोशिश, कर्मी बाल-बाल बचे

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

लोहरदगा। लोहरदगा मे वन माफियाओं की बढ़ती गतिविधियों के बीच मंगलवार एक गंभीर घटना सामने आई। गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी के लिए निकली वन विभाग की टीम पर लकड़ी माफियाओं ने हमला कर दिया। हिसरी-पतरातू मार्ग पर गश्ती के दौरान सखुआ लकड़ी से लदे पिकअप वाहन को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन माफियाओं ने दुस्साहस दिखाते हुए वन विभाग की गाड़ी को टक्कर मार दी और कर्मियों को कुचलने की कोशिश की। हमले के समय गश्ती दल में फॉरेस्टर महावीर उरांव, प्रदीप साहू, पंकज सिंह, अनूप शाहदेव, नवीन चौहान, रमेश भगत, राजेंद्र उरांव और होमगार्ड के जवान मौजूद थे। सभी कर्मी इस घटना में बाल-बाल बच गए, हालांकि विभाग की गाड़ी को भारी नुकसान हुआ। गश्ती टीम को रास्ते में अवैध लकड़ी लदा पिकअप नजर आया था। एक गश्ती टीम द्वारा पीछा किया गया वहीं दूसरी टीम के द्वारा लकड़ी माफियाओं के गाड़ी को रोकने हेतु रास्ते को गस्ती गाड़ी से ब्लॉक किया गया था जिसे लकड़ी माफियाओं के द्वारा वन कर्मियों को जान से करने के उद्देश्य से जोरदार टक्कर मारते हुए लकड़ी माफिया वाहन समेत भागने में सफल रहे। वन विभाग ने घटना की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दी, जिसके बाद मामले में एफआईआर दर्ज कर अपराधियों को पकड़ने के लिए छापेमारी शुरू कर दी गई है। पुलिस और वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई से माफियाओं के खिलाफ सख्त कदम उठाने की तैयारी की जा रही है। यह घटना इस बात का प्रमाण है कि क्षेत्र में लकड़ी माफियाओं की गतिविधियां बेलगाम हो चुकी हैं। वन विभाग की टीम लंबे समय से इनके खिलाफ नियमित अभियान चला रही है। लेकिन यह पहली बार है जब माफियाओं ने गश्ती टीम को कुचलने का प्रयास किया। फॉरेस्टर महावीर उरांव ने घटना के बाद कहा कि, ₹हमारे अभियान जारी रहेंगे। माफियाओं की ऐसी हरकतें हमें रोक नहीं सकतीं। जंगल की रक्षा के लिए हम पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।₹ घटना ने वन कर्मियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जंगल और वन संपदा की रक्षा में जुटे कर्मियों के लिए पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम होना जरूरी है। प्रशासन और वन विभाग को मिलकर ऐसे माफियाओं के खिलाफ कठोर कदम उठाने होंगे ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

राधा गोविंद पब्लिक स्कूल में 76 वाँ गणतंत्र दिवस समारोह संपन्न

रामगढ़। राधा गोविंद शिक्षा शिक्षण संस्थान के प्रांगण में 76वां गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के चेयरमैन माननीय श्री बी. एन साह, विद्यालय की सचिव सुश्री प्रियंका कु?मारी, अभिभावक अतिथि श्री महावीर साहू, श्रीमती जमुनी देवी, सदस्या श्रीमती फूलमती देवी, विद्यालय के प्राचार्य डॉ सुजीत कुमार मोहंती प्रशासक श्री के एन सिंह, इंटर कॉलेज की प्राचार्या श्रीमती इंदिरा महतो, ने संयुक्त रूप से संस्था के संस्थापक स्व० गोविंद साह एवं स्व श्रीमती राधा देवी के तस्वीर पर माल्यार्पण, पुष्पार्चण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। तत्पश्चात उपस्थित मुख्य अतिथिगण के पुष्पगुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस समारोह में छात्र-छात्राओं के द्वारा बहुत ही मनमोहक एवं रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया । इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ० संजय कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य श्री अजय कुमार, विद्यालय एवं इंटर भी कॉलेज के कर्मचारीगण उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन प्रशासक श्री के. एन सिंह के द्वारा किया गया। राष्ट्र?गान के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की गई।

सेन्हा में सड़क सुरक्षा के तहत विशेष वाहन जांच अभियान, 8 बाइक जब्त, ड्रिंक एंड ड्राइव पर सख्ती

लोहरदगा। लोहरदगा जिला के सेन्हा थाना क्षेत्र में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक और परिवहन विभाग के निर्देश पर मंगलवार को विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान में यातायात प्रभारी शिवशंकर मार्डी, सुशील कुमार सिंह और सेन्हा थाना पुलिस बल ने संयुक्त रूप से भाग लिया। अभियान के दौरान दोपहिया, चारपहिया और भारी वाहनों को रोककर गहन जांच की गई। बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले चालकों पर कार्रवाई की गई और कुल 8 मोटरसाइकिल जब्त कर परिवहन विभाग को आगे की कार्रवाई के लिए सौंप दी गई। गौरतलब है कि लोहरदगा जिले में हाल के दिनों में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ती जा रही है। इसे नियंत्रित करने के लिए पुलिस और परिवहन विभाग के निर्देश पर नियमित जांच अभियान चलाए जा रहे हैं। इसके अलावा, सड़क सुरक्षा अभियान के तहत लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने जनता से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, ड्रिंक एंड ड्राइव से बचें और हेलमेट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में लोहरदगा में कंबल वितरण, धीरज प्रसाद साहू की पहल से जरूरतमंदों को मिली राहत

लोहरदगा। पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू की पहल पर मंगलवार को लोहरदगा के अंबेडकर नगर में एक व्यापक कंबल वितरण अभियान चलाया गया। इस अभियान का आयोजन महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष सीमा परवीन की देखरेख में किया गया, जिसमें समाज के गरीब, विधवा, बुजुर्ग और जरूरतमंद वर्गों को कंबल प्रदान किए गए। इस मौके पर सीमा परवीन ने कहा कि धीरज प्रसाद साहू हमेशा से जरूरतमंदों के लिए सहारा बने रहे हैं। उनकी सामाजिक सेवाओं और गरीबों के प्रति संवेदनशीलता का यह एक और उदाहरण है। यह अभियान न केवल लोहरदगा के अंबेडकर नगर तक सीमित रहा, बल्कि जिले के अन्य हिस्सों और ग्रामीण इलाकों तक भी इसका विस्तार किया गया। कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं, बुजुर्गों और गरीबों ने अपनी जरूरतें पूरी होने पर आभार व्यक्त किया। पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने अपने राजनीतिक और सामाजिक जीवन में हमेशा जनसेवा को प्राथमिकता दी है। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान गरीबों, किसानों और जरूरतमंदों के लिए कई योजनाएं चलाईं। इस कंबल वितरण अभियान को लेकर स्थानीय जनता में उनके प्रति और भी सम्मान और सराहना बढ़ी है। इस कार्यक्रम ने यह साबित कर दिया है कि सच्चे जनप्रतिनिधि वही होते हैं, जो समाज के हर वर्ग की जरूरतों का ध्यान रखते हैं। धीरज प्रसाद साहू और उनकी टीम की इस पहल ने समाज में एक सकारात्मक संदेश दिया है और उन जरूरतमंदों के चेहरे पर मुस्कान लाई है, जो ठंड के मौसम में परेशानियों का सामना कर रहे थे।

सड़क पर मौत बनकर दौड़ी पिकअप वाहन चपेट में आने से 02 की मौत,02 गंभीर

लोहरदगा : सदर थाने में मंगलवार को एक पिकअप वाहन मौत बनकर सड़क पर दौड़ती चली गई और अपने जद ने चार लोगों को ले लिया। घटना में दो लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 02 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पिकअप वाहन ने एसपी कोठी के समीप साइकिल सवार को चपेट में ले लिया इसके पश्चात भागने के क्रम में पिकअप वाहन ने कचहरी मोड़ के समीप एक लूना सवार को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। इसी बीच इस पिकअप ने कई अन्य वाहनों को भी अपनी चपेट में ले लिया। इसमें एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल व्यक्ति ने सदर अस्पताल में दम तोड़ दिया। इसके बाद शंख नदी के पास पिकअप में आग लग गई। स्थानीय लोगों ने ड्राइवर और उसमें सवार तीन लोगों को स्थानीय लोगों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। घटना में बंगला निवासी जमील कुरैशी और रामगढ़ के पतरातू निवासी हाफिज उल्फत की मौत हो गई है वहीं रामपुर निवासी गोपाल ठाकुर और चंदवा निवासी प्रमोद कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया।

माता वैष्णों देवी मंदिर के 34वें वार्षिकोत्सव पर भव्य कलश यात्रा 3 फरवरी को

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



रामगढ़। माता वैष्णों देवी मंदिर का 34वां वार्षिकोत्सव आगामी 3 फरवरी को भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू होगा। कलश यात्रा में शामिल धर्म प्रेमी महिलाएं माता की लाल चुनरी में होंगी। सभी धार्मिक अनुष्ठानों के मुख्य यजमान रवि खोसला एवं उनकी पत्नी रीतु खोसला होंगे। कलश यात्रा आगामी 3 फरवरी को प्रातः 9 बजे मंदिर परिसर से निकलेगी, जो शहर के झंडा चौक, गांधी चौक, मेन रोड, सुभाष चौक, शिवाजी रोड, लोहार टोला होते हुए चट्टी बाजार स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर पहुंचेगी, यहां कलश में जल भरकर वापस माता वैष्णों देवी मंदिर पहुंचेगी। माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरत चन्द्र वासुदेव व सचिव महेश मारवाह ने संयुक्त रूप से बताया कि कलश यात्रा की सभी तैयारियां जोर शोर से की जा रही है। श्री मारवाह ने बताया कि कलश उठाने वाली सभी श्रद्धालु महिलाएं कलश लेकर सुबह साढ़े आठ बजे तक मंदिर परिसर पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर को फूलों व विद्युत बल्बों से आकर्षक ढंग से सजाया जाएगा। माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के सचिव महेश मारवाह ने यह भी बताया कि आगामी 4 फरवरी को प्रातः 10 बजे गणेश पूजन, मंडप प्रवेश, अग्नि प्रवेश कराया जाएगा। 5 से 8 फरवरी तक प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से पूजन, शतचंडी पाठ, हवन आदि का आयोजन होगा। वहीं 6 फरवरी को अपराह्न 3 बजे से मंदिर परिसर में माता की चौकी और 7 फरवरी की रात्रि 9 बजे से माता की प्रतिमा का दुग्धाभिषेक किया जायेगा। 8 फरवरी को पूणार्हुति के बाद सुबह 10 बजे से माता का विशाल भंडारा का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पंजाबी हिन्दू बिरादरी व माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी व सदस्य जुटे हुए हैं।

लोहरदगा में खाद्य सुरक्षा विभाग का छापामारी अभियान: मिलावट व गंदगी के खिलाफ सख्त कार्रवाई, दुकानदारों को अल्टीमेटम

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

लोहरदगा। लोहरदगा जिले के विभिन्न शहरी क्षेत्रों में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मंगलवार को बड़े पैमाने पर छापामारी अभियान चलाया गया। यह अभियान अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी राजा कुमार की अगुवाई में संचालित किया गया। छापामारी का उद्देश्य मिठाइयों, खाद्य सामग्रियों और अन्य वस्तुओं में मिलावट की जांच और गंदगी को नियंत्रित करना था। खाद्य सुरक्षा टीम ने जिले के 12 दुकानों पर जांच की। इसमें मिठाई की दुकानें, होटल, और किराना दुकानें शामिल थीं। टीम ने किराना दुकानों में गंदगी और खाद्य सामग्रियों में मिलावट की आशंका पर सख्त चेतावनी दी। अभियान के दौरान फॉर्च्यून रिफाइंड तेल, पारले-जी आटा, महाराज टी, गोटा धनिया, सेवक मिक्सर, हल्दी पाउडर, ब्लैक पेपर पाउडर, मिक्स मसाला, धनिया पाउडर, जीरा पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, गोटा गोलकी, सोनाली तेल और फिंगर चिप्स जैसे उत्पादों के सैंपल लिए गए। सभी सैंपल को जांच के लिए रांची स्थित राजकीय खाद्य जांच प्रयोगशाला भेजा गया है। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी राजा कुमार ने बताया कि जिन सैंपल्स को जांच के लिए भेजा गया है, उनमें मिलावट की संभावना जताई गई है। जांच के दौरान कई दुकानों में गंदगी और अन्य अनियमितताएं पाई गईं, जिनके लिए दुकानदारों को तत्काल सुधार का अल्टीमेटम दिया गया। टीम ने स्पष्ट चेतावनी दी कि अगर भविष्य में भी ऐसा पाया गया तो संबंधित दुकानों को सील कर दिया जाएगा। साथ ही, खाद्य कारोबारियों को एफएसएसएआई लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन लेने के निर्देश दिए गए। आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने होटलों और दुकानों को स्वच्छता बनाए रखने और ग्राहकों को शुद्ध खाद्य सामग्री बेचने की हिदायत दी। विभाग ने यह सुनिश्चित करने के लिए सख्त कदम उठाए हैं कि बाजार में बिकने वाले खाद्य पदार्थ सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता वाले हों। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने कहा कि यह अभियान आने वाले समय में भी जारी रहेगा। इस दौरान उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे। मौके पर विभागीय अधिकारी रजनीश और अन्य टीम सदस्य भी मौजूद थे। यह छापामारी अभियान न केवल मिलावटखोरों पर लगाम लगाने का प्रयास है, बल्कि त्योहारों के दौरान उपभोक्ताओं को सुरक्षित और गुणवत्ता वाले खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने की दिशा में एक अहम कदम है। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि लापरवाही बरतने वाले कारोबारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

गणतंत्र दिवस भारत की स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने का प्रतीक है : कुलाधिपति बी एन साह

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

राधा गोविन्द विश्वविद्यालय प्रांगण में 76 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मना

रामगढ़ :राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में 76वां गणतंत्र दिवस बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के माननीय कुलाधिपति महोदय श्री बी.एन. साह , श्रीमती फूलमती देवी, सचिव महोदया सुश्री प्रियंका कुमारी, प्रति कुलपति महोदया प्रो (डॉ) रश्मि ,कुलसचिव प्रो (डॉ.)निर्मल कुमार मंडल , वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य श्री अजय कुमार उपस्थित थे।सभी अतिथियों का स्वागत एनसीसी कैडेट्स ने किया। झंडोतोलन विश्वविद्यालय के माननीय कुलाधिपति महोदय श्री बी. एन. साह ने किया इसके बाद सभी सम्मानित अतिथियों,पदाधिकारियों एवं शिक्षकों ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी और राष्ट्रगान गाया।तत्पश्चात मुख्य अतिथियो ने परेड का निरीक्षण किया।कार्यकम शुभारंभ सम्मानित अतिथियो ने विश्वविद्यालय के संस्थापक स्व. गोविन्द साह एवं स्व. राधा देवी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया।इसके बाद अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिह्न देकर किया गया।सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत कुलसचिव प्रो(डॉ)निर्मल कुमार मंडल के स्वागत उद्बोधन से हुई। अपने उद्बोधन में कहा की गणतंत्र दिवस मनाने का मुख्य लक्ष्य भारतीय संविधान का सम्मान करना एवं देश के स्वतंत्र वीरो को नमन, श्रद्धांजलि एवं कृतज्ञता व्यक्त करना और हमें अपने कर्तव्यों को निभाने का संकल्प लेते है ।विभिन्न विभागों के विधार्थियों ने अपने मार्शल आर्ट ,देश भक्ति गीत, पंजाबी नृत्य,राजस्थानी नृत्य , हरियाणा नृत्य,देश भक्ति नाटक ,नागपुरी नृत्य, खोरटा नृत्य,कथक नृत्य, आदि विभिन्न राज्यों के भाषा ,संस्कृति द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमो से सबका मन मोह लिया। विधार्थियो की प्रस्तुति उत्साहवर्धक एवम आकर्षक रहा । विश्वविद्यालय के माननीय कुलाधिपति महोदय श्री बी.एन. साह ने सभी को लोकतंत्र के महापर्व 76 वां गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी और कहा की गणतंत्र दिवस भारत की स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने का प्रतीक है और हमे हमारे अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करता है।सचिव महोदया सुश्री प्रियंका कुमारी ने अपने संबोधन में कहा की 26 जनवरी के दिन ही हमारे देश में नया संविधान अपनाकर नए युग का सूत्रपात किया गया था।प्रति कुलपति महोदया प्रो (डॉ) रश्मि ने गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई दी और उन्होंने कहा की हमें अपने संविधान का का पालन करते हुए समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करना चाहिए।कार्यक्रम का संचालन डॉ अमरेश पांडे और डॉ पूनम कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। साथ ही शिक्षा विभाग के छात्र मुकेश कुमार एवं प्रगति कुमारी का सहयोग रहा। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ.) अशोक कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम के अंत राष्ट्रगान गाकर किया गया।मौके पर विश्वविद्यालय के सभी संकायाध्यक्ष ,विभागाध्यक्ष, छात्र -छात्राएं , अभिभावकगण , कर्मचारीगण उपस्थित रहे।मिष्ठान वितरण के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ।

चितरपुर महाविद्यालय में आन बान व शान से 76 वें गणतंत्र दिवस मे तिरंगा फहराया गया

रजरप्पा /रामगढ़ ।चितरपुर इंटरमिडिएट कॉलेज एवं डिग्री कॉलेज चितरपुर मे कॉलेज के सचिव सफीक अनवर के द्वारा तिरंगा फहराया गया एवं छात्र-छात्राओं के बीच गणतंत्र दिवस का सन्देश दिया,महाविद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर खेलकूद मे भाग लेने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया राष्ट्रीय गीत की प्रस्तुति की गई इस मौके पर कांग्रेस वरिष्ठ राजकीय नेता शहजादा अनवर, साहिल अनवर बीडीओ चितरपुर दीपक मिंज, थाना प्रभारी नवीन पांडेय, पूर्व प्राचार्य अशोक उपाध्याय, प्राचार्या डॉ संज्ञा,रामचंद्र वर्मा,चित्रगुप्त महतो, सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहें ।

श्री श्याम ज्योति रथ का रामगढ़ जिला में हुआ भव्य स्वागत

कुजू से रामगढ़ तक विभिन्न जगहों पर कार्यक्रम का आयोजन

रामगढ़ । श्री श्याम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा 03 फरवरी से 08 फरवरी तक आयोजित अनुष्ठान हेतु 25 जनवरी को खाटूश्यामजी से श्री श्याम ज्योति ले कर भक्त रामगढ़ के लिए रवाना हुए थे' मंगलवार की देर शाम श्री श्याम ज्योतिरथ का रामगढ़ पहुंचने पर जोरदार स्वागत हुआ' रामगढ़ जिला में प्रवेश करते ही जिला के मांडू प्रखंड में कई स्थानों पर श्री श्याम ज्योति रथ का स्वागत किया गया' श्री श्याम ज्योतिराद का रामगढ़ के सांडी में सर्वप्रथम स्वागत किया गया' इससे पूर्व रथ का चरही और कुजू में भी स्वागत किया गया' शहर के दामोदर पुल के निकट सैकड़ो श्याम भक्तों ने श्री श्याम ज्योति रथ का स्वागत किया' श्री मारवाड़ी महिला समिति के सदस्यों ने श्री श्याम ज्योति रथ का भव्य स्वागत किया ' इसके उपरांत श्री सतनारायण मंदिर के निकट श्री श्याम ज्योति रथ का स्वागत किया गया ' श्री श्याम कंपलेक्स के समक्ष श्री श्याम ज्योतिराद का आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया' इसके उपरांत श्री श्याम ज्योतिरथ मंदिर मार्ग के लिए रवाना हो गई' मंदिर प्रांगण में पहुंचने के बाद श्री श्याम ज्योति रथ शोभा यात्रा का समापन हुआ' इसके बाद श्री श्याम ज्योति एवं विग्रह को श्री सत्यनारायण मंदिर लाया गया ' जहां उन्हें विश्राम दी गई' इससे पूर्व 25 जनवरी को भरतपुर में भव्य स्वागत गिरिराज जी परिक्रमा ग्रुप द्वारा किया गया। रात्रि विश्राम के बाद 26 जनवरी को भव्य श्री ज्योत आरती के साथ भरतपुर के श्याम दिवानो ने कानपुर के लिए प्रस्थान किया गया।26 जनवरी को देर संध्या कानपुर में ज्योति रथ का पच्चास किलो फुलों से स्वागत किया गया'कानपुर में श्री श्याम प्रभु का विषेश श्रृंगार कर संकीर्तन का आयोजन किया गया। प्रातः कानपुर के श्याम प्रेमियों ने श्रृंगार आरती कर डेहरी के लिए प्रस्थान किया। यहां श्री ज्योति रथ के आगमन पर भव्य कीर्तन व प्रसाद का आयोजन हुआ' रामानगर में बालाजी फर्नीचर, रांची रोड में महावीर ओटो, वर्षा मार्बल जिमखाना के सामने भी भव्य स्वागत किया गया । हीरो शो रुम से भव्य शोभायात्रा के रूप रथ सत्यनारायण मंदिर तक ले जाया गया। इस दौरान जगह-जगह ज्योति रथ का फुलों आदि से स्वागत किया गया ।श्री श्याम ज्योति रथ का स्वागत श्री श्याम सेवा ट्रस्ट समिति के द्वारा थाना चौक के हीरो शोरूम के सामने किया गया । श्री श्याम भक्त ज्योति रथ की आरती उतारते हुए पुष्प वर्षा करते हुए भजनों के साथ श्याम प्रभु के विग्रह एवं ज्योति को लेकर झंडा चौक होते हुए चट्टी बाजार , नेहरू रोड होते हुए श्री श्याम मंदिर में ज्योति का रथ के जुलूस का समापन हुआ। अत्यंत उत्साह के साथ श्री श्याम भक्त महिला पुरुष एवं श्याम भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी थी' श्री श्याम ज्योति रथ का रामगढ़ पहुंचने पर स्वागत करने वालों में स्वर अग्रवाल,अनिल गोयल, पथरवा,कमल बगड़िया, शंकर अग्रवाल,विकास अग्रवाल,संजय चौधरी,वासुदेव शर्मा,महेश मारवाह, ओमप्रकाश अग्रवाल,सुरेश बगड़िया, विनय अग्रवाल,सरदार अनमोल सिंह, दिनेश पोद्दार, शिवकुमार अग्रवाल, अशोक अग्रवाल,दीपक मंगलम, सुभाष अग्रवाल

लोहरदगा के कैरों में प्रशासन के दावे हुए बेकार, अवैध बालू खनन का धंधा धड़ल्ले से जारी

लोहरदगा। लोहरदगा जिले के कैरों में जहां एक ओर प्रशासन अवैध खनन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात करता है, वहीं दूसरी ओर कैरो थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोयल नदी में अवैध बालू खनन का सिलसिला बदस्तूर जारी है। खनन माफियाओं का नेटवर्क इस हद तक मजबूत हो चुका है कि प्रशासन के प्रयास इसके सामने नाकाम साबित हो रहे हैं। इस क्षेत्र में अवैध खनन पर रोक लगने के बावजूद, बालू माफियाओं द्वारा नियमों की अनदेखी करते हुए खुलेआम खनन का कारोबार किया जा रहा है। आप खुद देख सकते हैं कि कैसे कई ट्रैक्टर, बिना किसी डर और रोक-टोक के कोयल नदी से बालू का उठाव कर रहे हैं। नदी के किनारे स्थित बालू माफिया इतने शक्तिशाली हो गए हैं कि ग्रामीण भी उनके खिलाफ आवाज उठाने से डरते हैं। इन माफियाओं का इतना खौफ है कि वे बेखौफ होकर नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए बालू का अवैध उठाव कर रहे हैं, और इसका विरोध करने वाला कोई नहीं है। नदी के रुख में हो रहे लगातार बदलाव के कारण इसके पर्यावरणीय प्रभाव भी बढ़ रहे हैं। अवैध खनन के कारण नदी का प्राकृतिक संतुलन बिगड़ता जा रहा है, जिससे जल स्तर, मछलियों की संख्या और आस-पास के खेतों की सिंचाई पर असर पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इन माफियाओं द्वारा अवैध खनन से न केवल नदी का स्वरूप बदल रहा है, बल्कि आसपास की कृषि भूमि और पानी की आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है। इसके बावजूद, प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं, और माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई का अभाव नजर आता है। बालू कारोबारियों के प्रभाव के कारण यहां अवैध खनन का काम हर दिन जारी है। यह सवाल उठता है कि प्रशासन की ओर से कोई सख्त कदम कब उठाए जाएंगे और जब तक ऐसा नहीं होता, तब तक ये खनन माफियाओं का नेटवर्क अपनी ताकत दिखाता रहेगा।

अविराम कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा पंडरा गांव में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ विशेष शिविर

लोहरदगा।अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन, टिको, कुडू, लोहरदगा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मंगलवार को पंडरा गांव में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य समाज में जागरूकता फैलाना था और इसमें विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए, जैसे स्वच्छता, नशामुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य, और माहवारी जागरूकता। शिविर के दौरान प्रशिक्षुओं ने सर्वे किए, दीवार लेखन और चित्रण के माध्यम से मतदान, शिक्षा, और स्वच्छता पर जागरूकता फैलाने वाले पोस्टर तैयार किए, और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। इसके अलावा, स्लेट, चॉक, पेंसिल, कॉपी, पोस्टर, कंबल, और वस्त्र का वितरण किया गया। शिविर के समापन दिवस पर रांची विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक डॉ. बृजेश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने अपने उद्बोधन में अविराम कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की सराहना की और कहा कि पंडरा गांव में मतदान का प्रतिशत काफी अच्छा रहा है और यहां के ग्रामीणों और पदाधिकारियों का सहयोग सराहनीय है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं और हमें समाज और पर्यावरण के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाते रहना चाहिए। इस शिविर के दौरान उत्कृष्ठ कार्य करने वाले स्वयंसेवकों को बिपिन, नेवी, अनुराग, अंकिता और विद्या को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर का समापन कुंदन गिद्ध द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

नगर निगम चला रहा है स्वच्छता अभियान, फिर भी शहर में लगा है गंदगी का अंबार

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

रांची। नगर निगम के नगर आयुक्त ने राजधानी में स्वच्छता अभियान चलाने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया है. शहर की स्वच्छता की समय-समय पर निगरानी करने की भी उन्होंने वरीय अधिकारियों को हिदायत दी है. लेकिन इसके बावजूद, शहर के प्रमुख क्षेत्रों में गंदगी फैली हुई दिखाई दी. अगर मुख्य सड़कों की यह स्थिति है, तो फिर शहर की गली-मोहल्लों की स्थिति का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है.

अल्बर्ट एक्का चौक के पास की सड़क में भी गंदगी की समस्या

मेन रोड स्थित अल्बर्ट एक्का चौक राजधानी का हृदयस्थल है. यहां से महज 10 कदम की दूरी पर एचबी रोड की ओर एक सड़क है, जहां कचरे और गंदगी का अंबार लगा हुआ है. वहां से गुजरने वाले लोग बदबू के कारण अपने मुंह और नाक को रुमाल से ढंक लेते हैं. नगर निगम को इस दिशा में ध्यान देने की आवश्यकता है.

कभी-कभी होती है सफाई

मेन रोड स्थित अंजुमन प्लाजा के पास भी गंदगी का अंबार लगा है. गाड़ियों और लोगों के कदमों से यह कचरा सड़क पर फैल रहा है. स्थानीय निवासियों ने कहा कि नगर निगम की ओर से कभी सफाई होती है, तो कभी नहीं, जिसके कारण यह स्थिति बनी हुई है.

गंदगी की समस्या

मेन रोड से कुछ ही दूरी पर डॉ. फतेउल्लाह रोड में भी जगह-जगह कचरे के ढेर लगे रहते हैं. यहां के निवासियों का कहना है कि नगर निगम की लापरवाही के कारण क्षेत्र में गंदगी फैलती है. क्षेत्र के अथर इमाम ने कहा कि गंदगी की समस्या है और नगर निगम को इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है.

निगम को नालों की सफाई की आवश्यकता

कर्बला चौक निवासी अब्दुल खालिद ने बताया कि यहां पानी की निकासी की समस्या है. लगभग पांच महीने से नाली की सफाई नहीं हुई है, जिससे नाली पूरी तरह से जाम हो गई है. इसके कारण अक्सर नाली का पानी सड़क पर भर जाता है, जिससे लोगों का आना-जाना मुश्किल हो जाता है. नगर निगम को नालों की सफाई करवाने की आवश्यकता है.

निगम को ध्यान देने की आवश्यकता

चर्च रोड स्थित नाजिर अली लेन में नाले की स होने के कारण गंदा पानी सड़क पर फैल रहा है. क्षेत्र के मो मोख्तार उर्फ लालू ने बताया कि गंदगी के कारण लोगों का चलना-फिरना मुश्किल हो गया है. नगर निगम के सफाई वाहन आते हैं, लेकिन आधे-अधूरे काम के बाद चले जाते हैं. इस पर गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता है.

कोयला के प्रदूषण से तालाब का पानी हो गया जहरीला, मर रहे मवेशी, खेती हो रही नष्ट

रांची। केरेडारी चट्टी बारियातू कोयला खनन परियोजना से प्रदूषण की मार से चट्टी गांव के कई तालाबों का पानी प्रदूषित हो चुका है. पानी जहरीला हो गया है. कभी इस तालाब का पानी नहाने धोने से लेकर सिंचाई कार्य में प्रयुक्त किया जाता था. खेती बारी में सिंचाई के लिए तालाब का पानी उपयोग होता था. जब से कोयला खनन का कार्य शुरू हुआ है, कोयले की धूल ने तालाब को अपनी चपेट में ले लिया. तालाब का अस्तित्व ही मिटा दिया. इसी चट्टी बारियातू कोयला खनन परियोजना में प्रदूषण का प्रभाव इस कदर है कि आदिम जनजाति परिवार के किरनी बिरहोर और दुर्गा बिरहोर की मौत हो गई. गांव के बुजुर्ग लोग दमा बीमारी की मार झेल रहे हैं. अनुसूचित जाति जनजाति आयोग में दोनों की मौत को लेकर मामला भी दर्ज किया गया है. मानवाधिकार आयोग ने जनजातीय समुदाय के मौत को काफी गंभीरता से लिया है. एक रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले दिनों गांव के नागो महतो की दो गाय जिसमें एक गर्भवती थी, उन दोनों की मौत बढ़ते प्रदूषण के कारण हो गई.

प्रभावित लोगों की पहचान की जा रही

अब गांवों में कैंप लगाकर खांसी दमा से प्रभावित लोगों की पहचान की जा रही है. चट्टीबारियातू माइंस क्षेत्र के मुखिया झरीलाल महतो ने प्रदूषण को लेकर बताया है कि माइंस एरिया से बाहर लगी फसल प्रदूषण के कारण नष्ट हो रहा है. एनटीपीसी सारे नियम कानून को ताक में रखकर 45 मीटर से 60 मीटर ऊंचाई तक ओबी भर दे रहा है. इससे भी प्रदूषण फैल रही है. ग्राम वासी फैलती हुई बीमारी के चलते बस्ती खाली कराने को बोल रहे हैं. लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है.

2500 घूस लेने वाले सीसीएल के दो क्लर्कों को तीन-तीन साल की सजा

रांची। रांची सीबीआई की स्पेशल कोर्ट ने रिश्वत लेने के आरोपी सीसीएल रामगढ़ के तत्कालीन अपर डिवीजन क्लर्क दिलीप कुमार और सेवानिवृत्त क्लर्क सुरेश कुमार को दोषी पाकर तीन-तीन वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है. इसके साथ दी कोर्ट ने दोनों दोषियों पर 5-5 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया है. कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि जुमार्ने की राशि नहीं देने पर दोषियों को दो माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी. सीबीआई की चार्जशीट के मुताबिक दोनों सीसीएल के एक कर्मचारी की एरियर देने की प्रक्रिया पूरी करने के एवज में 2500 रुपए रिश्वत की मांग की थी. जिसकी शिकायत सीसीएलए के कर्मचारी विदेशिया घासी ने 21 फरवरी 2019 को की थी. उसकी शिकायत पर सीबीआई टीम ने दूसरे दिन रिश्वत की राशि के साथ गिरफ्तार किया था.

सरला बिरला पब्लिक स्कूल में यातायात सुरक्षा कार्यशाला

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

रांची। सरला बिरला पब्लिक स्कूल ने युवा छात्रों के बीच सड़क सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए एक सूचनात्मक और इंटरैक्टिव कार्यशाला की मेजबानी की. इस कार्यशाला का नेतृत्व स्थानीय यातायात विभाग एवं पुलिस विभाग के यातायात अधिकारियों ने किया. इस सत्र का उद्देश्य छात्रों को सड़क सुरक्षा और सुरक्षित ड्राइविंग आदतों के महत्व की जानकारी देनी थी. कार्यशाला में सड़क सुरक्षा के प्रमुख पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें पैदल यात्रियों की सुरक्षा, सुरक्षित साइकिल चलाना, यातायात संकेतों को समझना और लापरवाह ड्राइविंग के परिणाम शामिल हैं. छात्रों को यह भी सिखाया गया कि सड़क पार करते समय कैसे सतर्क रहें और सीट बेल्ट पहनने का महत्व क्या है. मुख्य वक्ताओं में यातायात विभाग के डीएसपी, प्रमोद केशरी, लालपुर पुलिस स्टेशन के प्रभारी इम्तियाज आलम और सड़क सुरक्षा प्रभारी जमाल असलम खान शामिल थे. इन्होंने इस बात पर चर्चा की कि छात्र सड़कों की सुरक्षा में सक्रिय रूप से कैसे योगदान दे सकते हैं. छात्रों को प्रश्न पूछने, व्यक्तिगत अनुभव साझा करने और लाइव प्रदर्शनों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया. जमाल ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई. इससे पहले, विद्यार्थियों और अध्यापकों को यातायात सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए प्रभात फेरी का भी आयोजन किया गया. प्राचार्या परमजीत कौर ने इस आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उनका मानना है कि कम उम्र में सड़क सुरक्षा सिखाना जिम्मेदार आदतें पैदा करने के लिए आवश्यक है जो जीवन भर बनी रहेंगी. उन्होंने सड़क पर और बाहर छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में उनके प्रयासों व बहुमूल्य समय देने के लिए यातायात अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया.

पथ निर्माण के इंजीनियरों ने सिरमटोली सरना स्थल के पास फ्लाईओवर का किया मुआयना, बदल सकता है डिजाइन

रांची। पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता रांची विनोद कच्छप सहित इंजीनियरों की टीम ने सिरमटोली सरना स्थल के पास निरीक्षण किया और आदिवासी संगठनों के नेताओं के साथ वार्ता भी की. कार्यपालक अभियंता ने बताया कि सरना स्थल आस्था का प्रतीक है, इसलिए वहां की बाउंड्री को हटाने का निर्णय नहीं लिया गया है. इसके बजाय, सिंगल स्पैम तकनीक के जरिए फ्लाईओवर को निकाला जाएगा, जिससे किसी को भी परेशानी नहीं होगी.

जल्द ही होगा डिजाइन तैयार

कार्यपालक अभियंता ने बताया कि जल्द ही इसका डिजाइन तैयार करके विभाग के अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुतिकरण किया जाएगा. वहां से मंजूरी मिलते ही इस पर काम प्रारंभ होगा. बताते चलें कि सिरमटोली-मेकॉन फ्लाईओवर के लिए सरना स्थल की जमीन अधिग्रहण की बात चल रही थी, जिसका विरोध आदिवासी संगठनों ने किया था और कंपनी को तत्काल वहां पर काम बंद कराने को कहा था.

21 लाख से अधिक बच्चों की तैयारियां हो रही हैं प्रभावित, अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का पद है खाली

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

रांची। राणा प्रताप : झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) में 18 जनवरी को अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का कार्यकाल समाप्त होने के बाद से उक्त दोनों पद खाली पड़े हैं. इस वजह से जैक द्वारा प्रस्तावित परीक्षाओं के आयोजन पर संशय खड़ा हो गया है. 8वीं से 12वीं तक होने वाली बोर्ड परीक्षाओं में 21,84,248 बच्चों को शामिल होना है. परीक्षा के आयोजन पर संशय से इन बच्चों की परीक्षा की तैयारियां प्रभावित हो रही हैं.

10वीं और 12वीं परीक्षा के आयोजन को लेकर ऊहापोह की स्थिति

अपरिहार्य कारण बताते हुए जैक ने 8वीं और नौवीं की परीक्षाएं स्थगित कर दी है. अब 10वीं और 12वीं की वार्षिक परीक्षा के आयोजन को लेकर ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है. मैट्रिक बोर्ड का एडमिट कार्ड 25 जनवरी से डाउनलोड होना था, जो सोमवार तक डाउनलोड नहीं हो सका. वहीं, 12वीं (इंटर) की वार्षिक परीक्षा के 28 जनवरी से एडमिट कार्ड डाउनलोड होना है.

परीक्षा की तिथि में हुआ बदलाव तो दूसरे परीक्षाओं की तिथि से बढ़ जाएगी टकराव की आशंका

आशंका है कि 12वीं का भी एडमिट कार्ट डाउनलोड नहीं हो पायेगा. बताया जाता है कि अगर प्रवेश पत्र निर्धारित समय में डाउनलोड नहीं होता है, तो परीक्षा संबंधी कई समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं और परीक्षा बाधित होने की संभावना बढ़ जाती है. प्रवेश पत्र का मिलान शिक्षण संस्थान अपने रिकॉर्ड से करते हैं कि किसी विद्यार्थी का प्रवेश पत्र छूटा तो नहीं है, किसी में त्रुटि तो नहीं है. इसका संधारण पंजी में किया जाता है और संबंधित छात्र-छात्राओं को दिया जाता है. इस पूरी प्रक्रिया में समय लगता है. सीबीएसइ, आइसीएससी की भी परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं. इंजीनियरिंग, मेडिकल सहित बहुत सी परीक्षाएं होनेवाली हैं. अगर परीक्षा तिथि में बदलाव होगा, तो अन्य परीक्षाओं की तिथि से टकराव होने की आशंका बढ़ जायेगी.

हरमू मुस्लिम पंचायत के पूर्व सदर शहादत हुसैन का निधन, मिट्टी में उमड़ी हजारों की भीड़



रांची। हरमू मुस्लिम पंचायत के पूर्व सदर मो शहादत हुसैन (78) वर्षीय का सोमवार को मगरिब के बाद निधन हो गया. वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे. उनके निधन की खबर मिलते ही उनके अपने, पराये, दोस्त अहबाब, दूर दराज के रिश्तेदार समेत मुहल्लेवासियों का तांता लगने लगा. उनकी एक झलक पाने के लिये लोगों का मजमा देर रात जुटता रहा. कुछ रिश्तेदार झारखंड के बाहर के थे, इसलिये उनकी मिट्टी उस दिन रोक कर मंगलवार को जोहर की नमाज के बाद हरमू कब्रिस्तान में हुई.जनाजे की नमाज हरमू नूरानी मस्जिद के इमाम व खतीब मौलाना उमर फारुक ने पढ़ाई. जनाजे में पूर्व पार्षद अरुण कुमार झा, आमया संगठन के अध्यक्ष एस अली, हरमू मुस्लिम पंचायत के सेक्रेट्री महताब अहमद फारुकी, हाजी अब्दुल रज्जाक, हाजी दिल मोहम्मद, जमात के साथी मो जफर, मो भोला, मो अलाउद्दीन, मो सरफुल, मो नईम, मेराज अंसारी, अमित कुमार, दीलिप कुजूर समेत दिल्ली, जमशेदपुर, रामगढ़, खूंटी, सुकुरहुट्टु, रातू, मांडर, ब्रहंबे, इटकी, नवासराए, बाढू, ढीपाटोली, नगड़ी समेत हजारों लोग शरीक हुए. वे अपने पीछे धर्म पत्नी, तीन बेटे मोनू शाहिद हुसैन, सोनू जाहिद हुसैन, अरशद हुसैन, दो बेटी समेत नाती पोतों से भरा पूरा परिवार छोड़ गये.

वीरगांव मे लगा भव्य टुसु मेला,राजा पीटर और रोशन महतो हुए शामिल

तमाड । बीर बिराट टुसु मेला बीरगांव में लोगो की भारी भीड़ उमड़ पड़ी मेले में दर्जनों टुसु चौड़ल,टीमों ने अपनी नृत्य के साथ कला का प्रदर्शन किया।और एकदिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता व तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता व मुर्गा लड़ाई का भी आयोजन किया गया।सभी चौड़ल टीमो को अतिथियों के द्वारा पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। फुटबाल प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जोजोडीह और द्वितीय पुरस्कार जिलींगसेरेंग की टीम को दिया गया।मेले में मुख्य अतिथि पुर्व मंत्री राजा पीटर और विशिष्ट अतिथि के तौर पर बिरसा विकास समिति के विधानसभा प्रभारी रोशन महतो उपस्थित थे। अतिथियों ने लोगों को टुसु परब की शुभकामनाएं दीं।इससे पहले मेला का उद्घाटन समाजसेवी नीतीश पांडेय और पूर्व मुखिया ललित मुंडा ने मैदान पर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।मेले को वीरगांव उपमुखिया जोगन महतो गणेश सिंह मुंडा गोबरा दास सुभाष महतो बैद्यनाथ मुंड़ा जगतपाल स्वांसी धनंजय गोंझु दुर्योधन कुम्हार और समाजसेवी संतोष यादव ने भी संबोधित किया।मेला में बने मंच का संचालन नीतीश पांडे और मनोज महतो ने किया वही धन्यवाद ज्ञापन प्रेम महतो ने दिया। मेले को सफल बनाने के लिए युवाओ के द्वारा एक पखवाडे से मेहनत किया जा रहा था।मेला को सफल बनाने में मेला कमिटी के अनुज महतो प्रेम महतो अशोक स्वांसी धनंजय दास प्रकाश महतो गुरुआ महतो रामा दास राम मुंडा दुर्जो कुम्हार विक्रम स्वांसी डोमा स्वांसी जगतपाल स्वांसी आमीन गोंझु राजेश महतो पुरेन महतो मुकेश महतो सुभाष महतो एतवा मुंडा उमेश चन्द्र महतो सुभाष महतो जगतपाल स्वांसी आमीन गोंझू लखिन्दर महतो मोहन महतो गोबरा दास गुरूचरण मुण्डा सहीत सभी वीरगाव के जनप्रतिनिधि व आस पास के ग्रामीणो का सहयोग रहा।।* बताते चले कि इससे पहले आयोजन मंडली ने बैंड पार्टी और नारो के साथ माला पहना के अतिथियो का बेहतरीन स्वागत किया

कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने शिक्षा कैलेंडर किया जारी, इन आवासीय विद्यालयों में इस तारीख से सत्र शुरू करने का दिया निर्देश

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

रांची-झारखंड के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने मंगलवार को शिक्षा कैलेंडर जारी किया. उन्होंने निर्देश दिया कि सभी एकलव्य मॉडल एवं आश्रम विद्यालयों को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की तर्ज पर संचालित कराएं. मोरहाबादी स्थित कल्याण कॉम्प्लेक्स में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में नामांकन और विद्यार्थियों के अध्ययन से संबंधित कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए. उन्होंने आदिवासी कल्याण आयुक्त को निर्देश दिया कि 1 मई 2025 से झारखंड में कुल 59 एकलव्य मॉडल विद्यालयों में कक्षा 6 से 8 तक के जनजातीय बच्चों का नामांकन कार्य पूर्ण करते हुए अध्यापन कार्य सुनिश्चित करें.

शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक परिवर्तन लक्ष्य-चमरा लिंडा

मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि पहले झारखंड में मात्र 7 एकलव्य मॉडल विद्यालय संचालित थे. इसमें पूरे राज्य के अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों का नामांकन किया जाता था. ऐसी व्यवस्था से बड़ी संख्या में जनजातीय वर्ग के बच्चे शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाते थे. उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि कल्याण विभाग द्वारा संचालित सभी एकलव्य मॉडल एवं आश्रम विद्यालयों को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की तर्ज पर संचालित किया जाना सुनिश्चित करें. मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जनजातीय बच्चे-बच्चियों के शिक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति गंभीरता से कार्य कर रही है. शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाना सरकार का लक्ष्य है.

गृह जिले के विद्यालय में स्थानांतरित करने का विकल्प देने का निर्देश

मंत्री चमरा लिंडा ने पूर्व के नामांकित छात्र-छात्राएं, जो अपने गृह जिला से दूर के विद्यालय में अध्ययनरत हैं (वर्ग-09 एवं 10 को छोड़कर), उन्हें उनके गृह जिले के एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में स्थानांतरित करने का विकल्प देने का निर्देश दिया. मंत्री ने यह विकल्प 15 से 25 फरवरी 2025 तक प्राप्त कर लिए जाने का निर्देश दिया है. मंत्री ने विकल्प के आधार पर उत्पन्न होने वाली रिक्तियों का समायोजन कक्षावार अप्रैल 2025 के लिए नामांकन के क्रम में पूरे कर लिए जाने का निर्देश दिया. मौके पर कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा, प्रोजेक्ट निदेशक संजय भगत, उपनिदेशक धीरेंद्र सिंह, उपसचिव बिनोद बिहारी बांके एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

शिक्षा कैलेंडर इस प्रकार है-

1, 8 एवं 15 फरवरी 2025-विज्ञापन प्रकाशन

5 से 28 फरवरी 2025-EMRS नामांकन फॉर्म भरा जाएगा

9 मार्च 2025-प्रवेश परीक्षा

28 से 25 मार्च 2025-रिजल्ट प्रकाशन

एक से 10 अप्रैल 2025-काउंसलिंग

10 से 20 अप्रैल 2025-नामांकन प्रक्रिया पूरी करना

25 अप्रैल 2025-सभी विद्यार्थियों का स्कूल में प्रवेश

1 मई 2025 झ कक्षा (सत्र) प्रारंभ

वीरेंद्र राम के भाई आलोक रंजन को नहीं मिली बेल

रांची। टेंडर घोटाला के जरिए करोड़ों रुपए की मनी लाउंड्रिंग करने के आरोपी वीरेंद्र राम के भाई आलोक रंजन को बड़ा झटका लगा है. रांची PMLA (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लाउंड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट ने उसे बेल देने से इंकार करते हुए उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी है. पिछले सोमवार 20 जनवरी की सुनवाई के दौरान अदालत ने ED और बचाव पक्ष की बहस सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था. इससे पहले इसी केस के अन्य अभियुक्तों को बेल देने से ट्रायल कोर्ट इंकार कर चुका है. पूर्व मंत्री आलमगीर आलम उनके ओएसडी संजीव लाल समेत अजय अभियुक्त फिलहाल जेल में हैं.

पूर्व रेलवे मालदा मंडल ने मनाया 76 वां गणतंत्र दिवस,मंडल रेल प्रबंधक मालदा ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

साहिबगंज(उजाला)। पूर्व रेलवे के मालदा मंडल द्वारा मालदा के लक्षण सेन स्टेडियम में 76 वां गणतंत्र दिवस बड़े उत्साह और देशभक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मालदा के मंडल रेल प्रबंधक श्री मनीष कुमार गुप्ता ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और आरपीएफ (RPF) टुकड़ी द्वारा प्रस्तुत गार्ड ऑफ ऑनर प्राप्त किया।रेलकर्मियों और उनके परिवार के सदस्यों को संबोधित करते हुए, डीआरएम/मालदा मनीष कुमार गुप्ता ने एक मजबूत, आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में मालदा मंडल के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने परिचालन उत्कृष्टता प्राप्त करने और राष्ट्र की सेवा करने के प्रति उनके समर्पण और प्रतिबद्धता को स्वीकार किया।पिछले वर्ष की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए, डीआरएम मालदा ने भागलपुर और हावड़ा के बीच अत्याधुनिक सेमी-हाई-स्पीड वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरूआत का उल्लेख किया, जिसे 16 सितंबर 2024 को माननीय प्रधान मंत्री द्वारा हरी झंडी दिखाई गई थी। इस ट्रेन ने पश्चिम बंगाल और बिहार के बीच कनेक्टिविटी को काफी बढ़ाया है। इसके अतिरिक्त, मालदा मंडल ने साहिबगंज-हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस का उद्घाटन किया और तिनपहाड़ और राजमहल सेक्शन के बीच मुरली हॉल्ट स्टेशन को फिर से खोला गया।पिछले वर्ष की तुलना में मालदा मंडल ने माल लदान में उल्लेखनीय 17.62% की वृद्धि हासिल की है, जो अपने लक्ष्य से काफी अधिक है। 20% वृद्धिशील लोडिंग लक्ष्य भी हासिल किया गया, जो डिवीजन के मजबूत प्रदर्शन और परिचालन दक्षता को दशार्ता है। मालदा मंडल के लिए सुरक्षा एक प्राथमिकता रही है, जिसमें वर्ष के दौरान कुल 71 सुरक्षा सेमिनार, 30 सुरक्षा अभियान, 587 नाइट-फुट प्लेट निरीक्षण और एक पूर्ण पैमाने पर मॉक ड्रिल आयोजित की गई।यात्री सुविधाओं को बढ़ाने के लिए, कई पहलों को लागू किया गया, जिसमें जमालपुर स्टेशन पर एस्केलेटर की शुरूआत, 22 स्टेशनों पर वाटर कूलर की व्यवस्था और 54 स्थानों पर मोबाइल पर क्यूआर - कोड - आधारित यूटीएस (UTS) की स्थापना शामिल है। कई स्टेशनों पर कोच इंडिकेशन बोर्ड (CIB) लगाए गए, साथ ही 8 स्टेशनों पर इनडोर वीडियो वॉल लगाए गए, जिससे यात्रियों को बेहतर अनुभव मिला। प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी (CCTV) कैमरे लगाने और पांच नॉन - इंटरलॉक्ड लेवल क्रॉसिंग गेटों को आपस में जोड़ने से सुरक्षा और संरक्षा को भी मजबूत किया गया।पर्यावरणीय स्थिरता के लिए सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप, मालदा डिवीजन ने महत्वपूर्ण हरित पहल की। ₹स्वच्छता ही सेवा₹ और ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ अभियानों के तहत 1,15,000 से अधिक पेड़ लगाए गए। छह स्टेशनों पर कुल 45 किलोवाट की क्षमता वाले सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए गए, जो अक्षय ऊर्जा के प्रति डिवीजन की प्रतिबद्धता और इसके कार्बन फुटप्रिंट को कम करने को दशार्ता है।स्वास्थ्य सेवा पहलों को भी प्राथमिकता दी गई, जिसमें सफाईवालों और अन्य कर्मचारियों के लिए गहन स्वास्थ्य जांच का आयोजन किया गया। डॉक्टरों, नर्सों और पैरामेडिक्स सहित चिकित्सा कर्मचारियों के अथक प्रयासों ने रेलवे कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए सर्वोत्तम उपचार सुविधाएं सुनिश्चित कीं। डीआरएम/मालदा श्री मनीष कुमार गुप्ता ने पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन (ERWWO), मालदा की भी उनके सराहनीय कार्य के लिए सराहना की, जिसमें टीबी को खत्म करने और पोषण सहायता के साथ वंचित रोगियों का समर्थन करने में उनका योगदान शामिल है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर, उत्कृष्ट विभागों और कर्मचारियों को विभिन्न क्षेत्रों में उनके अनुकरणीय योगदान के लिए ट्रॉफी, पदक, प्रशंसा प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समारोह में श्री शिव कुमार प्रसाद, एडीआरएम/मालदा,सीपीएम/जीएसयू/मालदा श्री आर.वी. नागराले, शाखा अधिकारी, स्काउट और गाइड की टीम तथा अन्य रेलवे कर्मचारी शामिल हुए।कार्यक्रम का समापन प्रगति, परिचालन दक्षता और राष्ट्र के प्रति सेवा के उच्चतम मानकों की पुष्टि की प्रतिबद्धता के साथ हुआ। मालदा डिवीजन यात्री सुविधाओं को बढ़ाने, पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने और रेलवे परिचालन में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए समर्पित है।

मुखिया प्रतिनिधि फिटु पठान एवं पूर्वी प्राणपुर पंचायत के मुखिया ने गरीब, असहाय लोगों के बीच किया कंबल का वितरण

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

उधवा/साहिबगंज (उजाला)। प्रखंड के दक्षिण सरफराजगंज पंचायत व पूर्वी प्राणपुर पंचायत भवन में मंगलवार को गरीब असहाय व दिव्यांगों के बीच कंबल वितरण किया गया। जानकारी के अनुसार दक्षिण सरफराजगंज पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि फिटु पठान ने 105 लोगों के बीच किया कंबल का वितरण।वही पूर्वी प्राणपुर के मुखिया अता उर के नेतृत्व में करीब 100 लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। दक्षिण सरफराजगंज पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि फिटु पठान ने करीब दर्जनों गरीब असहाय,वृद्ध व दिव्यांग के बीच कंबल वितरण किए। इस मौके पर लोगों की भीड़ उमड़ गई। इस दौरान कंबल पाकर लोग काफी खुश नजर आए। इस दौरान मुखिया प्रतिनिधि फिटु पठान ने कहा कि ठंड के मौसम में गरीब,असहाय लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही थी। कहा कि गरीबों के पास पर्याप्त संसाधन न होने से वह ठिठुर रहे है। ऐसे में कंबल वितरण से ठंड से बचने में काफी मदद मिलेगी। वही पूर्वी प्राणपुर पंचायत के मुखिया अताउर शेख ने कहा कि करीब 100 लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया है। कहा कि ठंड के मौसम में गरीब असहायों को काफी परेशानी होती है। ठंड को देखते हुए कंबल वितरण किया गया है। कहा कि मैं ऐसे लोगों की मदद करने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहता हूं। गरीबों की सेवा पुण्य का काम है। गरीबों की सहायता ही सच्ची सामाजिक सेवा है। मौके पर वार्ड सदस्य भरत प्रमाणिक, सकल देव मंडल, अकमल शेख, मोफिजुद्दीन शेख ,हसरूल शेख, बादशाह शेख, सैदुल रहमान मोजाहिर शेख समेत अन्य लोग मौजूद थे।

पड़ैयाहाट थाना पुलिस बरहेट पहुंचकर कुंडली गांव में चिपकाए इश्तिहार

बरहेट/साहिबगंज(उजाला)।थाना क्षेत्र के कुंडली गांव में मंगलवार को गोड्डा जिले के पोडेयाहाट थाना पुलिस बरहेट कुंडली पहुंचकर एक घर में इश्तहार चिपकाए।इस दौरान पोडेयाहाट थाना एस आई राजेश कुमार ,बरहेट थाना प्रभारी पवन कुमार समन्वय स्थापित कर गांव पहुंचे।जहां डुगडुगी बजाकर गांव के अहिल्या देवी पति माणिक यादव एवम पूरबी देवी पति राजेश यादव के घर पर इश्तिहार चिपकाए।जानकारी देते हुए बताया कि पोडेयाहाट थाना में बीते वर्ष किसी मामले को लेकर 94/24 के तहत प्राथमिकी दर्ज हुआ था।वही न्यायालय के निर्देश पर इश्तिहार चिपकाए गया है।मौके पर अन्य पुलिस बल मौजूद थे।

जीजा पर लगा हत्या किए जाने का संगीन आरोप,राधानगर पुलिस ने एक को भेजा जेल

उधवा/साहिबगंज (उजाला)। राधानगर थाना क्षेत्र के दक्षिण बेगमगंज पंचायत के मिरनगर गांव में सोमवार को एक विवाहिता का शव कमरे के अंदर से फंदे में लटका हुआ बरामद किया है। मामले को लेकर मृतिका के भाई श्यामलाल कुमार ने राधानगर थाना में आवेदन देकर अपने जीजा उदय मंडल पर हत्या करने का संगीन आरोप लगाया था। पुलिस को बताया था कि उदय मंडल ने ही अपनी पत्नी सुमन कुमारी का गला दबाकर हत्या की है। उसके बाद आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को फंदे से लटका दिया है। वही पुलिस ने मृतिका के भाई श्यामलाल कुमार के बयान पर कांड संख्या 28/25 के तहत आरोपी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। वही केस के अनुसंधानकर्ता एसआई हसनैन अंसारी के नेतृत्व में छापेमारी कर उदय मंडल को गिरफ्तार कर लिया गया और मंगलवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

विद्यायक प्रतिनिधि ने विधायक कक्ष में लगाया जनता दरबार,समस्याओं का किया समाधान

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

बरहरवा/साहिबगंज(उजाला)। पाकुड़ विधानसभा विधायिका निसात आलम के निदेर्शानुसार मंगलवार को बरहरवा प्रखंड के विभिन्न पंचायत से आए आम जनों की समस्याओं से रूबरू होते हुए कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान जनता दरबार के माध्यम से लोगों की समस्याओं से अवगत होकर समाधान करने का प्रयास किया,मिली जानकारी के अनुसार बरहरवा प्रखंड के सातगाछी,गणेशपुर,मिजार्पुर,रामनगर, पलासबोना,श्रीकुंड एवम नगर पंचायत से आए दर्जनों महिलाओं ने विधायक कक्ष में मईया सम्मान योजना का आवेदन ऑनलाइन होने के बावजूद भुगतान न होने की शिकायत विधायक प्रतिनिधि से किया। बरकत खान ने संबंधित अधिकारी से वातार्लाप किया आश्वासन दिया गया कि वर्तमान समय में पोर्टल बंद है जैसे ही पोर्टल खुलेगा समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।साथ ही बिजली,अबुवा आवास,पेंशन का भुगतान नहीं होने तथा अंचल से संबंधित समस्या को लेकर भी आम जन उपस्थित हुए,प्राप्त शिकायत पर आवश्यक कार्रवाई करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही फरीदपुर निवासी पालू शेख पिता स्व कासन्द शेख जो विकलांग है का वैसाखी जो पुराना एवं टूट गया था बरकत खान ने नया बैसाखी व कम्बल तुरंत उपलब्ध कराते हुए उसके चेहरे पर मुस्कुराहट लाने का काम किया।इसके लिए पालू सेख ने विधायक प्रतिनिधि को धन्यवाद दिया।

फर्जी एसीबी अफसर बनकर ठगी करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार,भेजा जेल

साहिबगंज(उजाला)।कोटालपोखर थाना पुलिस ने फर्जी अफसर बनकर उगाही करने वाले गिरोह का पदार्फाश करने में सफलता हासिल की है,मिली जानकारी के अनुसार कोटालपोखर थाना क्षेत्र में सोमवार को एंटी करप्शन ब्यूरो का फर्जी अफसर बनकर पैसा उगाही कर रहे तीन युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।उक्त मामले को लेकर बड़ा सोनाकड के पंचायत समिति सदस्य के पति शकीलू जमाल अंसारी ने कोटालपोखर थाना में आवेदन देकर बताया है कि शनिवार को मोबाइल पर फोन कर तीन युवक नवजीत कुमार साहा उर्फ माना कोटालपोखर,प्रीतम कुमार दास बड़हरवा एवं आयुष कुमार बड़हरवा ने कोटालपोखर शांति चौक बुलाया और कहा कि तुम्हारा एक बीडीओ मेरे पास है पैसा दो नहीं तो गिरफ्तार कर लेंगे । प्राप्त जानकारी के अनुसार तीनों खुद को एसीबी इंचार्ज बताकर कोटालपोखर क्षेत्र में संचालित पत्थर खानो एवं कर्सर संचालकों से ठगी करने की शिकायत कुछ दिनों से स्थानीय व्यवसायियों और लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ था।इन शातिर ठगों ने फर्जी कार्ड का सील ठप्पा ऐसा तौयार किया था कि कार्ड देखकर किसी को भी यकीन हो जाता था कि ये सब एसीबी का अफसर है।कोटालपोखर थाना प्रभारी चन्दन कुमार भैया ने बताया कि इसकी सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों फर्जी अफसर बनकर पैसा के ठगी करने वाले के विरुद्ध कांड संख्या 16/25 दर्ज कर तीनों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत राजमहल भेज दिया गया है ,साथ ही मामले की छानबीन अभी जारी है।

गणतंत्र दिवस परेड नई दिल्ली में वाटर वरियर्स विशेष अतिथि के रूप में जिले एवं राज्य का प्रतिनिधित्व किया आंचल कुमारी एवं अमन कुमार होली

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

साहिबगंज(उजाला)। शहर के कालेज रोड चैतीदुर्गा निवासी अशोक कुमार साह और शोभा देवी के पुत्र एवं पुत्री आंचल कुमारी एवं अमन कुमार होली को नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस परेड 2025 में साहिबगंज जिले एवं राज्य का प्रतिनिधित्व किया।वाटर वॉरियर्स विशेष अतिथि के रूप में गंगा प्रहरी अमन कुमार होली एवं आंचल कुमारी ने गंगा स्वच्छता और जलीय जीव संरक्षण के क्षेत्र में अपने दिए योगदान के कारण जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा विशेष अतिथि के रूप में एनएमसीजी द्वारा इन्हें नामित किया गया था।आंचल कुमारी भारतीय वन्य जीव संस्थान देहरादून से बर्ड गाइड के रूप में प्रशिक्षित हैं साथ ही साथ गंगा स्वच्छता और जैविक विविधता संरक्षण में गंगा प्रहरी के रूप में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।उन्होंने साहिबगंज महाविद्यालय साहिबगंज से भौतिक शास्त्र में परास्नातक किया है।वाटर वॉरियर्स के रूप में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा नई दिल्ली में इन्हें विशेष सम्मान दिया गया मौके पर अमन कुमार होली ने बताया कि गंगा स्वच्छता एवं जलीय जीव संरक्षण तथा गंगा घाटों की सफाई व जलज कार्यक्रम भारतीय वन्यजीव संस्थान के साथ मिलकर स्थानीय जन समुदायों के आजीविका के लिए विशेष रूप से योगदान हेतु जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।साथ हील्ल रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के द्वारा भी उनके आवास में उपहार प्रदान करके सम्मानित किया गया।गंगा प्रहरियों से संवाद व अनुभव साझा करके शिष्टाचार भेंट की।मौके पर अमन ने बताया कि उन्हें इंडिया गेट,राजघाट तथा राष्ट्रीय समर स्मारक का भी भ्रमण करवाया गया।हमने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की समाधि स्थल राजघाट में भी श्रद्धासुमन अर्पित किए।गंगा प्रहरी आंचल कुमारी ने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह भारत की राष्ट्रीय अस्मिता और स्वतंत्रता की अक्षुण्णता को बनाए रखने तथा समस्त भारत के विविधता में एकता की पहचान को पूरे विश्व के समक्ष प्रस्तुत करता है।हमारे लिए यह गौरव का क्षण है कि मैंने भारत की राष्ट्रीय पर्व में अपने राज्य का प्रतिनिधित्व किया।आंचल एवं अमन दोनों ने ही नमामि गंगे प्रोजेक्ट के जिला एवं राज्य के सभी पदाधिकारियों को आभार व्यक्त किया साथ हीं भारतीय वन्य जीव संस्थान की प्रोजेक्ट हेड,एकता शर्मा,गंगा प्रहरी ट्रेनर मुकेश देवरारि,क्लस्टर लीडर व गंगा प्रहरी राजेश कुमार सिन्हा तथा जिला परियोजना पदाधिकारी अमित मिश्रा को भी धन्यवाद दिया।

जिला शिक्षा अधीक्षक ने किया विद्यालयों का निरीक्षण, दी छात्रों को बेहतर परिणाम की प्रेरणा



साहिबगंज(उजाला)।बरहेट प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय डोरांय सहित विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण करते हुए जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष ने शैक्षणिक गुणवत्ता और व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालयों के 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों से संवाद स्थापित कर उन्हें बेहतर परिणाम के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों को नियमित अध्ययन, अनुशासन, और समय प्रबंधन के महत्व पर जोर दिया।निरीक्षण के दौरान एमडीएम (मध्याह्न भोजन योजना) की व्यवस्था की समीक्षा की गई। पदाधिकारियों ने भोजन की गुणवत्ता और समय पर वितरण की जानकारी ली। साथ ही, शिक्षक एवं छात्रों की उपस्थिति का गहन मूल्यांकन किया गया। कुमार हर्ष ने शिक्षकों से विद्यालय के शैक्षणिक मानकों को बढ़ाने के लिए न केवल छात्रों की पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने बल्कि उन्हें जीवन कौशल सिखाने की भी अपील की।विद्यालय में बुनियादी ढांचे के मुद्दों पर भी चर्चा की गई। विद्यालय के शौचालय, पेयजल की व्यवस्था, बिजली आपूर्ति और कक्षा कक्ष की स्थिति पर विशेष ध्यान दिया गया। उन्होंने इन समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाने का आश्वासन दिया।परियोजना प्रभाव की समीक्षा करते हुए, उन्होंने शिक्षकों से शैक्षणिक गतिविधियों में नवाचार को बढ़ावा देने और विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया। निरीक्षण के दौरान शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों को उनके दायित्वों के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी गई।इस निरीक्षण के माध्यम से कुमार हर्ष ने शिक्षा क्षेत्र में सुधार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। उनका यह दौरा छात्रों, शिक्षकों और प्रशासन के बीच प्रेरणा और सकारात्मक संवाद स्थापित करने का महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

बरहरवा थाना पुलिस ने अज्ञात बुजुर्ग के शव को किया बरामद,जाँच जारी

साहिबगंज(उजाला)।मंगलवार की संध्या बरहरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत बरहरवा फरक्का मुख्य मार्ग अशोक लीलैंड शो रूम के समीप सड़क किनारे से बरहरवा थाना पुलिस ने अज्ञात अवस्था में एक बुजुर्ग व्यक्ति के शव को बरामद किया है,मिली जानकारी के अनुसार शव को पुलिस ने अग्रेषित कार्यवाही हेतु पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है,मामले की छानबीन अभी जारी है,खबर लिखे जाने तक उक्त शव की पहचान की पहचान नहीं हो पाई है।

जिले के प्रमुख दुर्घटना संभावित मार्ग एवं ब्लैक स्पॉट प्वाइंट पर सड़क सुरक्षा उपकरण एवं मरम्मती किया गया

साहिबगंज(उजाला)।सड़क सुरक्षा माहझ 2025 के तहत मंगलवार को साहिबगंज जिले के प्रमुख दुर्घटना संभावित मार्ग एवं ब्लैक स्पॉट प्वाइंट पर सड़क सुरक्षा उपकरण एवं मरम्मती का कार्य किया गया।राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 को लेकर साहिबगंज स्थित प्रमुख दुर्घटनाग्रस्त मार्ग एवं ब्लैक स्पॉट पर सहायक अभियंता पथ निर्माण विभाग रामेश्वर मुर्मू, जूनियर इंजीनियर महेश दत्त शुक्ला के साथ साहिबगंज जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह, रोड इंजीनियर एनालिस्ट अनुज पराशर एवं आईटी सहायक राजहंस द्वारा सभी प्रमुख मार्ग का भ्रमण किया गया एवं चिन्हित स्थान पर सड़क सुरक्षा मानक दृष्टि से सड़क सुरक्षा उपकरण जैसे कैट आई, सूचनात्मक साइन बोर्ड, स्पीड लिमिट बोर्ड, स्ट्रीट लाइट, पॉट होल की मरम्मती, रोड बैरियर, शेवरोंन साइन बोर्ड आदि लगाया एवं निर्माण कार्य जारी किया गया। सड़क पर दुर्घटना को कम करने हेतु सड़क सुरक्षा उपकरण साइन बोर्ड आदि लगाया जा रहा है जिससे यातायात करने वालों को सूचना स्पीड लिमिट आदि दिखाई दे जिससे वाहन चालक यातायात नियमों का पालन कर दुर्घटना से बचा जा सकता है।सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से साहिबगंज जिले में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माहझ 2025 का आयोजन किया जा रहा है।

रेलवे स्टेशन में एरिया ऑफिसर के नेतृत्व में चलाया गया सघन टिकट जांच अभियान

साहिबगंज(उजाला)।पूर्व रेलवे के मालदा रेलमंडल के डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता के निर्देश पर मंगलवार दोपहर 2 बजे साहिबगंज रेलवे स्टेशन पर एरिया ऑफिसर प्रवीण कुमार के नेतृत्व में सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया। जहां इस दौरान ट्रेनों में बिना रेल टिकट लेकर सफर करने वाले रेलयात्रियों की जांच की गई। वही बिना वैध यात्रा टिकट लेकर सफर करने वाले रेलयात्रियों से जुमार्ना वसूला गया। इस मौके पर रेलवे मजिस्ट्रेट के अलावे टिकट चेकिंग स्टाफ समेत अन्य आरपीरफ व जीआरपी जवान मौजूद थे।

उर्दू मध्य विद्यालय इंग्लिश के शिक्षकों ने बच्चों को पुरस्कृत देकर किया सम्मानित

उर्दू मध्य विद्यालय इंग्लिश में स्कूल बच्चों के बीच हुआ खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

उधवा/साहिबगंज (उजाला)। प्रखंड क्षेत्र के दक्षिण सरफराजगंज पंचायत अंतर्गत उर्दू मध्य विद्यालय इंग्लिश में सोमवार को 26 जनवरी के उपलक्ष्य पर स्कूल बच्चों के बीच खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के सैकड़ों विद्यार्थियों ने भाग लिए। इस दौरान इंग्लिश खेल मैदान में ऊंची कूद, लम्बी कुद, 100 मीटर दौड़, हिसाब दौड़ सहित अन्य खेल खेलाया गया। खेल में विजय हुए खिलाड़ियों को शिक्षकों ने पुरस्कृत देकर सम्मानित किया गया। मौके पर सचिव निपेंद्र कुमार दास प्रबंधन, इमरान अंसारी,समिति के अध्यक्ष सद्दाम हुसैन, शिक्षक नेहरुल इस्लाम, अमन उर्फ इकबाल आलम,मोकतार शेख,लाल मोहम्मद,समीमा खातून,गोरांगो, मीर मजाहरुल हक,अल्ताफ हुसैन,सहित अन्य मौजूद थे।

76वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर मुख्य कार्यक्रम स्थल कर्जन ग्राउंड में प्रमंडलीय आयुक्त का अभिभाषण

जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला ब्यूरो।

हजारीबाग। गणतंत्र दिवस के क76वें समारोह के अवसर पर सबों को जोहार, नमस्कार। आज के शुभ दिवस पर मैं नमन करता हूं सभी वीर एवं स्वतंत्रता सेनानियों को जिनके नेतृत्व, अथक प्रयास और बलिदान से यह शुभ दिन हमें प्राप्त है। मैं नमन करता हूं संविधान निमार्ता बाबा भीमराव अंबेडकर साहब का जिनके द्वारा बनाई गई कृति को 75 वर्ष पूर्व अंगीकृत कर हमारा देश एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न गणतांत्रिक देश घोषित हुआ था। मैं नमन करता हूं भगवान बिरसा मुंडा, सिद्धों-कान्हु, जतरा - भगत, तिलका मांझी, शेख भिखारी, विश्वनाथ साहदेव गणपत्र राय एवं राज्य के अन्य सभी अमर स्वतंत्रता सेनानियों को जिनमें त्याग और बलिदान की अभिकथा है यह आज का दिवस। अब इस पुनीत अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित सभी सम्मानित स्वतंत्रता सेनानी, चतुर्थ स्तंभ के सभी सम्मानित सदस्यों, परेड में भाग ले रहे हैं सभी अर्धसैनिक बलों के जवानों, पुलिस बल के जवानों, एनसीसी तथा स्काउट एंड गाइड के प्रतिभागियों के साथ-साथ में अभिनंदन करता हूं मंचासीन पुलिस उपमहानिरीक्षक, उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग जिला स्तरीय सभी पदाधिकारी/ कर्मचारीगण तथा न्यायिक सेवा के सम्मानित सभी पदाधिकारीयों का भी जिनके कुशल नेतृत्व, कर्तव्यपरायणता तथा आम जनता के प्रति जुड़ाव की भावना से यह कार्यक्रम गौरवमयी में बन रहा है।

देश और राज्य के कुशल नेतृत्व के सामंजन से हमारा राज्य प्रशासनिक गतिशीलता, आधारभूत निर्माण कार्य, अनुसंधान, स्वास्थ्य, शिक्षा, विकास एवं आपसी भाईचारा के नए आयामों की ओर अग्रसर है। हमारा यह परम कर्तव्य है कि हम एकजुट होकर पूरे निष्ठा, ईमानदारी एवं लगन से चुनौतियों का सामना करें एवं अपने देश एवं राज्य को विकास के उच्चतम शिखर तक पहुंचाएं। हमारा यह प्रयास है कि हर एक गांव में विद्यालय और शिक्षक हो, हर विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हो, हर अस्पताल में डॉक्टर और दवाइयां हों। हर घर में पीने का स्वच्छ पानी हो और हर घर में एक शौचालय की सुविधा उपलब्ध हो। जब हम एक विकसित क्षेत्र की परिकल्पना करते हैं तो यह आवश्यक है कि विकास के लिए आयाम क्षेत्र की सुदूरवर्ती गांव के अंतिम पायदान तक पहुंचे और हजारीबाग जिला प्रशासन इसके लिए प्रयत्नशील है।

आज के शुभ अवसर पर आयुक्त ने जिले में की जारी विकास संबंधी विभिन्न गतिविधियों एवं क्षेत्र में अब तक प्राप्त उपलब्धियां को सभी के समक्ष साझा किया जिनमें:

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने एवं मजदूरों के पलायन को रोकने हेतु न्यूनतम 100 दिनों के रोजगार दिवस का सृजन कर रही मनरेगा योजना अब किसी परिचय की मोहताज नहीं है। इस वित्तीय वर्ष में 3854973 सृजित मानव दिवस के अनुसार जिला प्रशासन ने ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराया है।

बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के तहत कुल 6023 कूप निर्माण कराया जा रहे हैं जिन्हें माह 2025 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

वीर शहीद पोटो हो खेल योजना के तहत मनरेगा से जिला में कुल 565 खेल मैदान तैयार किए गए हैं जिससे खेल प्रतिभा के प्रोत्साहन और उसके विकास को गति प्रदान हो सकेगी।

बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत फलदार वृक्षों का रोपण को 1346 एकड़ भूमि पर किया गया है। लगाए गए फलदार वृक्षों से किसान अपनी आय में वृद्धि ही नहीं कर रहे हैं बल्कि यह पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने में भी अपना योगदान देगा।

इस वित्तीय वर्ष में अब तक कुल 149360 योजनाएं पूर्ण कराई जा चुकी है तथा मनरेगा के अंतर्गत विभिन्न रिक्त पदों पर कुल 115 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी दिया गया है।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत इस वित्तीय वर्ष में 53906 आवासों को पूर्ण कराया गया है जो भौतिक लक्ष्य का 98% है।

पीएम जनमन आवास योजना के तहत वित्तीय वर्ष में 131 आवास निर्माण का कार्य प्रगति पर है।

राज्य सरकार की एक महती अबुआ आवास योजना अंतर्गत जिला के भौतिक लक्ष्य 11648 के विरुद्ध शत प्रतिशत आवासको स्वीकृति प्रदान करते हुए इनमें से 1007 आवासों को पूर्ण करा लिया गया है।

बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना अंतर्गत वित्त दिवस 2016-2017 से 2022-23 तक हजारीबाग जिला को प्राप्त कुल भौतिक लक्ष्य 2815 के विरुद्ध 2571 वर्षो को फोन कर लिया गया है जो 91.33% है।

राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम केंद्र एवं राज्य प्रायोजित पेंशन योजनाओं में कुल 227837 लाभुकों को लाभान्वित किया जा रहा है।

गश्ती के दौरान अवैध रूप से पैसे की उगाही करने तथा गश्ती ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में एक एएसआई और तीन पुलिस जवान सस्पेंड

यासिर अराफात@ झारखंड उजाला ब्यूरो

पाकुड़ : एक तरफ जहां पाकुड़ जिला प्रशासन ने अवैध कोयला चोरी की रोकथाम के लिए अभियान चला रहा है वहीं दूसरी तरफ इस अभियान में रोड़ा डाल रहे कुछ पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। जिसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा दी गई। बताया गया है कि दिनांक 27/28.01.2025 को रात्रि में अवैध कोयला परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे छापामारी अभियान के दौरान सूचना प्राप्त होने के पश्चात भी नगर थाना गश्ती दल के पुलिस पदाधिकारी/पुलिस कर्मियों द्वारा छापामारी दल को सहयोग न कर गश्ती के दौरान अवैध रूप से पैसे की उगाही करने तथा गश्ती ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में स.अ.नि. संजीव टुडू, आरक्षी 84 मनोज कुमार, आरक्षी 05 लखेंदर यादव एवं आरक्षी 360 आलोक रंजन यादव को निलंबित कर इनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही प्रारंभ की गई।

सड़क सुरक्षा माह के तहत बाईक रैली का हुआ आयोजन

यासिर अराफात @झारखण्ड उजाला ब्यूरो

पाकुड़ : सड़क सुरक्षा माह- 2025 के तहत मंगलवार को बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली को हरी झंडी दिखाकर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, विशेष कार्य पदाधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी विकास कुमार त्रिवेदी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी बसंती ग्लाडिस बाड़ा ने समाहरणालय परिसर से रवाना किया। बाइक रैली समाहरणालय परिसर से शुरू होकर पाकुड़ रेलवे स्टेशन तक आयोजित की गई। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने सड़क सुरक्षा से जुड़े नारों और संदेशों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। इस दौरान उपायुक्त मनीष कुमार ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह के तहत प्रतिदिन विभिन्न माध्यमों से विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए लोगो को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। रैली का उद्देश्य बाइक चालकों को हेलमेट के प्रति जागरूक करना है। दुर्घटनाओं के आकड़ों को देखने पर पता चलता है कि अधिकतर दुर्घटनाओं में दो पहिया वाहन शामिल होते हैं और जिनकी दुर्घटनाओं में मृत्यु हो रही वह हेलमेट का इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं। पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि आम जनमानस को दो-पहिया वाहन चालक व उसके साथ बैठे सहयात्री को हमेशा हेलमेट का प्रयोग करना, मोटर कार चलाते वक्त सीट बेल्ट का उपयोग करना, नशे की हालत में वाहन नहीं चलाना, वाहन चलाते समय फोन का उपयोग नहीं करना, खतरनाक ढंग से एवं तेज गति से वाहन चलाने इत्यादि जैसे सड़क सुरक्षा यातायात के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही ट्रैफिक नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित सफर करने की अपील की। इसके अलावा पुराना सदर अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर 10 लोगों ने पुराना सदर अस्पताल में पहुंच ब्लड दिया। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह, 2025 के अवसर पर 10 लोगों ने अपने स्वेच्छा से रक्तदान किया गया। रक्तदान जीवन दान के समान है। दुर्घटना में चोटिल हो जाने की स्थिति में रक्त की उपलब्धता के कारण जान बचाई जा सकती है। अतः सड़क सुरक्षा माह के दौरान यह अति महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

आमजनों की समस्या से रूबरू हुए उपायुक्त, पदाधिकारियों को दिये निर्देश

जनता की समस्याओं का समाधान हो सबकी प्राथमिकता : उपायुक्त

यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो

पाकुड़ : आम जनमानस के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त मनीष कुमार के द्वारा समाहरणालय सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान उपायुक्त द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी गयी एवं आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जाँच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा। इसके अलावे जनता दरबार के दौरान जमीन से संबंधित मामले, अबुआ आवास, चौकीदार आदि से संबंधित मामले एवं विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया गया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए, उसका समाधान जल्द से जल्द करें। इसके अलावे उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करे, ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो।

देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है सेल कोलियरीज : एचडी कुमारस्वामी

कुलबीर सिंह @झारखंड उजाला संवाददाता

सिंदरी/ धनबाद। मंगलवार को केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एच.डी. कुमार स्वामी एवं इस्पात एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री भूपतिराजु श्रीनिवास वर्मा ने सेल की टासरा ओपन कास्ट परियोजना एवं चासनाला वाशरी का निरीक्षण किया। इस दौरान सेल के चैयरमेन अमरेंदु प्रकाश भी उनके साथ थे। टासरा परियोजना आगमन पर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन एवं सेल के वरीय पदाधिकारियों ने मंत्रीद्वय का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। वहीं सेल के महाप्रबंधक शिवराम बनर्जी ने मंत्रीद्वय को टासरा परियोजना की प्रगति से अवगत कराते हुए बताया कि टासरा परियोजना भारत सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना है। यह परियोजना 4 मिलियन टन वार्षिक क्षमता की परियोजना है, जिसमें वाशरी का निर्माण भी शामिल है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना से स्थानीय क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों का विकास होगा एवं रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। वहीं केंद्रीय इस्पात मंत्री ने कोल माइन के ले-आउट आदि का निरीक्षण कर कहा कि यह परियोजना आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक कदम है एवं इस परियोजना से कोकिंग कोल के आयात में कमी आयेगी, जिससे विदेशी मुद्रा भंडार की बचत होगी। उन्होंने सेल एवं मेसर्स के.टी.एम.पी.एल. के संयुक्त तत्वावधान में सीएसआर के अन्तर्गत संचालित महिला स्वरोजगार गतिविधियों का अवलोकन किया एवं सेल के सामाजिक क्षेत्रों के कार्यों की सराहना की। तत्पश्चात मंत्रीद्वय ने सेल चासनाला वाशरी का अवलोकन कर वाशरी के कार्यों की समीक्षा की। उसके बाद मंत्रीद्वय ने चासनाला शहीद स्मारक पहुंच कर खान दुर्घटना में शहीद हुए श्रमिकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सेल के बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी श्री बी.के. तिवारी, कोलियरी प्रभाग के कार्यपालक निदेशक एस.के. सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (एचआर) श्री संजय तिवारी, महाप्रबंधक टासरा एस.के. कुरील, अनुमंडल पदाधिकारी श्री राजेश कुमार, सिंदरी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आशुतोष सत्यम, आदि थे।

फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की सफलता को लेकर जागरूकता रथ को रवाना किया गया

पाकुड़ : फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की सफलता को लेकर बुधवार को समाहरणालय परिसर से उपायुक्त मनीष कुमार व उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, परियोजना निदेशक आईटीडीए अरुण कुमार एक्का,अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, कार्यपालक दंडाधिकारी विकास कुमार त्रिवेदी, उपाधीक्षक, सदर अस्पताल डॉक्टर मनीष कुमार ने संयुक्त रूप से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।उपायुक्त मनीष कुमार ने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में 10 फरवरी से 25 फरवरी तक फाइलेरिया रोधी दवा खिलाया जाएगा। यह जागरूकता रथ के माध्यम से लोगों को फाइलेरिया रोग से बचाव के प्रति जागरूक किया जाएगा। बीमारी के बारे में कहा कि 1 वर्ष से कम आयु वाले शिशु, गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति, गर्भवती महिलाओं को मलेरिया रोधी दवा नहीं खिलाया जाएगा।

शिविर में 322 सर्टिफिकेट केस पर 1 करोड़ 09 लाख 40 हजार 863 रूपए का निष्पादन किया गया

पाकुड़ : ऋण समाधान योजना के तहत नीलाम पत्र वाद का मेगा शिविर का आयोजन उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में डीआरडीए सभागार कक्ष में आयोजित की गई। इस मेगा शिविर में बैंक एवं नीलाम बकायेदार शामिल हुए।मौके पर उप विकास आयुक्त, परियोजना निदेशक, आईटीडीए, अपर समाहर्ता, जिला निलाम पत्र पदाधिकारी सह भूमि सुधार उप समाहर्ता मनीष कुमार उपस्थित थे।

उपायुक्त व उप विकास आयुक्त ने स्पर्श कुष्ठ जागरूकता रथ को झंडी दिखाकर किया रवाना

पाकुड़ : समाहरणालय परिसर से स्पर्श कुष्ठ जागरूकता रथ को उपायुक्त मनीष कुमार, उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, परियोजना निदेशक आईटीडीए अरुण कुमार एक्का, अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उपायुक्त मनीष कुमार ने बताया कि कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता के लिए 30 जनवरी से 14 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कुष्ठ रोग के बारे में फैली भ्रांतियों के प्रति जागरूकता रथ का संचालन कर जागरूकता लाई जायेगी। जागरूकता रथ आमजन में कुष्ठ रोग के लक्षण, पहचान और उपचार के बारे में जागरूक करेगा। उन्होंने बताया कि जागरूकता वाहन सभी ब्लॉकों पर पहुंचेगा और कुष्ठ होने पर एमडीटी लेने, बरती जाने वाले सावधानियों, जल्द जांच और समय से इलाज के लिए प्रेरित करेगा।

पलामू के पंजीकृत किसान से दो लाख क्विंटल धान खरीदने का झारखंड सरकार से लक्ष्य दिया है : अध्यक्ष कृष्णा बैठा

दीपक कुमार, झारखंड उजाला संवाददाता

हुसैनाबाद, पलामू: मंगलवार को हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष सह पलामू जिला पैक्स अध्यक्ष संघ के जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि किसानों के लिए महत्वाकांक्षी योजना धान अधिप्राप्ति कार्य पलामू में 15 दिसंबर 2024 से प्रारंभ किया गया है पलामू के पंजीकृत किसान से दो लाख क्विंटल धान खरीदने का झारखंड सरकार से लक्ष्य दिया है ।पलामू जिला में कुल 41 धान अधिप्राप्ति केंद्र के द्वारा किसानों से धान खरीदा जा रहा है ।लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है मिलर के द्वारा धान उठाव की प्रक्रिया बिल्कुल धीमी है ।सबसे बड़ी समस्या यह की खरीदारी के डेढ़ माह बीत जाने के बाद भी प्रखंड हुसैनाबाद ,हरिहरगंज ,पिपरा के अंतर्गत धान अधिप्राप्ति केंद्र को मिल नहीं टैग किया गया है । बहुत अधिप्राप्ति केंद्र को गोदाम की क्षमता नहीं बढ़ने के कारण अधिप्राप्ति कार्य बंद है ।किसान को खरीदारी के 48घंटा पश्चात आधा पैसा देने का प्रावधान है जबकि 15 दिन के बाद भी भुगतान नहीं हुआ है ,और आधा पैसा और बोनस की राशि मिलर द्वारा धान उठाव के बाद मिलने का प्रावधान है ।उपरोक्त सभी समस्या के चलते पैक्स अध्यक्ष एवं किसान दोनों परेशान हैं । पैक्स अध्यक्ष इसलिए परेशान हैं कि किसान से खरीदा धान सुख रहा है और चूहा के द्वारा धान और बोरा बर्बाद किया जा रहा है ।किसान इसलिए परेशान हैं कि जो धान बेच दिए है उनका पैसा नहीं मिल रहा है और जो किसान अभी तक अपना धान बेचे है उनका खरीद नहीं हो पा रहा है ।इस सभी समस्या को व्यापार मंडल अध्यक्ष के द्वारा जिला स्तर ,जिला सहकारिता पदाधिकारी ,जिला आपूर्ति पदाधिकारी ,उप विकास आयुक्त ,एवं उपायुक्त महोदय को भी अवगत करा दिया गया है फिर समाधान नहीं हो पा रहा है ।इसलिए मैं माननीय कृषि मंत्री महोदया एवं माननीय मुख्यमंत्री जी से आग्रह करता हूं उपरोक्त समस्या को समाधान कराने की कृपा की जाय ।

सात जन्मो तक साथ निभाने वाली जीवन संगनी ने कुल्हाड़ी से किया हत्या

चतरा। राजपुर थाना क्षेत्र के सहातु गांव निवासी 65 वर्षीय बिलट भुइया की मौत सात जन्मो तक साथ निभाने वाली जीवन संगनी अर्थात उनके पत्नी बुधनी देवी के द्वारा कर दिया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की रात पत्नी ने पति को कुल्हाड़ी से मारकर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। जिसने अपना जुर्म भी कबूल कर लिया है।जानकारी के अनुसार पति-पत्नी नशे में धुत थे। दोनों सुबह से आपस में विवाद कर रहे थे। किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। और इसी दौरान पत्नी ने गुस्से में आकर कुल्हाड़ी से सिर पर वार कर दिया।जिससे पति बुरी तरह घायल हो गया। इसकी सूचना राजपुर थाना प्रभारी संदीप कुमार को दी गई।सूचना मिलते ही आनन फानन में घटनास्थल पर पुलिस पहुंचकर उसे इलाज के लिए चतरा अस्पताल ले जा रहे थे।इसी दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। उक्त मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपित बुधनी देवी को पुलिस ने जेल भेज दिया है। इस घटना से गांव में सनसनी फैल गई है। पुरि ने सारे मामले को जांच कर रही है।

रात्रि को बेधड़क हो जा रही है चोरियां, कोर्ट कागजातों की भी चोरी

चतरा : जिला मुख्यालय के न्यालय परिसर में लगातार हो रहे चोरी से लोग काफी परेशान है।कोर्ट परिसर में रविवार रात्रि को हर्ष कंप्यूटर दुकान से दो प्रिंटर ब्लैक एंड वाइट और एक कलर प्रिंटर एंव मो मुजाहिद के दुकान से दो प्रिंटर और दो मोनिटर ताला तोड़ कर चोरी कर लिया गया।इसके आलावे नोटरी पब्लिक के संचालक जैनुल अहमद के दुकान से नगद रुपए और कोर्ट का कागजात ले भागा।जबकि अमित कुमार के दुकान में ताला तोड़ने का प्रयास किया परंतु सफलता हाथ नहीं लगी है।इस मामले से क्षेत्र के लोगो मे चोरो के प्रति खौप उपन्न हो गया।पूरे मामले की छानबीन स्थानीय पुलिस कर रही है।

काजू पैकिंग के नाम से रोजगार देने वाले पर जदयू जिलाध्यक्ष ने किया जांच की मांग

चतरा। जिले के शहरी एंव ग्रामीण क्षेत्र के महिलाओ को काजू एंव किसमिस पैकिंग के नाम पर महिलाओ से पेनकार्ड, आधार कार्ड,फोटो समेत कई आवश्यक जानकारी वा कागजात लिया जा रहा है।इस संबध मे जदयू जिलाध्यक्ष राम आशीष कुमार ने जिले के उपायुक्त से पूरे मामले को जाँच करने कई मांग किया है।उन्होंने कहा है कई रोजगार के नाम पर भोले भाले महिलाओ के खाते से पैसो कई चम्पत हल सकती है। इस संबंध में जदयू जिलाध्यक्ष ने लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की गयी है।उन्होंने आम लोगों से इसकी सूचना जिला प्रशासन को देने के साथ साथ अपने महत्वपूर्ण दस्तावेज जैसे आधार, पेन कार्ड, बैंक डिटेल एवं पैसे के लेन-देन में पूरी सावधानी बरतने की भी अपील की है।

60 दिव्यांगजनों को निःशुल्क बैटरी ऑपरेटेड ट्राईसाईकिल का उपायुक्त के द्वारा किया गया वितरण

हजारीबाग। समाहरणालय परिसर में आयोजित शिविर में श्रीमती नंन्सी सहाय, उपायुक्त, हजारीबाग के कर-कमलों से डी.एम.एफ.टी. मद से जिलान्तर्गत विभिन्न प्रखण्डों के 60 दिव्यांगजनों को निःशुल्क बैटरी ऑपरेटेड ट्राईसाईकिल वितरण किया गया है। वितरण के दौरान उपायुक्त महोदया द्वारा बताया गया कि जनता दरबार में प्राप्त होने वाले आवेदन के आधार पर तृतीय चरण में आज 60 दिव्यांगजनों को बैटरी ऑपरेटेड ट्राईसाईकिल का वितरण किया जा रहा है। पूर्व में दो चरणों में 10-10 दिव्यांगजनों को बैटरी ऑपरेटेड ट्राईसाईकिल का वितरण किया गया है। जिला प्रशासन का यह प्रयास है कि दिव्यांग छात्र-छात्राओं, विभिन्न व्यवसाय से जुड़े दिव्यांगजनों एवं अन्य को उनके दैनिक कार्य के निष्पादन में सहयोग हो। वितरण के दौरान श्री इश्तियाक अहमद, उप विकास आयुक्त, हजारीबाग, श्री पंकज तिवारी, जिला योजना पदाधिकारी, हजारीबाग एवं श्रीमती शिप्रा सिन्हा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, हजारीबाग एवं डी.एम.एफ.टी. तथा समाज कल्याण विभागीय कर्मी उपस्थित थे।

सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों में मनाया गया गणतंत्र दिवस

कुलबीर सिंह@ झारखंड उजाला संवाददाता

सिंदरी /धनबाद। सिंदरी एंव बलियापुर में 76वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों ,बैंकों पुलिस कार्यालय, सहित शिक्षण संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर समारोह पूर्वक राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया ,साथ ही कई सरकारी निजी स्कूलों में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा खेलकूद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर हिंदुस्तान उर्वरक रसायन लिमिटेड में वाइस प्रेसिडेंट सुरेश प्रमाणिक, फर्टिलाइजर कॉरपोरेशन आफ इंडिया सिंदरी यूनिट में ओएसडी सुरेंद्र सिंह शेखावत, टासरा कोयला परियोजना में सेल महाप्रबंधक (प्रभारी) शिवराम बनर्जी, अदानी सीमेंट प्लांट सिंदरी, सिंदरी अनुमंडल पुलिस कार्यालय में डीएसपी अभिषेक कुमार सत्यम, सिंदरी थाना में प्रभारी संजय कुमार, बलियापुर थाना में थाना प्रभारी आशीष भारती, गौशाला ओपी में ओपी प्रभारी रवि कुमार सिंह, शिक्षण संस्थान बी आई टी सिंदरी में निदेशक पंकज राय, बलियापुर आईटीआई, झारखंड पब्लिक स्कूल में निदेशक ए आर अंसारी, सिंदरी महाविद्यालय सिंदरी में प्राचार्य कमला कांत पाठक, डी ए वी सिंदरी में प्राचार्य अशोक कुमार सिंह, सरस्वती विद्या मंदिर सिंदरी , प्रयास इंडिया एवं मदर टेरेसा स्कूल में ध्वजारोहण किया गया।

गणतंत्र दिवस के मुख्य कार्यक्रम

एफसीआईएल सिंदरी यूनिट द्वारा कल्याण केंद्र मैदान में गणतंत्र दिवस परेड का आयोजन किया गया। एफसीआईएल ओएसडी सुरेंद्र सिंह शेखावत ने झंडोत्तोलन कर परेड की सलामी ली। इस अवसर पर अपने संबोधन पर उन्होंने आवास लीज पर आवेदन मार्च 2025 तक जमा करने की अंतिम तारीख बताया, वहीं दुकानों का पुराना किराया जमा कर व्यवसायी लीज ट्रांसफर का आवेदन दे सकते हैं साथ ही एफसीआईएल के बंद अस्पताल को खोलने के लिए पुनः कार्यवाही करने की बात कही। गणतंत्र दिवस परेड में निजी सुरक्षा गार्ड, झारखंड गृह रक्षा वाहिनी के साथ विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने नृत्य द्वारा देशभक्ति के गीत पर अपनी कला का प्रदर्शन किया। हर्ल प्रशासनिक भवन परिसर में एच यू आर एल वाइस प्रेसिडेंट सुरेश प्रमाणिक द्वारा ध्वजारोहणकर परेड की सलामी ली गई। अपने संबोधन पर उन्होंने कहा कि यूरिया का उत्पादन 23.05लाख एम टी एवं अमोनिया का उत्पादन 13.0 लाख मैट्रिक टन तक उत्पादन सफलतापूर्वक प्राप्त किया गया है। साथ ही स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत रांची में80 बच्चों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, इसके अलावा सिंदरी शहर की जलापूर्ति के लिए ट्रीटमेंट प्लांट का दूसरा क्लेरिफायर की मरम्मत की जा रही है के बारे में बताया। इसके अलावा भाजपा, कांग्रेस ,राजद,प्रबुद्ध प्रकोष्ठ कार्यालयत सिंदरी, बलियापुर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाष चंद्र दास, अंचल अधिकारी प्रवीण कुमार, बलियापुर प्रमुख पिंकी देवी, उप प्रमुख आशा देवी, जेपी हॉस्पिटल में ध्वजारोहण कर ध्वज को सलामी दी गई।

धनबाद मिला के हर एक प्रखंड में जाकर सदस्यता अभियान चला कर लोगो को पार्टी में जोड़ने का काम किया जाएगा: तारकेश्वर यादव

कुलबीर सिंह@ झारखंड उजाला संवाददाता

सिंदरी /धनबाद। जिला राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय सिन्दरी में जिला अध्यक्ष तारकेश्वर यादव के नेतृत्व में एवं धनबाद जिला सदस्यता प्रभारी ज्ञानेश्वर यादव और संतोष यादव के उपस्थिती में सदस्यता अभियान चलाया गया। लोगो ने बढ़-चढ़ कर राजद में सदस्य बने साथ-ही साथ सैकड़ो लोग राजद में शामिल हुए। जिला अध्यक्ष तारकेश्वर यादव ने फूल माला पहनाकर जिला सदस्यता प्रभारी ज्ञानेश्वर याहव एवं संतोष यादव को स्वागत किया। जिला अध्यक्ष तारकेश्वर यादव ने कहा कि इसके बाद धनबाद जिले के हर एक प्रखंड में जाकर सदस्यता अभियान चला कर लोगो को पार्टी में जोड़ने का काम किया जाएगा। सभी समुदाय के लोगो को राजद में जोड़कर पार्टी में और मजबुत करने का काम करेंगे। इस कार्यक्रम में निम्न लोग शामिल हुए - महानगर अध्यक्ष मुमताज कुरैसी प्रदेश उपाध्यक्ष बिक्रम प्रसाद यादव, विरेन्द्र रजक ,सुरेश राउत, घमंडी यादव, आरएन सिंह, बैद्यनाथ यादव, विक्रम यादव, मो नूर आलम, खुबलाल चौधरी, मनन यादव, विनय सिंह, प्रभात कुमार, बिनोद यादव , सुमिल यादव, अनिल यादव, राम उर शर्मा, प्रदीप पाल, शिवजी यादव,निरसा प्रखंड अध्यक्ष विकास यादव, बलियापुर प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप पाल, बिनोद मरांडी, पन्ना लाल यादव, ऋषिदेव यादव, राजू यादव ,योगेश यादव, अशोक चन्द्रा, झाबु शंकर यादव, प्रकाश महतो लक्ष्मण यादव, सलेक्मादन, संजय यादव, संतोष यादव, मनोज सिंड आदि लोग उपस्थित हुए।

झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष श्री ज्योति सिंह मथारु और श्री प्रणेश सॉलोमन ने जिले में अल्पसंख्यकों के लिए चल रही योजनाओं की समीक्षा की

जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला ब्यूरो।

हजारीबाग। झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष श्री ज्योति सिंह मथारु और श्री प्रणेश सॉलोमन ने मंगलवार को परिसदन भवन में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में अल्पसंख्यकों के लिए चल रही केंद्र सरकार व राज्य सरकार की योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में सर्वप्रथम उन्होंने सरदार चरणजीत सिंह के मामले को लेकर अपर समाहर्त्ता, बरही एसडीओ और चौपारण सीओ को मामले की जांच करते हुए कार्रवाई करने और पीडित परिवार को न्याय दिलाने हेतु निदेशित किया। बैठक में झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष श्री ज्योति सिंह मथारु और श्री प्रणेश सॉलोमन ने संयुक्त रूप से कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, जेएसएलपीएस, उद्योग विभाग, नियोजन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, श्रम विभाग, सामाजिक सुरक्षा विभाग, पुलिस प्रशासन और अन्य विभागों के द्वारा अल्पसंख्यकों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी ली और उनके प्रगति रिपोर्ट का मूल्यांकन किया। उन्होंने परिसदन में बैठक के पश्चात पत्रकारों से मुखातिब हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यकों के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। जिले से हमलोग कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित प्रगति रिपोर्ट प्राप्त कर रहे हैं। सरकार के द्वारा चलाई जा रही जो कल्याणकारी योजनाएं हैं, उसमें अल्पसंख्यकों को उनके आबादी के अनुपात में उन्हें भागीदारी मिल पा रही है या नहीं, चाहे वह राज्य सरकार की योजनाएं हो चाहे वह केंद्र सरकार की योजनाएं हो। अल्पसंख्यकों के लिए विशेष रूप से चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा की गई। उन्होंने बताया की अल्पसंख्यको के कितने स्कूल हैं, कितने हॉस्टल बिल्डिंग हैं या कितने मदरसे हैं और जो स्कूल हैं उनमें शिक्षकों की क्या स्थिति है, इसके बारे में जानकारी प्राप्त की। अल्पसंख्यक स्कूलों में शिक्षकों की खाली पदों पर नियुक्ति को लेकर डीईओ और डीएसई को निर्देशित किया गया है कि वह अपने स्तर से एक महीने के अंदर बहाली करें अन्यथा आयोग के द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में खास महल जमीन के लीज नवीकरण का कार्य ससमय हो इसके लिए संबंधित पदाधिकारी को निदेशित किया गया है। उन्होंने मइँया सम्मान योजना से महिलाएं कैसे स्वालंबन बने, उनका आर्थिक उत्थान कैसे हो, इसके लिए महिलाओं के बीच जागरूकता लाने के उदेश्य से महिलाओं के बीच सामूहिक सेमिनार तीन महीने के अंतराल पर करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया गया। बैठक में झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष श्री ज्योति सिंह मथारु और श्री प्रणेश सॉलोमन के अलावे आयोग के सदस्य बरकत अली, अपर समाहर्ता श्री संतोष सिंह, बरही एसडीओ जोहन टुडू, सहित कई जिला स्तरीय पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित रहे।

76वां गणतंत्र दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला ब्यूरो।

हजारीबाग। आज 76वां गणतंत्र दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य समारोह स्थल कर्जन ग्राउंड में विभिन्न विभागों द्वारा एक से बढ़कर एक आकर्षक झांकियों की प्रदर्शनी की गई। इन झांकियों के माध्यम से कई लोकहित संदेश देने के प्रयास किए गए।

इन विभागों द्वारा झांकियों की दी गई प्रदर्शनी

आज के गणतंत्र दिवस पर हजारीबाग से कुल 10 विभागों द्वारा झांकियों निकाली गई जिनमें परिवहन विभाग, जिला समाज कल्याण एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, जनसंपर्क विभाग, जेएसएलपीएस, जिला ग्रामीण विकास विभाग, वन विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग,आयुष विभाग, नगर निगम द्वारा उत्कृष्ट झांकियों की प्रदर्शनी आयोजित की गई।

ये झांकियां हुई सम्मानित

रोड सेफ्टी पर आधारित परिवहन विभाग द्वारा आयोजित झांकी को प्रथम पुरस्कार, समाज कल्याण एवं सामाजिक सुरक्षा के द्वारा संयुक्त रूप से दी गई प्रस्तुति को द्वितीय पुरस्कार एवं जिला ग्रामीण विकास को तृतीय पुरस्कार दिया गया। वहीं शिक्षा विभाग एवं जनसंपर्क विभाग को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। आज के इस कार्यक्रम में दी गई सभी विभागों की प्रस्तुति को विशाल जन समुदाय ने भरपूर लुत्फ उठाया और खूब सराहना बटोरी।

पकरी बारवाडीह कोल माइनिंग प्रोजेक्ट में धूमधाम से मनाया गया 76वा गणतंत्र दिवस

जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला ब्यूरो।

केरेडारी /हजारीबाग : 76वां गणतंत्र दिवस एनएमएल पकरी बारवाडीह कोल माइनिंग प्रोजेक्ट में धूमधाम से मनाया गया।कार्यक्रम में भारत के संविधान के निमार्ताओं के साथ साथ स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और प्रोजेक्ट की सफलता में योगदान देने वाले कर्मचारियों की मेहनत को सराहा गया। समारोह की शुरूआत राष्ट्रीय ध्वज फहराने से हुई, जिसे श्री फैज तैय्यब, प्रोजेक्ट हेड ने किया। इसके बाद उन्होंने साइट पर तैनात सीआईएसएफ और एसआईएसएफ के टुकड़ी का निरीक्षण किया, और उनकी सेवा के प्रति सम्मान और प्रशंसा व्यक्त की। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए परियोजना प्रमुख ने भारत के स्वतंत्रता सेनानियों की वीरता को सलाम किया और पकरी बारवाडीह प्रोजेक्ट द्वारा हासिल की गई महत्वपूर्ण उपलब्धियों को साझा किया। उन्होंने कर्मचारियों की प्रतिबद्धता, समर्पण और टीमवर्क की सराहना की, जिसने प्रोजेक्ट की निरंतर प्रगति और सफलता में योगदान दिया। उन्होंने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा आपकी अथक मेहनत ने न केवल प्रोजेक्ट की वृद्धि में योगदान दिया है, बल्कि हमारे राष्ट्र की प्रगति में भी अहम भूमिका निभाई हैह्व। समारोह में गुब्बारे छोड़े गए, जो स्वतंत्रता और एकता की भावना के प्रतीक थे, और कर्मचारियों को उनकी असाधारण योगदान के लिए पुरस्कार प्रदान किए गए। कर्मचारियों को बीयूएच मेरिटोरियस अवार्ड, मानवीयता पुरुष पुरस्कार, और पावर एक्सेल अवार्ड से सम्मानित किया गया। इन पुरस्कारों से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन को मान्यता मिली। गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में मनोरंजक गतिविधियाँ भी शामिल थीं, जिनमें महिलाओं के लिए खेल और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ शामिल थीं। कर्मचारियों, महिला क्लब के सदस्यों और बाल भवन के बच्चों ने अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया, जिससे दिन की खुशहाल और उत्सवी भावना में चार चांद लग गए। आयोजन का समापन गर्व और एकता की भावना के साथ हुआ, जिसने एनएमएल पकरी बारवाडीह कोल माइनिंग प्रोजेक्ट की निरंतर वृद्धि और सफलता के प्रति सभी कर्मचारियों की सामूहिक प्रतिबद्धता को फिर से सशक्त किया।

देश के 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर पकरी बारवाडीह कोल माइनिंग प्रोजेक्ट ने परियोजना प्रभावित गाँव वालों के शक्ति का अनूठा प्रदर्शन किया

केरेडारी/ हजारीबाग। परियोजना द्वारा अपनी सीकरी साइट कार्यालय में प्रदर्शनी लगाई गई जहाँ पर लाह की चूड़ियाँ, मसरूम, विभिन्न प्रकार के मसाले, कई तरह के साबुन, सुंदर सोहाई चित्रकला जैसी कई चीजें स्टॉल के माध्यम से बेची गई। इन स्टॉलों पर परियोजना प्रभावित गांवों के लोग थे जो अपने उत्पाद को कर्मचारियों और अन्य लोगों को गर्व के साथ मुहैया करवा रहे थे। इन उत्पादों के लिए परियोजना द्वारा गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण के साथ साथ पूर्ण आर्थिक सहयोग दी जा रही है जिससे गाँव वाले हस्तनिर्मित उत्पाद जैसे साबुन, मसाले, लाह चूड़ियाँ और सोह्राई पेंटिंग्स के साथ साथ मशरूम उगा रहे हैं। इन उत्पादों के निर्माण से जहाँ गाँव वाले सशक्त और आत्मनिर्भर हो रहे हैं वहीं उनकी जीवनशैली में भी सुधार आ रहा है। परियोजना के समर्थन से अब ये आस पास की बाजारों में भी अपने सामान को बेच पाएंगे जिससे ये अपने परिवार का बेहतर रूप से भरण पोषण कर सकेंगे। कार्यक्रम में श्री फैज तैय्यब, प्रोजेक्ट प्रमुख और श्रीमती तजीन फैज, जागृति महिला संघ की अध्यक्षा मौजूद रही और दोनों ही लोगों ने गाँव वालों को पूरी लगन और मेहनत से प्रशिक्षण लेकर उत्पादन करने के लिए सराहा। प्रदर्शनी के माध्यम से भारी संख्या में कर्मचारियों ने खरीदारी की और उत्पादकों को धन्यवाद कहा। इसके अलावा गणतंत्र दिवस के विशेष मौके पर दिव्यांगजनों को इलेक्ट्रिक तिपहिया वितरित किए। यह पहल पकरी बरवाडीह की सामाजिक और आर्थिक विकास की दिशा में प्रतिबद्धता को दशार्ती है, जो स्थानीय समुदाय के जीवन स्तर में सुधार और सशक्तिकरण के लिए निरंतर काम कर रही है।

यूपीएस को लेकर सरकारी कर्मचारियों में रोष,यूपीएस तथा एनपीएस दोनों शिक्षक, कर्मचारी के हित में नहीं : विक्रांत

यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो

पाकुड़ : नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम (NMOPS) के राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक NMOPS झारखंड/JHAROTEF ने UPS की प्रति जलाकर विरोध किया। राज्य के शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने भी केंद्र सरकार द्वारा जारी unified pension scheme के गजट की सांकेतिक प्रतियां जलाते हुए यूपीएस गो बैक, एनपीएस गो बैक के नारे को बुलंद किया।एन एम ओ पी एस के प्रांतीय अध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि कुछ समय पहले केन्द्र सरकार ने एकीकृत पेंशन योजना, यूपीएस का गजट नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इस योजना के बारे में केन्द्र सरकार द्वारा दावा किया जा रहा था कि यूपीएस कर्मचारियों के हीत में है। जबकि वास्तविकता का आकलन करने पर पता चलता है कि यह कर्मचारियों की गाढ़ी कमाई को लेकर उसी पैसे को वापस देने की योजना बनाई गई है जो कहीं से भी पेंशन नहीं है। यह एनपीएस का ही बदला हुआ स्वरूप है। वहीं प्रांतीय महासचिव उज्जवल कुमार तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने पूरे देश में यूपीएस के विरोध का आह्वान किया है इसका अनुपालन एन एम ओ पी एस झारखंड ने भी किया। इसके तहत राज्य के 24 जिलों के विभिन्न सरकारी विभागों में कार्यरत कर्मचारियों एवं स्कूली शिक्षकों ने यूपीएस का विरोध स्वरूप सांकेतिक प्रतियां जलाते हुए आपना विरोध दर्ज कराया है। झारखंड राज्य की पेंशन व्यवस्था OPS सबसे बेहतर है। यही व्यवस्था देश के सभी राज्यों के साथ केन्द्रीय कर्मचारियों के लिए भी लागू होनी चाहिए।अगर कभी भी झारखंड राज्य में यूपीएस की बात होगी तो इसका जोरदार विरोध किया जाएगा। एन एम ओ पी एस अन्य कर्मचारी संगठनों के साथ समन्वय स्थापित कर इसका पुरजोर विरोध करेगा।झारखंड सरकार ने पुरानी पेंशन व्यवस्था को मजबूत तरीके से लागू किया है इसके लिए हम सभी कर्मचारी व शिक्षक झारखंड सरकार के आभारी हैं। इसी तरह की पेंशन व्यवस्था देश के अन्य राज्यों में लागू करने की मांग करते हैं।

विज्ञान के युग मे स्कूलों मे इस प्रकार की शिक्षा जरुरी है : रौशनलाल चौधरी

जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला ब्यूरो।

बड़कागांव/ हजारीबाग। 76वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर आज ज्ञानोदय स्कुल (बड़कागांव) स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा भव्य विज्ञान स्कील डेवलपमेंट प्रदर्शनी लगाया गया, इस कार्यक्रम के मुख्य अथिति बड़कागांव विधानसभा के माननीय विधायक श्री रौशनलाल चौधरी जी सम्मलित होकर अपने कर कमलों से फीता काटकर प्रदर्शनी की शुरूआत की, तत्पश्चात अलग-अलग स्थलों में छात्र छात्राओं द्वारा बनाये मॉड्यूल को अवलोकन किया जिसमे विभिन्न प्रकार के विज्ञान एवं पर्यावरण संबंधित कई प्रकार की प्रदर्शनी लगाई गई थी, अपने सम्बोधन मे माननीय विधायक श्री रौशनलाल चौधरी जी ने कहा की स्कुल प्रबंधन को चाहिए की किताब ज्ञान के साथ-साथ भविष्य में समाज को जरुरत पूरा करने वाले अविष्कार पर भी ध्यान देने की जरुरत है, आगे उन्होंने कहा की देश दुनियां कई गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही है जिसमे मुख्य रूप से ग्लोबल वार्मिंग है जो पर्यावरण कोदूषित कर रहा है इस दिशा मे काम करने की सख्त जरुरत है, उपस्थित सभी लोगों को 76वें गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए लोगो को भारत के लिए समर्पण भाव से काम करने की अपील की, इस मौके पर इस कार्यक्रम में क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न

जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला ब्यूरो।

हजारीबाग। 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सोमवार को स्थानीय नगर भवन में सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवद उदघाटन मुख्य अतिथि उपायुक्त श्रीमति नैंसी सहाय ने दीप प्रज्वलित कर किया। उपायुक्त ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उल्लास व सौहार्दपूर्ण वातावरण में गणतंत्र दिवस मनाने की अपील की। मौके पर जिले के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक- शिक्षिकाओं ने स्वागत गान प्रस्तुत किया। विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं के द्वारा देशभक्ति गीत, नृत्य, लघु नाटक आदि प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत देशभक्ति से हुई। इस दौरान कुल पन्द्रह कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें मुख्य रूप से रागे श्री संगीत अकादमी द्वारा देशभक्ति समुह गीत, श्री माँ संगीतायन हजारीबाग द्वारा देशभक्ति समुह गीत, रोजबड स्कूल द्वारा नागपुरी लोक नृत्य, डीएवी पब्लिक स्कूल द्वारा सामुहिक नृत्य, इन्द्र गाँधी बालिका विद्यालय द्वारा देशभक्ति समुह नृत्य, संत कोलांबस कॉलेज द्वारा समुह नृत्य (संथाली), हेमन्त ग्रुप द्वारा सर्वधर्म सद्भावना नृत्य नाटिका, तरंग ग्रुप लोक बाल नृत्य, पुष्पदीप संगीय एवं नृत्य संस्था द्वारा देशभक्ति समुह नृत्य, सीएम बालिका उच्च विद्यालय द्वारा देश भक्ति नृत्य, नृत्य वाटिका डांस अकादमी द्वारा दक्षिण भारतीय लोक नृत्य, स्वामी धर्मबंधु कॉलेज ऑफ एजुकेशन द्वारा झांसी की रानी नृत्यनाटिका, लाकांगन नृत्य विद्यालय द्वारा मराठी समुह नृत्य की प्रस्तुति की गई। इसके अलावा एन.ए. चौधरी द्वारा जादू के कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इस कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यालय के बच्चों को उपायुक्त के द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस दौरान कार्यक्रम का संचालन मनोज सिन्हा ने किया। मंच कार्यक्रम प्रबंधन प्रहलाद सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर डीडीसी इश्तियाक अहमद, एसडीओ राजकिशोर प्रसाद डीपीओ पंकज तिवारी, डीडब्ल्यूओ सुभाष कुमार, सीओ सदर मयंक भूषण, अक्स्युटिव मजिस्ट्रेट सना उस्मानी की उपस्थिति रही।

उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का हुआ आयोजन

हजारीबाग। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्रीमती नैंसी सहाय ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने हेतु अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में मोसमात नगीया मोसफिफल, थाना, गुलाम सरवार कटकमसांडी क्षेत्र के निवासी ने उपायुक्त से ऑनलाइन रसीद निर्गत करने और बरही के रहने वाले भगत कुमार सिंह ने सर्वे के रास्ते में बनी हुई नाली को मिट्टी तथा पत्थर भर दिए जाने के संबंध में निवेदन किया। राजेश्वर महतो विष्णुगढ़ ने, धान अधिप्राप्ति केंद्र में धन जमा नहीं लेने के संबंध में, मालती कुमारी ओकनी ने अपनी जमीन का बंदोबस्ती किए जाने के संबंध में निवेदन किया। विनोद कुमार सिंदूर हजारीबाग ने दाखिल खारिज को रोके जाने के संबंध में, भातु महतो बरकट्ठा एनएच 2 में अधिकृत भूमि का मुआवजा भुगतान देने के संबंध में, मो. कौशिक आलम हरहद से अपनी जमीन को दूसरे लोगों के द्वारा गलत तरीके से बेचे जाने के संबंध में उपायुक्त से गुहार लगाया।

भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ के राष्ट्रीय महासचिव ने की चतरा एसपी से मुलाकात

चतरा। भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ के राष्ट्रीय महासचिव सह झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन के संस्थापक शाहनवाज हसन ने संगठन के सदस्यों के साथ चतरा एसपी विकास कुमार पांडेय से मुलाकात की। इस दौरान राष्ट्रीय महासचिव ने दिवंगत पत्रकार चंदन तिवारी हत्याकांड के मामले में उन्हें अवगत कराया और कहा कि लगभग 6 वर्ष बीत जाने के बावजूद अबतक हत्याकांड के आरोपियों को पुलिस न्यायलय में दोषी सिद्ध कर पाने में असफल रही है जबकि तत्कालीन एसपी अखिलेश बरियार ने आरोपियों की गिरफ़्तारी के उपरांत सजा सुनिश्चित करने की बात कही थी. श्री हसन ने कहा देश भर में पत्रकार हत्याओं के प्राप्त आंकड़े बताते हैं कि 98 प्रतिशत मामलों में आरोपी रिहा हो गए है और ऐसा केवल अनुसंधान अधिकारी की लापरवाही एवं मिली भगत के कारण हुआ है। श्री हसन को चतरा एसपी ने पुलिस की ओर से किसी प्रकार की कोई कोताही नहीं बरते जाने का आश्वासन दिया था। संगठन इस विषय पर अंतिम बहस में वरिष्ठ अधिवक्ता की सेवा प्रदान करने की बात कही है. हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष अर्जुन सोनी ने कहा कि दिवंगत पत्रकार चंदन तिवारी के हत्यारों को सजा मिले इसके लिए पुलिस से सहयोग की अपेक्षा रखता है ।राष्ट्रीय महासचिव शाहनवाज हसन ने चतरा न्यायलय में चंदन तिवारी का मुकदमा लड़ रहे अधिवक्ता से सभी पहलुओं पर चर्चा की। न्यायलय में अधिकांश गवाहों के शत्रुतापूर्ण बयान दर्ज करने को लेकर चिंता व्यक्त की।मौके पर चतरा प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुनील कश्यप, अर्जुन सोनी, सचिव मोकिम अंसारी, दीपक कुमार, मृत्युंजय कुमार, श्रीकांत राणा, आकाश कुमार, सुमित केसरी सहित संगठन के सदस्य मौजूद थे।

76वां गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुए भावी पंचायत समिति, विद्यालय परिवार ने आमंत्रित कर भव्य तरीके से किया स्वागत

जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला ब्यूरो।

केरेडारी /हजारीबाग। बारियातु पंचायत अंतर्गत गर्री खुर्द महुवा चौक, राजकीय प्राथमिक विद्यालय गर्री खुर्द, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय पांडेपूरा कलां, स्वामी विवेकानंद इंग्लिश अकैडमी स्कूल गर्री खुर्द जैसे विद्यालय में 76वा गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुए भावी पंचायत समिति सह मिडिया प्रभारी जागेशवर कुमार इन्होंने गणतंत्र दिवस के बारे में बच्चों को बताएं तथा विद्यालय परिवार के बच्चों शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं अभिभावक गण को हार्दिक शुभकामनाएं तथा बधाई दिया और हर संभव मदद के लिए अभिवादन एवं प्रथम, द्वितीय ,तृतीय बनाने वाले बच्चे को पुरस्कृत अपने कर कमलो से किया। मौके पर विद्यालय परिवार के शिक्षक, शिक्षिकाएं भी मौजूद थी विद्यालय की बच्चियों ने देशभक्ति गीतों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से समां बांध दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए सभी ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। स्कूली बच्चों द्वारा लगाए गये पर्यावरण, ऊर्जा, कृषि, एवं विज्ञान प्रदर्शनी को अवलोकन कर छात्रों के प्रतिभा को सराहा..!!विज्ञान के युग मे स्कूलों मे इस प्रकार की शिक्षा जरुरी है : जागेशवर कुमार 76वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर आज स्कूली छात्राओं द्वारा भव्य विज्ञान स्कील डेवलपमेंट प्रदर्शनी लगाया गया, इस कार्यक्रम के मुख्य अथिति भावी पंचायत समिति सह मिडिया प्रभारी जागेशवर कुमार सम्मलित होकर अपने कर कमलों से फीता काटकर प्रदर्शनी की शुरूआत की, तत्पश्चात अलग-अलग स्थलों में छात्र छात्राओं द्वारा बनाये मॉड्यूल को अवलोकन किया जिसमे विभिन्न प्रकार के विज्ञान एवं पर्यावरण संबंधित कई प्रकार की प्रदर्शनी लगाई गई थी, अपने सम्बोधन मे भावी पंचायत समिति जागेशर कुमार सह मिडिया प्रभारी ने कहा की स्कुल प्रबंधन को चाहिए की किताब ज्ञान के साथ-साथ भविष्य में समाज को जरुरत पूरा करने वाले अविष्कार पर भी ध्यान देने की जरुरत है, आगे उन्होंने कहा की देश दुनियां कई गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही है जिसमे मुख्य रूप से ग्लोबल वार्मिंग है जो पर्यावरण कोदूषित कर रहा है इस दिशा मे काम करने की सख्त जरुरत है, उपस्थित सभी लोगों को 76वें गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए लोगो को भारत के लिए समर्पण भाव से काम करने की अपील की, इस मौके पर इस कार्यक्रम में क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, केरेडारी में गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण स्थानीय विधायक रोशन लाल चौधरी ने किया

जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला ब्यूरो।

केरेडारी /हजारीबाग। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, केरेडारी में गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण स्थानीय विधायक रोशन लाल चौधरी ने किया। किया । इस मौके पर केरेडारी प्रखंड के बीडीओ और सीओ ने समारोह में भाग लिया। विद्यालय की वार्डन श्रीमती सुदीपा कुमारी और शिक्षिकाएं भी मौजूद थीं। विद्यालय की बच्चियों ने देशभक्ति गीतों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से समां बांध दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए सभी ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। स्कूली बच्चों द्वारा लगाए गये पर्यावरण, ऊर्जा, कृषि, एवं विज्ञान प्रदर्शनी को अवलोकन कर छात्रों के प्रतिभा को सराहा..!!विज्ञान के युग मे स्कूलों मे इस प्रकार की शिक्षा जरुरी है : रौशनलाल चौधरी.. 76वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर आज स्कूली छात्राओं द्वारा भव्य विज्ञान स्कील डेवलपमेंट प्रदर्शनी लगाया गया, इस कार्यक्रम के मुख्य अथिति बड़कागांव विधानसभा के माननीय विधायक श्री रौशनलाल चौधरी जी सम्मलित होकर अपने कर कमलों से फीता काटकर प्रदर्शनी की शुरूआत की, तत्पश्चात अलग-अलग स्थलों में छात्र छात्राओं द्वारा बनाये मॉड्यूल को अवलोकन किया जिसमे विभिन्न प्रकार के विज्ञान एवं पर्यावरण संबंधित कई प्रकार की प्रदर्शनी लगाई गई थी, अपने सम्बोधन मे माननीय विधायक श्री रौशनलाल चौधरी जी ने कहा की स्कुल प्रबंधन को चाहिए की किताब ज्ञान के साथ-साथ भविष्य में समाज को जरुरत पूरा करने वाले अविष्कार पर भी ध्यान देने की जरुरत है, आगे उन्होंने कहा की देश दुनियां कई गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही है जिसमे मुख्य रूप से ग्लोबल वार्मिंग है।

गांवों की खुशहाली मापने के लिए बनाएं नए मानदंड

सुमित कुमार सिंह, स्वतंत्र पत्रकार

घरेलू खर्च के इस नए आंकड़े को देखते वक्त हमें इस संदर्भ पर भी ध्यान देना होगा। बहरहाल हमें यह भी ध्यान देना होगा कि ग्रामीण इलाकों में खाद्यान्न विशेषकर गेहूं और चावल पर खर्च में निजी या पारिवारिक खर्च में कमी आई है। दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था वाले अपने देश की पहचान उसके गांव रहे हैं। देश सिर्फ ग्रामीण संस्कृति और कृषि व्यवस्था के लिए ही नहीं, सहकार और शिल्पकारी के लिए भी वैश्विक पहचान रखते रहे हैं। सोने की चिड़िया कहे जाने वाले दौर में भी भारतीय कृषि और आर्थिकी के आधार गांव ही रहे। यह बात और है कि अंग्रेजी शासन के दौरान से भारतीय गांवों का पतन शुरू हुआ। इसके बाद भारतीय गांव गरीबी और मजबूरी के पर्याय माने जाने लगे। लेकिन घरेलू उपयोग और खर्च के ताजा सर्वेक्षण की रिपोर्ट बता रही है कि गांवों की आर्थिक तस्वीर बदलने लगी है।

भारत सरकार के सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से घरेलू उपयोग और खर्च के लिए कराए गए सर्वेक्षण के अनुसार शहरी और ग्रामीण इलाकों में घरेलू खर्च का जो पहले अंतर रहता था, वह लगातार घटता चला गया है। अगस्त 2023 से जुलाई 2024 के दौरान किए गए सर्वेक्षण के मुताबिक, ग्रामीण और शहरी भारत में प्रति व्यक्ति औसत मासिक खर्च 4,122 रुपये और 6,996 रुपये हो गया है। जबकि पहले यानी 2022 से 2023 के बीच यह खर्च क्रमशः 3,773 रुपये और 6,459 रुपये था? यानी शहरी और ग्रामीण भारत की प्रति व्यक्ति खर्च दर में बड़ा अंतर था। मोटे तौर पर यह आंकड़ा बता रहा है कि हाल के दिनों में ग्रामीण इलाकों में आर्थिक समृद्धि पहले की तुलना में बढ़ी और उस लिहाज से खर्च भी बढ़ा है। 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की 68 प्रतिशत आबादी गांवों में रहती है, जबकि 32 प्रतिशत आबादी शहरों में है। स्वाधीन भारत में विशेषकर उदारीकरण के बाद जिस तरह का विकास मॉडल हमने अपनाया, उसमें शहरी विकास पर सबसे ज्यादा फोकस रहा, ग्रामीण विकास या तो रस्मी रहा या फिर उस पर फोकस शहरों की तुलना में कम रहा। शहरों की ओर रोजगार और जीवन सुविधाएं केंद्रित होती चली गईं। शिक्षा के भी बेहतर अवसर गांवों की तुलना में शहरों की ओर बढ़ते गए। इस लिहाज से ग्रामीण क्षेत्रों से सबसे ज्यादा पलायन रोजगार और शिक्षा के लिए हुआ। फिर जिन परिवारों के पास सहूलियतें बढ़ीं, उन परिवारों ने अपनी हैसियत और बजट के लिहाज से मुफीद पाए जाने वाले शहरों की ओर रहने के लिए रूख किया। यही वजह है कि शहरी और ग्रामीण आबादी का जो अनुपात आबादी के समय था, वह आज बदल चुका है। आजादी के वक्त तकरीबन 80 फीसद से ज्यादा लोग गांवों में रहते थे, अनुमान है कि वह घटते-घटते अब साठ और पैंसठ फीसद के बीच आ गई है। रिकॉर्ड पर ग्रामीण आबादी का इतना बड़ा हिस्सा भले ही गांवों में बसता हो, लेकिन हकीकत यह है कि इसमें एक बड़ा हिस्सा शहरों में रोजी-रोटी और शिक्षा के लिए कभी शौकिया तो कभी मजबूरीवश रहने को मजबूर है। इसलिए रिकॉर्ड की तुलना में वास्तविक ग्रामीण आबादी अब और भी कम हो चुकी है।

घरेलू खर्च के इस नए आंकड़े को देखते वक्त हमें इस संदर्भ पर भी ध्यान देना होगा। बहरहाल हमें यह भी ध्यान देना होगा कि ग्रामीण इलाकों में खाद्यान्न विशेषकर गेहूं और चावल पर खर्च में निजी या पारिवारिक खर्च में कमी आई है। इसकी वजह यह है कि सरकार की ओर से तमाम तरह की योजनाएं और सामाजिक कल्याण कार्यक्रम चल रहे हैं। मुफ्त खाद्यान्न योजना समेत कई अन्य सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों के जरिये मुफ्त में मिल रही चीजों की कीमतों को ध्यान में रखें तो घरेलू खर्च के ये आंकड़े ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए क्रमशः 4,247 रुपये और 7,078 रुपये हो जाते हैं। मौजूदा कीमतों के संदर्भ में देखें तो शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति खर्च पर औसत आठ और नौ प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। साल 2011-12 में शहरी और खपत खर्च के बीच 84 प्रतिशत का अंतर था, जो 2022-23 में घटकर 71 प्रतिशत हो गया। जो अब 70 फीसद ही रह गया है। इन आंकड़ों से ग्रामीण इलाकों में बढ़ती खुशहाली की तसवीर सामने आती है। दिलचस्प यह है कि इस आंकड़े में खाने-पीने के अलावा की चीजों पर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में यह खर्च 60 और 53 प्रतिशत रहा। इसका मतलब साफ है कि अब ग्रामीण इलाकों में भी वाहन, कपड़े, बिस्तर, जूते, मनोरंजन एवं टिकाऊ आदि सामानों पर खर्च बढ़ा है। इससे साफ है कि उपभोक्तावाद ने ग्रामीण इलाकों पर भी जोरदार दस्तक दी है। वैसे ऑनलाइन स्टोर से गांवों में खरीददारी बढ़ी है और उनके डिलीवरी एजेंटों की बाइकें अब ग्रामीण इलाकों का भी खूब चक्कर लगा रही हैं।

पिछले साल मई में रिजर्व बैंक ने भी ग्रामीण इलाकों में बढ़ती खपत खर्च को लेकर ऐसे ही आंकड़े जारी किए थे। इन्हीं आंकड़ों के आधार पर रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने उम्मीद जताई थी कि भारतीय अर्थव्यवस्था में तेजी रहेगी और देश की जीडीपी दर मे 7.3 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हो सकती है। लेकिन रिजर्व बैंक ने इसी रिपोर्ट में ग्रामीण इलाकों में बढ़ते कर्ज को लेकर भी रिपोर्ट जारी की थी। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की रिपोर्ट में भी कर्ज को लेकर चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। इसके मुताबिक, कर्ज लेने में ग्रामीण क्षेत्रों के लोग कहीं ज्यादा आगे हैं। गांवों में प्रति एक लाख लोगों में 18,714 लोग ऐसे हैं, जिन्होंने कोई न कोई कर्ज ले रखा है, जबकि शहरों में यह आंकड़ा 17,442 प्रति लाख ही है। साफ है कि उपभोक्तावाद ग्रामीण संस्कृति को बदलने में बड़ी भूमिका निभा रहा है। कर्ज कभी गांवों के लोगों के लिए सिरदर्द होते थे, इसलिए वहां बचत केंद्रित आर्थिकी पर जोर था। लेकिन अब इसमें गिरावट आई है। इसका मतलब साफ है कि गांवों में खर्च भले ही बढ़ रहा है, लेकिन यह भी सच है कि गांवों की तसवीर अभी कम से कम वैसी नहीं हो पाई है, जिस स्तर पर शहरी तसवीर है। गांवों का समृद्ध होना जरूरी है। हाल के दिनों में जनसंख्या को बढ़ाने और न बढ़ाने को लेकर सियासी तौर पर अपने-अपने तर्क दिए जा रहे हैं। इन तर्कों के अपने आधार हो सकते हैं। लेकिन इससे शायद ही कोई इनकार करेगा कि भारत के शहरों की सांस अगर फूल रही है तो इसकी बड़ी वजह उनकी ओर बेतहाशा हो रहा पलायन और उस बड़ी जनसंख्या के लिए इस्तेमाल हो रहे उपभोक्ता वस्तुओं का बड़ा योगदान है। भारत में आबादी बढ़ाने की जगह आबादी के समन्वित और संतुलित वितरण की जरूरत ज्यादा है। ग्रामीण इलाकों में आबादी को रोकने की कोशिश होनी चाहिए। ग्रामीण आबादी को बुनियादी शिक्षा और रोजगार गांवों या उसके आसपास ही उपलब्ध कराने की नीतियों पर आगे बढ़ना चाहिए। अगर ऐसा होगा तो निश्चित तौर पर आबादी को संतुलित किया जा सकेगा। तब गांव आबादी विहीन नहीं होंगे और शहरों पर आबादी का असंतुलित बोझ नहीं बढ़ेगा। गांवों में हो रही खपत और खर्च को लेकर आ रहे आंकड़ों का पहला असर यही होना चाहिए कि गांवों में आबादी रूके। लेकिन ऐसा होता नजर नहीं आ रहा है।

आज का राशिफल

स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि, नई दिल्ली ।

मेष राशि :- आज के दिन काफी अच्छा महसूस करेंगे। मानसिक रूप से खुशी की अनुभूति होगी। नई जगहों पर भ्रमण पर जाएंगे। मित्रों का साथ उत्साहित रखेगा। प्रतिस्पर्धा में आगे रहेंगे। आपके विचारों में काल्पनिकता का समावेश हो सकता है, बेहतर होगा इसका इस्तेमाल आप रचनात्मक कार्यों में करें। किसी नए कार्य की शुरूआत न करें, अच्छे समय का इंतजार करें। किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं।

वृषभ राशि :- आज का दिन अच्छा रहेगा। घर में सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी। इच्छित वस्तु प्राप्ति की संभावना है। शुभ कार्यों में रुचि बनी रहेगी। परिजनों के साथ आनंदमय समय बिताएंगे। नए व्यावसायिक संबंध मजबूत होंगे। अपने लिए कुछ खास करना चाहते हैं तो यह समय एकदम उचित है। अपने आस-पास के लोगों पर गुस्सा आ सकता है। क्रोध पर काबू और खर्च पर नियंत्रण रखें। यात्रा पर जाने से बचें।

मिथुन राशि :- आज का दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक मामलों में बेहतर बने रहेंगे। मित्रों से भेंट होगी। कला कौशल को बल मिलेगा। किसी धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होंगे, जिससे घर में खुशहाली रहेगी। नए कार्य की शुरूआत के लिए समय अच्छा है। कोई शुभ समाचार मिल सकता है। खुद को मानसिक रूप से काफी मजबूत महसूस करेंगे। कामकाज में अधिक समय देने की सोचें। आलस्य से बचें।

कर्क राशि :- आज का दिन कुछ सकारात्मक परिवर्तन लेकर आ सकता है। आकस्मिक खर्च बढने. से आप तनाव महसूस करेंगे, अनावश्यक खर्चों पर नियंत्रण रखें। अपनी जिम्मेदारियों को अच्छे से निभाएंगे। समाज में सराहना और सम्मान की प्राप्ति होगी। परिवार के साथ समय बिताएंगे। परिजनों के साथ घूमने जा सकते हैं। काम की व्यस्तता रहेगी। खान-पान का ध्यान रखें, क्योंकि स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

सिंह राशि :- आज का दिन अच्छा रहेगा। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में कामयाब होंगे, नौकरी में तरक्की और व्यवसाय में अच्छा मुनाफा होने की संभावना है। अपने ज्ञान और बुद्धि से दूसरों का प्रभावित करेंगे। सफलता और सहयोग के अच्छे संकेत हैं। नई कोशिशों से सभी को आकर्षित करेंगे। अनुशासन का ध्यान रखें। अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दें और बाहर का खाना खाने से बचें।

कन्या राशि :- आज का दिन मिला-जुला रहेगा। काफी प्रसन्न रहेंगे और भव्यता व सभ्यता पर जोर रहेगा। खर्च और निवेश बढ़ा हुआ रहेगा। लोगों से सराहना मिलेगी। यात्रा में सतर्कता रखें। अनजान लोगों से करीबी बढ़ाने में सावधान रहें। दोस्तों का साथ मिलेगा और उनके साथ समय बिताएंगे। बिना वजह किसी से विवाद करने से बचें, बेवजह झगड़ा हो सकता है। धार्मिक कार्यों की रूझान तरफ रहेगा।

तुला राशि :- आज का दिन अच्छा नहीं रहेगा। गुस्से पर काबू रखें, अन्यथा परिवार वालों के साथ विवाद हो सकता है। कड़वी बातों को नजरअंदाज करने की कोशिश करें। मेहनत और लगन से लक्ष्य पूर्ति में सफल होंगे। साथियों और वरिष्ठों का सहयोग मिलेगा। कार्यस्थल पर थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता है। किसी धार्मिक स्थल पर जाकर जरूरतमंद को दान करें, आत्मिक शांति मिलेगी।

वृश्चिक राशि :- आज का दिन सामान्य रहेगा। अपने परिवार को लेकर चिंतित रहेंगे। क्रोध पर नियंत्रण रखें। आर्थिक कोशिशें बेहतर बनीं रहेंगी। लाइफ स्टाइल से जुड़ी वस्तुओं के प्रति रुझान बढ़ेगा। घर में सुख सौख्य सौंदर्यबोध बढ़ेगा। पदोन्नति के योग बन रहे हैं, किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है। वहीं अगर किसी काम में अड़चन आ रही है तो धैर्यपूर्वक कार्य को पूर्ण करने का प्रयास करें।

धनु राशि :- आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ रहेगा। धनप्राप्ति के योग बनेंगे। जो भी करेंगे उसमें बेहतर रहेंगे। मित्रों का भरपूर सहयोग मिलेगा। परीक्षार्थी उम्मीद के अनुरूप परिणाम पाएंगे। परिवार के सदस्यों के साथ समय बिताएंगे। कहीं घूमने भी जा सकते हैं। किसी व्यावसायिक यात्रा पर भी जा सकते हैं, यात्रा से लाभ होगा। किसी वजह से अतिरिक्त खर्च करना पड़ सकता है।

मकर राशि :- आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कानूनी कार्यों में सफलता मिल सकती है। नई परियोजना को अमल में ला सकते हैं। परिवार में खुशी का वातावरण बना रहेगा। सहजता और सरलता से आगे बढ़ते रहें। मौसम की प्रतिकूलताओं को हल्के में न लें। सेहत के प्रति सजग रहें। घर परिवार में बड़ों का सानिध्य सुख बढ़ाएगा। मानसिक उथल-पुथल का सामना करना पड़ सकता है।

कुम्भ राशि :- आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में मुनाफा रहेगा। सभी कार्य आसानी से पूरे होंगे, जिससे खुद पर भरोसा बढ़ेगा। साझा प्रयासों में अधिक सफलता के संकेत हैं। मान-सम्मान में वृद्धि होने से आप बहुत प्रसन्न रहेंगे। मानसिक रूप से काफी हल्का महसूस करेंगे। घर में सुखमय वातावरण रहेगा। दिन वाणिज्यिक गतिविधियों में रुचि बढ़ाने वाला। जीवन साथी से वैचारिक मतभेद दूर होंगे।

मीन राशि :- आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्य स्थल पर काफी मेहनत करेंगे, जिसका लाभ आगे चलकर मिलेगा। मेहनत और लगन से आगे बढ़ते रहें। घर परिवार में हर्ष आनंद बना रहेगा। खान-पान पर ध्यान देने के साथ-साथ अपने आस-पास स्वच्छता का भी ध्यान रखें, अनावश्यक खर्च करने से बचें। वाणी पर संयम रखें और सोच समझकर बोलें, अन्यथा बेवजह के विवाद में पड़ सकते हैं।

दिल्ली में इस बार जनता के लिए घोषणापत्र नहीं, लॉटरी पेश कर रहे हैं राजनीतिक दल

आम आदमी पार्टी की ही बात कर लें तो बिजली और पानी फ्री देने की राजनीति शुरू करने वाली इस पार्टी ने पैकेज के रूप में बिजली और पानी के साथ मौत भी फ्री ही रखी है क्योंकि इस पार्टी के राज में प्रदूषण की गंभीर स्थिति के चलते हर उम्र के लोगों को तमाम तरह की बीमारियां हो गयी हैं। इस समय दिल्ली में सेल चल रही है। वैसे अक्सर सेल में 50 प्रतिशत या उससे भी ज्यादा की छूट दी जाती है लेकिन दिल्ली में चुनावी मौसम में चल रही सेल में 100 प्रतिशत की छूट है। यानि सब कुछ मुफ्त। सब कुछ मुफ्त देने से सरकारी खजाने को कितना नुकसान होगा इसकी परवाह किसी को नहीं है क्योंकि हर पार्टी विधानसभा में अपनी सीटें किसी भी कीमत पर बढ़ाने का प्रयास कर रही है। सब कुछ मुफ्त देने से दिल्ली में महंगाई का आलम क्या होगा यह सोचे बिना राजनीतिक दल गारंटियों पर गारंटियों की घोषणा किये जा रहे हैं। सब कुछ मुफ्त देने से लोगों का सशक्तिकरण होने की बजाय उनके निठल्ले बनने की संभावनाएं ज्यादा हैं लेकिन फिर भी सब कुछ फ्री देने की होड़ में राजनीतिक पार्टियां एक दूसरे से आगे निकली जा रही हैं। दिल्ली में प्रति व्यक्ति आय देश में सबसे ज्यादा है उसके बावजूद यहां के लोगों को फ्री में सुविधाएं हासिल करने की आदत लगा दी गयी है। सरकारी खजाने को लूटो और लुटाओ की नीति के चलते दिल्ली का राजस्व नुकसान हुआ, भ्रष्टाचार के अवसर बढ़े, दिल्ली का बजट घाटा बढ़ा लेकिन किसी को कोई परवाह नहीं है इसीलिए यह पहली बार देखने को मिल रहा है कि दिल्ली की सत्ता पाने को आतुर पार्टियां एक दो नहीं बल्कि अपने आधा आधा दर्जन घोषणापत्र जारी कर रही हैं। पहले चुनावों में किसी राजनीतिक दल का घोषणापत्र उसकी नीतियों, कार्यक्रमों और समस्याओं से निजात दिलाने की रूपरेखा प्रस्तुत करता था लेकिन आज पार्टियों का घोषणापत्र उनकी सत्ता लोलुपता को प्रदर्शित कर रहा है। देखा जाये तो यह घोषणापत्र नहीं बल्कि लॉटरी पेश करने जैसा है।

दिल्ली में सत्तारुढ़ आम आदमी पार्टी की ही बात कर लें तो बिजली और पानी फ्री देने की राजनीति शुरू करने वाली इस पार्टी ने पैकेज के रूप में बिजली और पानी के साथ मौत भी फ्री ही रखी है क्योंकि इस पार्टी के राज में प्रदूषण की गंभीर स्थिति के चलते हर उम्र के लोगों को तमाम तरह की बीमारियां हो गयी हैं। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में जन लोकपाल लाने का वादा किया था लेकिन भ्रष्टाचार के नये रिकॉर्ड बना दिये, आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में शिक्षा क्रांति लाने का ढोल पीटा जबकि असल में एक बोतल पर दूसरी बोतल फ्री देकर दारू क्रांति लाई गयी। आम आदमी पार्टी ने सादगी और शुचिता की बात की थी लेकिन उसके नेता शीश महल में रहे और सुरक्षा का बड़ा अमला तथा अन्य सुख सुविधाओं को भोगते रहे। अब ह्यह्यकेजरीवाल की गारंटीह्लह्ल शीर्षक से पार्टी का जो घोषणापत्र जारी किया गया है वह भी खजाने को लुटाने का छलावा दिखा कर मतदाताओं के मत लूटने का प्रयास लगता है। हम आपको बता दें कि आम आदमी पार्टी के घोषणापत्र में 15 गारंटी का जिक्र है, जिसमें केजरीवाल ने अपनी पहली गारंटी के रूप में दिल्ली के निवासियों के लिए रोजगार सृजन के ह्यह्यठोसह्लह्ल कदम का वादा किया है।

बहरहाल, देखा जाये तो मुफ्त सुविधाएं केवल अल्पकालिक राहत प्रदान करती हैं। जबकि लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कौशल सिखाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। साथ ही मतदाताओं को इन लाभों की कीमत के बारे में पता होना चाहिए जो अंततः जनता की जेब से ही आती है। यहां तक कि निर्धनतम व्यक्ति भी अप्रत्यक्ष रूप से टैक्स दे रहा है। यह भी ध्यान रखना चाहिए कि ऐसी योजनाएं महिलाओं को स्वतंत्र नागरिक के रूप में पहचान देती हैं, लेकिन वे अक्सर महिलाओं को केवल लाभार्थी के रूप में सीमित कर देती हैं। देश की सरकार जब भारत को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने का लक्ष्य लेकर चल रही है तो नागरिकों को सिर्फ लाभार्थी तक सीमित करना गलत होगा क्योंकि सरकार पर निर्भर रह कर कोई व्यक्ति आत्मनिर्भर नहीं बन सकता और बिना हर नागरिक के योगदान के देश विकसित नहीं हो सकता।

-नीरज कुमार दुबे

हड़ताल का इलाज

नीट पीजी काउंसिलिंग में देरी के खिलाफ रेजिडेंट डॉक्टरों की कई दिनों से जारी हड़ताल व दिल्ली में विरोध-गप्रदर्शन के बाद अब देशव्यापी सेवा-बहिष्कार की घोषणा ने एक बार फिर यह उजागर किया है कि हमारा तंत्र किसी भी समस्या के प्रति तब तक उदासीन बना रहता है, जब तक कि उससे व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित न होने लगे। रेजिडेंट डॉक्टरों की हड़ताल के कारण पहले ही राजधानी के ज्यादातर बड़े अस्पतालों की सामान्य चिकित्सा सेवा सहित आपातकालीन सेवाएं प्रभावित हुई हैं, और मरीजों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस बेहद मानवीय पहलू को ध्यान में रखते हुए कि राजधानी में इलाज के लिए देश भर से लोग आते हैं, और इनमें भी सर्वाधिक संख्या निम्न आयवर्ग या मध्यवर्ग के मरीजों की होती है, सरकार व युवा डॉक्टरों को अतिरिक्त संवेदनशीलता बरतनी चाहिए। इन रेजिडेंट डॉक्टरों के कंधों पर सरकारी अस्पतालों की चिकित्सा व्यवस्था का काफी दारोमदार होता है। उन्हें नहीं भूलना चाहिए कि समाज के ये वर्ग निजी अस्पतालों में इलाज का बोझ नहीं उठा सकते। यह सही है कि सामान्य परिस्थिति होती, तो जनवरी में ही पीजी की प्रवेश परीक्षा आयोजित हो चुकी होती, और आगे की प्रक्रिया भी अपने अंजाम पर होती। लेकिन कोविड-19 के कारण पहले तो इस प्रवेश परीक्षा को कई महीनों तक टालना पड़ा और जब सितंबर में परीक्षा हुई, तो उसके बाद आरक्षण व्यवस्था में आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग की एक नई श्रेणी का मसला सुप्रीम कोर्ट में पहुंच गया और फिर विलंब होता गया। एमबीबीएस कर चुके लगभग 45,000 जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर करीब एक साल से इसकी प्रतीक्षा कर रहे हैं और उनकी मांग है कि सरकार सुप्रीम कोर्ट से जल्दी अनुरोध कर इस मसले को निपटाए। स्वास्थ्य मंत्री ने कुछ दिनों पहले उन्हें आश्वासन भी दिया था, मगर वह संतुष्ट नहीं कर सके। देश भर की शिक्षा व्यवस्था पर महामारी का असर पड़ा है, और मेडिकल शिक्षा इससे अलग नहीं है। शायद तंत्र में संजीदगी की कमी ने उन्हें अधीर किया है, इसलिए सरकार को फौरन उनसे संवाद करना चाहिए।

एक ऐसे समय में, जब देश ओमीक्रोन को लेकर काफी सशंकित है, तब स्वास्थ्य सेवा से जुड़े लोगों और सत्ता-प्रतिष्ठान में बेहतर तालमेल की जरूरत है। देश जानता है और उसने देखा है कि हमारे सरकारी अस्पताल और डॉक्टर काफी दबाव में काम करते हैं और कोविड-19 महामारी के दौरान उनका योगदान अप्रतिम रहा। लेकिन चिकित्सक बिरादरी को भी यह याद रखना चाहिए कि जब कभी वे देशव्यापी सेवा-बहिष्कार जैसे चरम कदम उठाते हैं, तो उनके आंदोलन का नैतिक बल कमजोर पड़ता है, क्योंकि इसके सबसे बुरे शिकार गरीब लोग होते हैं। इसलिए उन्हें अपनी मांगें मनवाने या सरकार पर दबाव बनाने के लिए कोई और अभिनव तरीका अपनाना चाहिए। नीति आयोग की हालिया रिपोर्ट यह जानने के लिए काफी है कि उत्तर भारतीय प्रदेशों में चिकित्सा सुविधाओं की स्थिति कितनी दयनीय है। ऐसे में, केंद्र व राज्य सरकारों को अतिरिक्त सक्रियता दिखानी होगी, ताकि इस क्षेत्र के संसाधनों की कमी दूर की जा सके और जो मानव संसाधन अभी उपलब्ध हैं, उनमें कोई असंतोष न पैदा हो। व्यापक जनहित में दोनों पक्षों को एक ऐसा ढांचा विकसित करना होगा, ताकि शिकायतें सड़क पर न पहुंचें।

निराशा को आशाजनक अवसरों में बदलने की खिड़की है 'परीक्षा पे चर्चा'

प्रधानमंत्री इस बात को बखूबी समझते हैं कि पढ़ाई और परीक्षा का तनाव छात्रों के लिए अभिशाप है। वे शिक्षा के स्तर को तो सुधार ही रहे हैं, लेकिन परीक्षा पे चर्चा के माध्यम से छात्रों का मनोबल भी बढ़ा रहे हैं ताकि परीक्षा तनावमुक्त हो और मोदी के गुरु मंत्रों का सीधा फायदा छात्रों को मिले। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा परीक्षा पे चर्चा के दौरान दिया गया उद्बोधन एवं गुरु मंत्र छात्रों के लिये ऐसा आलोक स्तंभ है जो भविष्य की अजानी राहों एवं परीक्षा के जटिल क्षणों में पांव रखते समय उस आलोक को साथ में रख लिया गया तो उनके मार्ग में कहीं भी अवरोध, तनाव एवं संकट नहीं आ सकेगा। क्योंकि मोदी के ये गुरुमंत्र उनकी समर्थता, सिद्धता, अनुभव एवं साधना से उपजे हैं जो छात्रों के साथ-साथ शिक्षकों और अभिभावकों के लिये भी रामबाण औषधि की तरह हैं। बोर्ड परीक्षाओं को लेकर छात्रों के अंदर डर और तनाव दोनों होता है, ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बच्चों के भीतर से इस डर और तनाव को समाप्त करने के लिए हर साल परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम करते हैं। इस वर्ष भारत मंडपम, आईटीपीओ, नई दिल्ली में हुए इस अनूठे एवं प्रेरक कार्यक्रम में जहां तकरीबन 4,000 छात्रों ने हिस्सा लिया, वहीं लगभग 2.26 करोड़ रजिस्ट्रेशन हुए थे, जो एक रिकॉर्ड है। यह परीक्षा पर चर्चा का 7वां संस्करण है, जिसमें छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के साथ प्रधानमंत्री मोदी ने बातचीत करते हुए परीक्षाओं को तनाव का कारण न बनने देने की सीख दी। इस विलक्षण प्रयोग एवं उपक्रम में छात्रों ने अपनी जिज्ञासाओं के पंख खोले। वे परीक्षा से जुड़े अनेक संदेहों, शंकाओं एवं डर को लेकर यहां आये, लेकिन लौटते समय उन चेहरों पर संतोष की झलक थी। उन्होंने कुछ अद्भुत या मौलिक, समाधानकारी एवं प्रभावी पाया या नहीं, लेकिन जितना पाया वह उनकी उम्मीद से अधिक था। वे ही नहीं, भारत के असंख्य छात्रों एवं परीक्षार्थियों के लिये यह आयोजन नवऊर्जा एवं नयी दिशाओं के उद्घाटन का माध्यम बना है, जहां से छात्रों के जीवन में व्यापक परिवर्तन, उत्साह एवं जिजीविषा की ज्योति प्रज्ज्वलित हुई है।

प्रधानमंत्री इस बात को बखूबी समझते हैं कि पढ़ाई और परीक्षा का तनाव छात्रों के लिए अभिशाप है। वे शिक्षा के स्तर को तो सुधार ही रहे हैं, लेकिन ह्यपरीक्षा पे चर्चाह्ल के माध्यम से छात्रों का मनोबल भी बढ़ा रहे हैं ताकि परीक्षा तनावमुक्त हो और मोदी के गुरु मंत्रों का सीधा फायदा छात्रों को मिले। ह्यपरीक्षा पे चर्चाह्ल की विशेषता यह है कि इससे जुड़े प्रतिभागी किसी खास वर्ग, क्षेत्र, उम्र, जाति या धर्म के न होकर भारत के सभी राज्यों से लेकर विदेश तक के जूनियर और सीनियर कक्षाओं के विद्यार्थी के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थी होते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के संवाद की व्यापकता विद्यार्थियों द्वारा पूछे प्रश्नों के उत्तर में अपनी बात को केवल परीक्षा तक ही सीमित न कर उसे जीवन से जोड़ देती है। विद्यार्थी जीवन में आने वाली अनेक समस्याएं प्रायः किसी न किसी रूप में जीवन के दूसरे पड़ाव में भी जरूर आती हैं। नरेन्द्र मोदी के शब्दों का जादू और भारत की शिक्षा को ऊंचाई तक ले जाने की तड़प ने एक-एक छात्र एवं शिक्षक को भीतर तक हिला दिया। इस अभिक्रम को देख कुछ लोग तो आश्चर्य में डूब गये क्योंकि मोदी ने शुरूआत में ही कहा कि छात्र पहले से कहीं अधिक नवोन्मेषी हो गए हैं, इसलिये यह कार्यक्रम मेरे लिए भी एक परीक्षा की तरह है। उन्होंने माता पिता से कहा कि आपको किसी बच्चे की तुलना किसी दूसरे से नहीं करनी चाहिए क्योंकि यह उसके भविष्य के लिए हानिकारक हो सकता है।

प्रगति यात्रा के दौरान ग्रामीणों का प्रदर्शन

सड़क-पुल बनाने की मांग, तख्ती ले पहुंचे सैकड़ों आदिवासी; बैरिकेडिंग के पास ही रोका गया

पूर्णिया । मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा के दौरान विरोध प्रदर्शन हुआ है। ये प्रदर्शन मंत्री लेसी सिंह के विधानसभा क्षेत्र के अंदर आने वाले नगर प्रखंड के भुतहा मोड़ के पास हुआ। हाथों में तख्ती लेकर सैकड़ों की संख्या में आदिवासी समाज के लोगों ने अपनी मांग को लेकर सीएम नीतीश के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। वे सीएम की गाड़ी का घेराव करते, इससे पहले ही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था होने के कारण उन्हें बैरिकेडिंग के पास ही पुलिस ने रोक लिया। सीएम की सिक्योरिटी में लगे जवानों और पदाधिकारियों ने सुरक्षा घेरा देते हुए मुख्यमंत्री को आयोजन स्थल तक पहुंचा दिया। नीतीश कुमार यहां तकरीबन 7 मिनट तक रुके। भुतहा मोड़ के पास प्रस्तावित बाईपास स्थल का अवलोकन किया। फिर सड़क मार्ग के रास्ते रंगभूमि मैदान के लिए रवाना हो गए। हालांकि प्रदर्शन कर रहे लोगों को ये उम्मीद थी कि सीएम उनसे मिलेंगे और उनकी मांग सुनी जाएगी। मुख्यमंत्री नीतीश उन्हें नजरअंदाज करते हुए निकल गए। प्रदर्शन दोपहर करीब 12.28 बजे हुआ। सीएम नगर प्रखंड की मजरा पंचायत के भवानीपुर गांव स्थित कार्यक्रम स्थल से विकास योजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास के बाद कार्यक्रम के अगले पड़ाव भुटहा मोड़ बाईपास स्थल का अवलोकन करने पहुंचे थे। इसकी जानकारी ग्रामीणों को पहले से ही थी। सीएम के आने की सूचना पर हाथों में तख्तियां लिए सैकड़ों ग्रामीण भुतहा मोड़ बैरिकेडिंग के पास जुट गए। सीएम का काफिला आता देख प्रदर्शन शुरू हुआ। झुन्नी इस्तम्बरार वार्ड 7 में सड़क चाहिए, नीतीश जी झुन्नी इस्तम्बरार सिमोदी रहिका में सड़क बना दें जैसी तख्तियां लिए ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में झुन्नी इस्तमबरार पंचायत के समुद्री रहिका टोला वार्ड नंबर 6 और 7 के आदिवासी समाज के सैकड़ों लोग शामिल रहे। दिनेश शर्मा ने कहा कि सिमोदी रहिका टोल की कुल आबादी लगभग 5 हजार है। इसमें महादलित, आदिवासी के साथ ही पिछड़ा और अति पिछड़ा समाज के लोग रहते हैं। सिमोदी रहिका कोशी के बांध पर बसा हुआ गांव है, जहां बारिश के दिनों में चारों तरफ से पानी लग जाता है। अगर इस पुल का निर्माण हो जाता है तो कोसी के उस पार बसे दर्जनों गांव के लोगों को के.नगर प्रखंड कार्यालय, रेलवे स्टेशन, थाना, अस्पताल के साथ बाजार तक जाने में आसानी होगी। इस वक्त उन्हें तकरीबन 12 किलोमीटर घूमकर प्रखंड मुख्यालय जाना पड़ता है। झुन्नी इस्तेमबरार पंचायत के वार्ड-7 के नंदी किस्कू, सुखी टुडू, संजू मुर्मू , संझली मूर्मू, ललिता हेंब्रम, मंझली मरांडी, लखिमुय टुडू संगीता टुडू ने बताया कि आजादी के 70 साल बीत जाने के बाद भी न तो सड़क बनी और न झव्वाड़ी घाट पर पुल का निर्माण कराया गया है।

धनबाद इंटरसिटी से नीचे गिरा इंटर का छात्र

सासाराम। रेलवे स्टेशन पर एक हादसा सामने आया है। यहां एक 16 साल का छात्र चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश कर रहा था। इस दौरान गंभीर रूप से ये घायल हो गया। घायल छात्र की पहचान बेलाढी गांव निवासी शैलेंद्र पासवान के बेटे चंद्रदीप कुमार के रूप में हुई है।

घटना पंडित दीनदयाल गया रेल खंड पर स्थित सासाराम रेलवे स्टेशन की है। चंद्रदीप अपना इंटरमीडिएट परीक्षा सेंटर देखने के लिए सासाराम से डेहरी जा रहा था। जैसे ही धनबाद इंटरसिटी स्टेशन पर पहुंची, भीड़ को देखते हुए चंद्रदीप ने चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास किया। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह ट्रेन के नीचे जा गिरा, जिससे उसका पैर कट गया। घटना के बाद स्टेशन पर अफरा-तफरी मच गई। आरपीएफ और मौजूद लोगों की मदद से घायल छात्र को तत्काल सासाराम सदर अस्पताल के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया।

बक्सर: एनडीए के सम्मेलन का आयोजन

दिलीप जायसवाल ने गीत गाकर कार्यकताओं में भरा जोश, कहा- बिहार में हो रहा विकास

बक्सर । ऐतिहासिक किला मैदान में मंगलवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने अपने अनूठे अंदाज से सबका दिल जीत लिया। उन्होंने न केवल भाषण दिया बल्कि गीत गाकर कार्यकताओं में नया जोश भर दिया।

उन्होंने कहा कि एनडीए का झंडा टोपी भले अलग अलग रंग के है, लेकिन सौ साल पहले जो प्यार था वो आज भी है। कार्यक्रम में जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, अनिल कुमार सिंह हम, राजू तिवारी लोजपा,मदन चौधरी रालोमो और बिहार सरकार के पूर्व मंत्री संतोष कुमार निराला ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने में अपनी अपनी महता दिखलाई। सम्मेलन की अध्यक्षता अशोक कुमार सिंह जिलाध्यक्ष जदयू और संचालन ओमप्रकाश भुवन जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी ने किया। एनडीए के सभी प्रदेश अध्यक्ष ने दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया । एनडीए के सभी जिलाध्यक्षों की ओर से आए हुए एनडीए के सभी प्रदेश अध्यक्षों का बड़े माला से स्वागत किया। हजारों की संख्या में एनडीए के कार्यकर्ता मौजूद रहे । सरकार के पूर्व मंत्री संतोष कुमार निराला ने भी सम्मेलन को संबोधित किया। आने वाले समय में बिहार के साथ साथ बक्सर को विकसित बनाने की बात कही। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी शम्भू सिद्धार्थ और अशोक भट्ट ने भी नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार को विकसित बनाने की बात की। उमेश कुशवाहा प्रदेश अध्यक्ष जदयू ने सरकार के कार्यों और उपलब्धियों को कार्यकर्ता और जनसमूह के बीच रखा और कहा कि आने वाले 2025 के विधानसभा का चुनाव एनडीए मजबूती से एक साथ लड़ेगा और 225 सीट जीत कर पुनः आप लोगों के सहयोग से एनडीए की सरकार बनेगी।

बख्शीश मांगने गए किन्नरों के साथ मारपीट

कार्रवाई न होने पर थाने का किया घेराव, सड़क जाम

समस्तीपुर । मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के विशंभरपुर ऐलौथ गांव में बख्शीश मांगने गए किन्नरों के साथ मारपीट की घटना हुई थी। इस मामले में पुलिस की निष्क्रियता के विरोध में मंगलवार को किन्नरों ने मुसरीघरारी थाने का घेराव कर दिया। नाराज किन्नरों ने समस्तीपुर-पटना मुख्य मार्ग को जाम कर दिया, जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। प्रदर्शनकारी किन्नरों ने आरोप लगाया कि पुलिस अब तक आरोपियों को गिरफ्तार करने में नाकाम रही है। जानकारी के मुताबिक, घटना बीते सप्ताह की है। जब मोहम्मद आले के घर एक समारोह के बाद किन्नरों की टोली बधाई मांगने पहुंची थी। किन्नरों का दावा है कि उन्होंने परंपरागत तरीके से नाच-गाने के बाद बख्शीश मांगी, लेकिन परिवार के सदस्यों ने लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया। इस हमले में कई किन्नर घायल हो गए थे, जिन्हें समस्तीपुर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था।किन्नर नेता रूपा किन्नर ने बताया कि घटना के बाद से एक सप्ताह बीत चुका है, लेकिन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कदम नहीं उठाया। उन्होंने मांग की कि पुलिस जल्द से जल्द दोषियों को गिरफ्तार करे। दूसरी ओर, घटना में शामिल परिवार ने किन्नरों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। परिवार का कहना है कि किन्नरों ने जबरन 11 हजार रुपये की मांग की। जब उन्होंने पैसे देने से इनकार किया, तो किन्नरों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि किन्नरों ने घर में तोड़फोड़ की और एक बच्चे को लेकर भागने की कोशिश की। इस घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने भी हस्तक्षेप किया और किन्नरों के साथ मारपीट की। इधर, मुसरीघरारी थाना अध्यक्ष फैजल अंसारी ने कहा कि घटना को लेकर दोनों पक्षों की ओर से प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और कानून के अनुसार उचित कार्रवाई की जाएगी। वहीं, थाने का घेराव और सड़क जाम के कारण यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रदर्शन के दौरान दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। कई घंटों तक जारी इस जाम को पुलिस और स्थानीय प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद हटाया गया। हालांकि घटना के बाद इलाके में तनाव बना हुआ है। किन्नर समुदाय ने चेतावनी दी है कि अगर पुलिस ने जल्द कार्रवाई नहीं की, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे। वहीं, ग्रामीणों में भी घटना को लेकर गुस्सा है।

आठवले ने खड़गे के बयान पर दी प्रतिक्रिया

मुजफ्फरपुर । मोतीपुर प्रखंड के बरुराज में राज्य स्तरीय किसान कल्याण समृद्धि जागरण समारोह के आयोजन के माध्यम से नवनिर्मित कोल्ड स्टोरेज का शिलान्यास कार्यक्रम हुआ। इसमें मंगलवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के केन्द्रीय राज्य मंत्री रामदास आठवले पहुंचे थे। उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के विवादित बयान पर प्रतिक्रिया दी। कहा कि उन्हें गरीबी हटाने से ज्यादा नरेंद्र मोदी की सरकार हटाने कि चिंता सता रही है। पिछले कई दशकों तक गरीबी हटाओ का नारा देने वाली कांग्रेस सरकार में गरीबी तो नहीं हटी लेकिन गरीब जरूर हट गए। हमारी सरकार में पिछले 10 सालों में गरीबी रेखा से 25 प्रतिशत लोग ऊपर उठे हैं और हमारी सरकार गरीबी उन्मूलन में लगातार प्रयासरत है। मल्लिकार्जुन खड़गे कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर हैं, उन्हें इस प्रकार कि विवादित बयानबाजी से बचना चाहिए। महू में आयोजित रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा था कि ₹क्या गंगा में डुबकी लगाने से गरीबी दूर होती है? क्या इससे खाना मिलता है?₹ उन्होंने यह भी कहा कि वह किसी की धार्मिक आस्था का अपमान नहीं करना चाहते और अगर किसी को दुख हुआ हो, तो माफी मांगते हैं। खड़गे ने आगे कहा- 'जब बच्चा भूखा मर रहा है, स्कूल नहीं जा रहा, मजदूर को मजदूरी नहीं मिल रही, तब कुछ लोग हजारों रुपए खर्च कर के प्रतियोगिताओं में डुबकी लगाते हैं।

संक्षिप्त डायरी

युवक को घर से बुलाकर कार में ले गए, फिर गोली मारकर ले ली जान

मोतिहारी । पकड़ीदयाल थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां अजगरी गांव निवासी मथुरा सिंह के 35 वर्षीय बेटे विवेक सिंह को घर से बुलाकर अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद अपराधियों ने विवेक सिंह के शव को अजगरी नहर के पास रामस्वार्थ सिंह के परती खेत में फेंक दिया और फरार हो गए।परिजनों द्वारा पुलिस को दिए गए बयान में बताया गया है कि सोमवार की रात करीब 8:30 बजे गांव के ही चार युवक ललित सिंह, प्रिंस सिंह, रोशन सिंह और रंजीत सिंह, विवेक को घूमने के बहाने कार में बैठाकर ले गए। इसके बाद सुबह सूचना मिली कि विवेक की हत्या कर दी गई है। मोतिहारी के एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। शेष दो आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सघन छापामारी जारी है। पुलिस घटना के हर पहलू की बारीकी से जांच कर रही है। वहीं, विवेक सिंह की हत्या के बाद उनके परिवार में मातम छाया हुआ है। गांव में भी इस घटना से दहशत का माहौल है। परिजन दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग कर रहे हैं।

तुम्हारे प्रेमी को ऊपर पहुंचा दिया', तीन बच्चों की मां से बोला पति

मोतिहारी । पीपरा थाना क्षेत्र में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी के प्रेमी की हत्या कर शव को जमीन में दफना दिया। घटना का खुलासा तब हुआ जब ग्रामीणों ने ताजा मिट्टी देखकर मृतक के परिजनों को सूचना दी। 15 दिन बाद मृतक शुभलाल राम का शव पुलिस की मौजूदगी में जमीन से निकाला गया।जानकारी के मुताबिक, घटना पीपरा थाना क्षेत्र के हरनारायणा गांव की है। जहां शुभलाल राम का अपनी पड़ोसी अशोक राम की पत्नी ललिता देवी से अवैध संबंध था। इस प्रेम प्रसंग से नाराज अशोक राम ने शुभलाल की हत्या कर दी। आरोप है कि शराब के नशे में अशोक राम ने अपनी पत्नी को बताया कि आज तुम्हारे प्रेमी को ऊपर पहुंचा दिया। इसके बाद शुभलाल का शव घर के पास ही जमीन में दफना दिया। शुभलाल के बेटे ने बताया कि उनके पिता की गुमशुदगी का मामला पहले ही पीपरा थाना में दर्ज कराया गया था। हालांकि, पुलिस शव बरामद करने में नाकाम रही और मामले में कार्रवाई के नाम पर अशोक राम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। शुभलाल राम के परिजन और ग्रामीण लगातार उनकी तलाश में जुटे थे। ताजा मिट्टी देखकर ग्रामीणों ने शक जताया और मृतक के परिजनों को सूचना दी। इसके बाद पुलिस की मौजूदगी में शव को जमीन से निकाला गया। गौरतलब है कि यह घटना पीपरा थाना क्षेत्र में 20 दिनों के भीतर दूसरी ऐसी घटना है, जहां प्रेम प्रसंग के चलते हत्या कर शव को जमीन में दफनाया गया। इससे पहले अजीत नामक एक युवक की हत्या कर शव को मिट्टी में दफना दिया गया था। लगातार दो मामलों में हत्या और शव को जमीन में दफनाने की घटनाओं ने पीपरा थाना क्षेत्र की पुलिस पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि दोनों मामलों में पुलिस की निष्क्रियता और लापरवाही स्पष्ट रूप से दिख रही है।

सड़क हादसे में परिवार के 4 लोगों की मौत

मोतिहारी । एक परिवार के चार सदस्यों की सड़क हादसे में मौत हो गई। प्रयागराज कुंभ स्नान से लौट रहे चार्टर्ड अकाउंटेंट ओमप्रकाश आर्य, उनकी पत्नी पूर्णिमा और दो बच्चों - बेटी अवनी और बेटे विनायक की यूपी के फतेहाबाद में ट्रक से टक्कर के बाद मृत्यु हो गई। 26 जनवरी को कुंभ स्नान के लिए गए परिवार का शव मंगलवार को उनके पैतृक गांव चिरैया थाना क्षेत्र के पिंडारी पहुंचा। दिल्ली में एक निजी कंपनी में कार्यरत ओमप्रकाश हर साल सरस्वती पूजा में गांव आते थे और इस बार भी 1 फरवरी को आने वाले थे, लेकिन दुर्भाग्यवश उनका शव पहले पहुंच गया। इस हृदयविदारक घटना में सबसे दर्दनाक दृश्य तब देखने को मिला जब चारों का अंतिम संस्कार एक ही चिता पर किया गया। रिटायर्ड शिक्षक वीर शमशेर सिंह ने अपने बेटे, बहू और नाती-पोती को मुखाग्नि दी। गांव में सरस्वती पूजा की तैयारियां चल रही थीं, लेकिन इस खबर ने पूरे माहौल को गमगीन कर दिया। सीओ आराधना कुमारी, राजस्व कर्मचारी प्रेम कुमार और थानाध्यक्ष महेंद्र कुमार सहित कई पुलिस अधिकारी सुबह से ही घटनास्थल पर मौजूद थे।

सारण में यातायात नियम तोड़ने वालों को मिला तोहफा

सारण पुलिस ने चालान की जगह थमाया गुलाब का फूल

सारण । सड़क सुरक्षा माह के तहत पुलिस ने एक अनूठी पहल की। यातायात नियम तोड़ने वालों को चालान काटने की बजाय गुलाब का फूल देकर जागरूक किया। इस अभियान की अगुआई एसपी कुमार आशीष और डीएसपी बसंती टुडू ने की।

शहर के थाना चौक पर चलाए गए इस विशेष अभियान में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे। बिना हेलमेट बाइक चालकों और बिना सीट बेल्ट के चार पहिया वाहन चालकों को रोककर उन्हें यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया। पुलिस की इस अनूठी पहल से प्रभावित होकर कई नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों ने माफी मांगी और आगे से नियमों का पालन करने का वादा किया। डीएसपी बसंती टुडू ने बताया कि जनवरी को सड़क सुरक्षा माह के रूप में मनाया जा रहा है। इस दौरान लोगों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए सुरक्षित वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। चिंताजनक हकीकत यह है कि सारण में हर साल लगभग 440-450 लोग सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवा देते हैं। इनमें अधिकांश 18 से 35 वर्ष के युवा होते हैं।

तेज और लापरवाह वाहन चलाना तथा हेलमेट का उपयोग न करना इन दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण है। इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने गांधीगिरी के इस अनूठे तरीके से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया है।

मुंगेर में खेत से मिला विदेशी मौसम यंत्र

खाद डाल रहा था किसान, गुब्बारे से गिरी कोरियन मशीन, पुलिस ने किया जब्त

मुंगेर । नक्सल प्रभावित धरहरा प्रखंड में मंगलवार सुबह एक संदिग्ध सामान मिला है। मानगढ़ बहियार में किसान के खेत में एक विदेशी मौसम संबंधी यंत्र मिला, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना सुबह 10 बजे की है, जब किसान बबलू यादव और विवेकानंद यादव अपने खेत में खाद डाल रहे थे। इसी दौरान उन्होंने देखा कि आसमान से एक बड़ा गुब्बारा नीचे आ रहा है। गुब्बारा फटने के बाद एक मशीन खेत में गिर पड़ी, जो चालू अवस्था में थी। डरे हुए किसानों ने तुरंत आसपास के ग्रामीणों को इसकी सूचना दी। देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग इस अजीब मशीन को देखने के लिए जमा हो गए। स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई, जो तत्काल मौके पर पहुंची और सुरक्षा के साथ मशीन को जब्त कर थाने ले गई। जांच में पता चला कि यह एक मौसम संबंधी यंत्र है, जिस पर 'मेड इन कोरिया' लिखा हुआ है। हालांकि, यह मशीन कहां से आई और इसका वास्तविक उद्देश्य क्या है, इसकी जानकारी किसी को नहीं है। पुलिस ने इस मामले की सूचना विभागीय अधिकारियों को दे दी है और मामले की जांच की जा रही है। इस संबंध में धरहरा थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार पाठक की ओर से बताया गया कि मशीन को खेत से बरामद किया गया है। हालांकि, यह क्या काम करती है इसके बारे में किसी को जानकारी नहीं है। कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक मुकेश कुमार ने बताया कि उसकी तस्वीर और वीडियो मेरे पास आया है। उसके बारे में विभागीय कर्मी से बातचीत की गई। तो उन्होंने बताया कि भारतीय मौसम विज्ञान विभाग का एक पार्ट है, जो आईएमडी (इंडिया मेट्रोलॉजिकल डिपार्टमेंट) के नाम से जाना जाता है। इसका मुख्य काम है मौसम का अध्ययन और भविष्यवाणी करना है। वह हर दिन एक गुब्बारा को छोड़ता है। गुब्बारे को पटना से छोड़ा जाता है। उसका एक स्टेशन पटना में भी है। गुब्बारा में यह सेंसर लगा रहता है। वह सेंसर का काम है ऊपर के हवा को नापना, हवा की डायरेक्शन को नापना, हवा के दाब को बताना। डेटा इंडिया मेट्रोलॉजिकल डिपार्टमेंट की ओर से वायुयान विभाग को भेजा जाता है। क्योंकि, विमान का इतना रनिंग होता है। कब क्या मौसम होगा उसका आकलन किया जाता है। उसी से संबंधित रीमोर्ट इंडिया मेट्रोलॉजिकल डिपार्टमेंट के पास रहता है। इससे ग्रामीणों को घबराने की जरूरत नहीं है।

खबर संक्षेप

अदाणी विल्मर का मुनाफा हुआ दोगुना से ज्यादा



नई दिल्ली। अदाणी विल्मर का चालू वित्त वर्ष की तीसरी अक्टूबर-दिसंबर की तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ दोगुने से अधिक होकर 410.93 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। खाद्य तेलों की मजबूत बिक्री के दम पर उसका मुनाफा बढ़ा है। अदाणी विल्मर ने एक साल पहले इसी अवधि में 200.89 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

जेएसडब्ल्यू तांबा खदानों पर 2600 करोड़ करेगा निवेश

नई दिल्ली। जेएसडब्ल्यू समूह ने सोमवार को कहा कि वह झारखंड में दो तांबा खदानों के विकास और संचालन तथा एक तांबा संकेन्द्रक संयंत्र की स्थापना के लिए 2,600 करोड़ रुपये निवेश करेगा।
यह कदम जेएसडब्ल्यू समूह के विविधीकरण और वृद्धि के लिए प्रतिबद्धता के तहत तांबा कारोबार में प्रवेश का प्रतीक है।

केनरा बैंक का तीसरी तिमाही मुनाफा 12.25 फीसदी बढ़ा

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में एकल शुद्ध लाभ 12.25 प्रतिशत बढ़कर 4,104 करोड़ रुपये रहा है। बैंक का गत वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में मुनाफा 3,656 करोड़ रुपये रहा था।

एलटी फूड्स का लाभ 4.75 प्रतिशत घटा

नई दिल्ली। खाद्य क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एलटी फूड्स का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 4.75 प्रतिशत घटकर 145.38 करोड़ रुपये रहा है। ऊंचे खर्च की वजह से कंपनी का मुनाफा घटा है। समान तिमाही में 152.64 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। तिमाही के दौरान उसकी कुल आय बढ़कर 2,288.25 करोड़ रुपये हो गई।

कोल इंडिया के मुनाफे में 17 फीसदी की गिरावट

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड का 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 17.4 प्रतिशत घटकर 8,491.22 करोड़ रुपये रह गया है। कंपनी ने कहा कि कम बिक्री के चलते उसका मुनाफे में गिरावट आई है। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी।

ऑप्टिमस इलेक्ट्रॉनिक्स ने टीपी-लिंक से की साझेदारी

नई दिल्ली। ऑप्टिमस इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने भारत में अपने नेटवर्किंग उपकरणों तथा 'स्मार्ट' घरेलू उत्पादों के विनिर्माण के लिए अग्रणी वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड टीपी-लिंक के साथ साझेदारी की सोमवार को घोषणा की। दोनों कंपनियों की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस रणनीतिक साझेदारी का मकसद कनेक्टेड डिवाइस के लिए भारत की बढ़ती मांग को पूरा करना तथा भारत में विनिर्मित इलेक्ट्रॉनिक को निर्यात बाजारों तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त करना है।

चीन के एक दांव से चारों खाने चित्त हो गया अमेरिका, डीपसीक से तबाही

नई दिल्ली

चीन की एक बड़ी उपलब्धि से अमेरिका और जापान समेत ग्लोबल मार्केट में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। एनवीडिया कॉर्पोरेशन के शेयरों में सोमवार को अमेरिकी प्री-मार्केट ट्रेडिंग के दौरान भारी गिरावट दर्ज की गई। यह गिरावट चीन के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) स्टार्टअप डीपसीक द्वारा अपनी नई एआई तकनीक पेश करने के बाद आई। डीपसीक ने अपनी इस तकनीक के जरिए पश्चिमी चैटबॉट्स के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन किया और सबसे बड़ी बात कि इसकी कीमत भी बहुत कम है।

- इसका अमेरिका के चैटबॉट्स के मुकाबले प्रदर्शन बेहतर

चीन के स्टार्टअप डीपसीक ने नई एआई तकनीक पेश की

डीपसीक एआई क्या है

डीपसीक एआई एक उभरता हुआ एआई प्लेटफॉर्म है, जो चीन में विकसित किया गया है। यह ओपन एआई जैसे प्रमुख एआई मॉडल्स के साथ कंपटीशन करने की क्षमता रखता है और हाल ही में डीपसीक-वी3 नामक एक नया वर्जन लांच किया गया है, जिसने दुनिया भर में हलचल मचा दी है। आसान भाषा में समझाएं तो डीपसीक एआई, विशेष रूप से डीपसीक-वी3, एक ओपन-सोर्स एआई मॉडल है, जिसका अर्थ है कि इसे दुनिया भर के डेवलपर्स द्वारा इस्तेमाल और कस्टमाइज्ड किया जा सकता है।

डीपसीक की सफलता : डीपसीक, जो कि क्वांट फंड के प्रमुख लियांग वेनफेंग द्वारा स्थापित किया गया है, ने पिछले सप्ताह अपना नया एआई मॉडल लांच किया। यह मॉडल तुरंत ही एप्पल के ऐप स्टोर की रैंकिंग में टॉप पर पहुंच गया। डीपसीक को अब ओपनएआई और मेटा प्लेटफार्म इंड. जैसी कंपनियों के लिए संभावित कंपीटीटर माना जा रहा है।

अमेरिकी प्रतिबंधों के बावजूद सफलता

सबसे बड़ी बात कि अमेरिका ने चीन के हाइटेक सेमीकंडक्टर तकनीकों के निर्यात पर बैन लगा रखा है। एनवीडिया के अत्याधुनिक एआई चिप्स की बिक्री भी चीन और उसके सहयोगी देशों को सीमित कर दी गई है। इसके अलावा, डच सरकार ने भी अमेरिका के दबाव में चीन को डीप अल्ट्रावायलेट लिथोग्राफी सिस्टम की आपूर्ति पर रोक लगा दी है। लेकिन, इसके बावजूद डीपसीक ने सीमित संसाधनों के साथ अधिक दक्षता पर ध्यान केंद्रित करते हुए इस बाधा को पार कर लिया है।

एआई व्यापार मॉडल के लिए चुनौती : डीपसीक ने अपने एआई मॉडल को ओपन-सोरर्स रखा है, जिससे यह अन्य उत्पादों के मुकाबले काफी किफायती हो गया है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि यह मौजूदा एआई व्यापार मॉडल के लिए बड़ी चुनौती पेश कर सकता है। यह मॉडल महंगे चिप्स, अधिक कंप्यूटिंग पावर और ऊर्जा पर आधारित होता है।

स्टारगेट प्रोजेक्ट पर आ सकता है संकट

सबसे बड़ी बात कि यह घटना ऐसे समय पर सामने आई है, जब ओपन एआई, साफ्टबैंक ग्रुप और ओरेकल कोरपोरेशन ने संयुक्त रूप से 100 बिलियन डॉलर की लागत वाली स्टारगेट प्रोडेक्ट की घोषणा की है। इस परियोजना के तहत अमेरिका में डाटा सेंटर और एआई इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किए जाएंगे। एक्सपर्ट्स का कहना है कि डीपसीक जैसे इनोवेशन मौजूदा एआई व्यापार मॉडल को चुनौती दे सकते हैं, क्योंकि यह कम लागत और अधिक कुशलता के साथ काम करता है।

सेंसेक्स ने लगाया 824 व निफ्टी ने 274 अंकों का गोता

शेयर बाजार में मचा हड़कंप, सेंसेक्स सात माह के निचले स्तर पर, डूबे 8 लाख करोड़ से अधिक

नई दिल्ली

बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि शेयर बाजार की इस तेज गिरावट के पीछे घरेलू और वैश्विक दोनों कारण जिम्मेदार रहे। कमजोर वैश्विक रुझानों के बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और तेल एवं गैस शेयरों में भारी बिकवाली की गई।

चाइनीज स्टार्टअप 'डीपसीक' ने मचाई खलबली

भारतीय शेयर बाजार के खुलने से पहले कमजोर ग्लोबल संकेतों के चलते निवेशकों का मूड बिगड़ा हुआ था। चीन के एक स्टार्टअप, डीपसेक ने एक मुफ्त और ओपन सोर्स एआई-मॉडल लांच करके तकनीक की दुनिया में हलचल मचा दी है। यह एआई-मॉडल, अमेरिकी कंपनी ओपनएई के चैटजीपीटी को टक्कर देता दिख रहा है। इसके चलते अमेरिकी स्टॉक फ्यूचर्स और अधिकतर एशियाई शेयर बाजारों में गिरावट आई। नैस्डैक कंपोजिट फ्यूचर्स और एसएंडपी 500 फ्यूचर्स में क्रमशः लगभग 2 प्रतिशत और 1 प्रतिशत की गिरावट आई, जो निवेशकों की चिंताओं को दिखाता है।

अमेरिकी व जापान के बाजार में गिरावट

नैस्डैक कंपोजिट फ्यूचर्स करीब 2 प्रतिशत गिरा, जबकि एसएंडपी 500 फ्यूचर्स 1 प्रतिशत गिरा। जापान के निक्केई में 0.3 प्रतिशत की गिरावट आई, जिससे पहले की बढ़त खत्म हो गई। वहीं न्यूजीलैंड के बेंचमार्क इंडेक्स में 0.6 प्रतिशत की गिरावट आई, जो निवेशकों की चिंताओं को दिखाता है। हालांकि इसके उलट चीन और हांगकांग के शेयर बाजारों में तेजी रही।

शेयर बाजार में सोमवार को फिर भारी गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स 824.29 अंक टूटकर 75,366.17 अंक पर आ गया। वहीं निफ्टी करीब 274.9 अंकों का गोता लगाकर 22,817.30 अंक के स्तर पर आ गया। बाजार में हाहाकर की स्थिति रही। बीएसई मिडकैप इंडेक्स 3 फीसदी, तो वहीं स्मॉलकैप इंडेक्स 4 फीसदी तक लुढ़का। इसके चलते बस शुरुआती दो घंटे में ही निवेशकों के शेयर बाजार में करीब 8 लाख करोड़ रुपए डूब गए।

कंपनियों के मिले जुले तिमाही नतीजे

कंपनियों के दिसंबर तिमाही के नतीजे अभी तक कुछ खास आशाजनक नहीं रहे हैं, जिससे निवेशकों का सेंटीमेंट कमजोर हुआ है। अभी तक के नतीजे सुस्त रहे हैं। अधिकतर के नतीजों में अनुमानों से कम रहे रहे हैं। वहीं कई कंपनियों के परिणाम तो बाजार की उम्मीदों से काफी कम रहे हैं। पहले से ही बढ़े हुए वैल्यूएशन और ग्लोबल अनिश्चितताओं के बीच ये कमजोर नतीजे, निवेशकों को शेयरों में लंबी पोजिशन लेने से रोक रहे हैं।

- आईटी और तेल-गैस के शेयरों में भारी बिकवाली की गई
- चीन के स्टार्टअप डीपसीक ने निवेशकों का बिगाड़ा मूड
- दो घंटों में ही निवेशकों के आठ लाख करोड़ से अधिक डूबे

बाजार पर दबाव बना रहेगा

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के चीफ इनवेस्टमेंट स्ट्रैटजिस्ट डॉ वीके विजयकुमार ने कहा, एफपीआई की लगातार बिकवाली से बाजार पर असर पड़ रहा है। नए टैरिफ और ग्लोबल ट्रेड को लेकर चिंताएं सेंटीमेंट पर भारी पड़ रही हैं। बाजार अब बजट में इनकम टैक्स में जैसे बड़े ऐलानों की उम्मीद कर रहा है, जिससे खपत को बढ़ावा मिल सके। अगर ये उम्मीदें पूरी नहीं होती हैं, तो बाजार पर दबाव जारी रह सकता है।

इन शेयरों ने दर्ज की लाभ-हानि

सेंसेक्स के शेयरों में एचसीएल टेक में सबसे अधिक 4.49 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा जोमैटो, टेक महिंद्रा, पावरग्रिड, टाटा मोटर्स, इन्फोसिस, टाटा स्टील, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारती एयरटेल के शेयर भी नीचे आए। दूसरी ओर आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एमएंडएम, एसबीआई और एलएंडटी के शेयर लाभ में रहे।

आरबीआई बैंकिंग प्रणाली में डालने जा रही नकदी

मुंबई

- तीन किस्तों में 60 हजार करोड़ डाले जाएंगे

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकिंग प्रणाली में तरलता (नकदी) बढ़ाने के लिए सोमवार को तीन किस्तों में 60,000 करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियां खरीदने और कई अन्य कदमों की घोषणा की। आरबीआई ने बैंकिंग तरलता की स्थिति के प्रबंधन उपायों के तहत 31 जनवरी, 2025 को छह महीने की अवधि के लिए पांच अरब डॉलर के अमेरिकी डॉलर/रुपये की खरीद/बिक्री अदला-बदली नीलामी की भी घोषणा की। केंद्रीय बैंक ने तरलता बढ़ाने के लिए कहा कि 30 जनवरी, 13 फरवरी और 20 फरवरी को 20,000 करोड़ रुपये की तीन किस्तों में कुल 60,000 करोड़ रुपये की राशि के लिए भारत सरकार की प्रतिभूतियों की मुक्त बाजार परिचालन (ओएमओ) खरीद नीलामी आयोजित की जाएगी।

इसके अलावा, 50,000 करोड़ रुपये की अधिसूचित राशि के लिए 56-दिवसीय परिवर्तनीय दर रेपो (वीआरआर) नीलामी भी सात फरवरी को आयोजित की जाएगी। आरबीआई ने कहा, ''केंद्रीय बैंक उभरती हुई तरलता और बाजार स्थितियों की निगरानी करना जारी रखेगा और व्यवस्थित नकदी की स्थिति सुनिश्चित करने के लिए उचित उपाय करेगा।'' केंद्रीय बैंक ने कहा कि प्रत्येक परिचालन के लिए विस्तृत निर्देश अलग से जारी किए जाएंगे।

चीन की कारखाना गतिविधियां जनवरी के चंद्र नववर्ष में रही मंदी

हांगकांग

- चीन में चंद्र नववर्ष पर श्रमिकों को रहती है छुट्टियां
- क्रय प्रबंधक सूचकांक जनवरी में 49.1 पर आ गया

चीन की विनिर्माण गतिविधियों में जनवरी में मंदी दर्ज की गई। श्रमिकों का चंद्र नववर्ष की छुट्टियों के लिए अपने गृहनगर जाना इसकी मुख्य वजह मानी जा रही है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो के अनुसार, कारखाना प्रबंधकों के सर्वेक्षण पर आधारित क्रय प्रबंधक सूचकांक जनवरी में 49.1 पर आ गया, जबकि दिसंबर 2024 में यह 50.1 था।

सूचकांक के 50 से ऊपर होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट दर्शाता है।नये ऑर्डर तथा उत्पादन में भी कमी आई है। गैर-विनिर्माण क्षेत्र के लिए समानांतर क्रय प्रबंधक सूचकांक (जिसमें विनिर्माण तथा सेवाएं शामिल हैं) दिसंबर के 52.2 अंक से फिसलकर जनवरी में 50.2 अंक पर आ गया। ब्यूरो के वरिष्ठ सांख्यिकीविद् झाओ किंगहे ने कहा कि कारखाना गतिविधियों में गिरावट आंशिक रूप से छुट्टियों के कारण थी। उन्होंने कहा कि चीन के सबसे बड़े त्यौहार का सार्वजनिक अवकाश मंगलवार से शुरू होगा तथा चार फरवरी तक जारी रहेगा। चीन के लाखों नागरिक छुट्टियों के दौरान अपने परिवार के साथ समय बिताने के लिए शहरों से अपने गृह नगर जाते हैं।

ट्रंप के नीति से परिदृश्य अनिश्चित

दूसरी ओर, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चीन से आयात पर शुल्क बढ़ाने की चेतावनी के बीच देश का निर्यात परिदृश्य भी अनिश्चित बना हुआ है।

एक्सिकॉम का चार्जिंग स्टेशन के लिए चार्जजोन से करार

नई दिल्ली। इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग समाधान प्रदाता एक्सिकॉम ने 500 से अधिक चार्जिंग स्टेशन विकसित तथा स्थापित करने के लिए चार्जजोन के साथ गठजोड़ की सोमवार को घोषणा की। इस साझेदारी के तहत एक्सिकॉम उच्च-क्षमता वाले चार्जिंग समाधान विकसित करेगी तथा उनकी आपूर्ति करेगी, जिसे चार्जजोन द्वारा अपने आगामी केंद्रों और सार्वजनिक चार्जिंग स्थलों पर तैनात किया जाएगा। एक्सिकॉम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ईवीएसई अंशुमान दिव्यांशु ने बयान में कहा, चार्जजोन के साथ यह सहयोग हमें विश्वसनीय और उच्च-क्षमता वाले चार्जिंग समाधान पेश करने में मदद करेगा, जिसमें उन्नत बैटरी व नवीकरणीय एकीकृत समाधान शामिल हैं। यह भविष्य के लिए हरित परिवहन स्थापित करने में योगदान देंगे।''

श्रीधर वेम्बू जोहो के सीईओ पद से हटे

नई दिल्ली

- अब मुख्य वैज्ञानिक के रूप में कार्य करेंगे

प्रौद्योगिकी कंपनी जोहो कॉरपोरेशन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) श्रीधर वेम्बू ने कंपनी के शोध एवं विकास कार्यों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए सीईओ पद छोड़ दिया है। वेम्बू के पद से हटने के बाद कंपनी के सह-संस्थापक शैलेश कुमार डेवी समूह सीईओ की जिम्मेदारी संभालेंगे। वेम्बू ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, ''हमारे सामने आने वाली विभिन्न चुनौतियों और अवसरों को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है कि मैं अपने व्यक्तिगत ग्रामीण विकास मिशन को आगे बढ़ाने के साथ शोध एवं विकास पहल पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित करूं। 'मैं जोहो कॉरपोरेशन के सीईओ पद से हट जाऊंगा और मुख्य वैज्ञानिक के रूप में एक नई भूमिका निभाऊंगा, जो गहन शोध एवं विकास कार्यों के लिए जिम्मेदार होगा।सह-संस्थापक टोनी थॉमस कंपनी की अमेरिकी इकाई जोहो यूएस का नेतृत्व करेंगे जबकि राजेश गणेशन कंपनी के मैनेजइंजन खंड का संचालन करेंगे और मणि वेम्बू जोहो डॉट कॉम खंड की कमान संभालेंगे।

आरएंडडी पर पूरा ध्यान

वेम्बू ने कहा, ''हमारी कंपनी का भविष्य पूरी तरह से इस पर निर्भर करता है कि हम शोध एवं विकास पर कितना ध्यान देते हैं। मैं ऊर्जा और जोश के साथ अपने नए कार्यभार की प्रतीक्षा कर रहा हूँ। मैं एक बार फिर तकनीकी काम करने को लेकर बेहद खुश हूं। पूर्व में एडवेंटनेट इंक के नाम से जानी जाने वाली चेन्नई स्थित जोहो कॉर्प की स्थापना 1996 में हुई थी।

एसीसी ने 1,091.8 करोड़ का शुद्ध लाभ कमाया...

नई दिल्ली। सीमेंट बनाने वाली कंपनी एसीसी लिमिटेड ने दिसंबर, 2024 को समाप्त चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 1,091.8 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया है। कंपनी ने एक साल पहले अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 537.67 करोड़ रुपये का लाभ कमाया था। एसीसी अब अदाणी सीमेंट का हिस्सा है। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान कंपनी की परिचालन आय 5,207.3 करोड़ रुपये रही। एक साल पहले इसी अवधि में यह आंकड़ा 4,855.22 करोड़ रुपये था। गौरतलब है कि एसीसी के नतीजों की पिछले परिणामों से तुलना नहीं की जा सकती है, क्योंकि कंपनी ने इस दौरान एशियन कंक्रीट्स एंड सीमेंट्स (एसीसीपीएल) की बाकी 55 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ ही अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी एशियन फाइन सीमेंट्स का अधिग्रहण किया।

इंडियन ऑयल के तीसरी तिमाही मुनाफे में 64 प्रतिशत की गिरावट

नई दिल्ली

- ईंधन की रिकॉर्ड बिक्री के बावजूद भंडारण में नुकसान
- अक्टूबर-दिसंबर में 2,873.53 करोड़ रुपए का एकल शुद्ध लाभ हुआ

देश की सबसे बड़ी पेट्रोलियम कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) के अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के शुद्ध लाभ में 64 प्रतिशत की गिरावट आई है। इसकी प्रमुख वजह भंडारण और विदेशी मुद्रा विनिमय पर नुकसान है।

इसके चलते कंपनी ने ईंधन की रिकॉर्ड बिक्री से हुआ लाभ गंवा दिया। कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसे वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में 2,873.53 करोड़ रुपये का एकल शुद्ध लाभ हुआ है, जो गत वित्त वर्ष 2023-24 की समान अवधि में 8,063.69 करोड़ रुपये था।
हालांकि, जुलाई-सितंबर, 2024 की तुलना में कंपनी का लाभ बढ़ा है। जुलाई-सितंबर तिमाही में कंपनी ने 189.01 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था। आईओसी के निदेशक (वित्त) अनुज जैन ने कहा कि लाभ में गिरावट मुख्य रूप से भंडार और विदेशी मुद्रा विनिमय में हुए नुकसान की वजह से आई है।

ईंधन बिक्री पर ध्यान केंद्रित : इसकी वजह यह है कि कंपनी ने ईंधन बिक्री की अपनी मुख्य क्षमता पर पुनः ध्यान केंद्रित किया है। इस तिमाही में पेट्रोरसायन कारोबार में भी सात प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि गैस कारोबार में 24 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

मौजूदा चेयरपर्सन माधवी बुच का कार्यकाल 28 फरवरी 2025 को हो रहा खत्म

बुच की सेबी प्रमुख पद से विदाई तय, सरकार ने मंगाया आवेदन

नई दिल्ली

- सेबी के नए अध्यक्ष के लिए 17 फरवरी तक आवेदन आमंत्रित किए गए

केंद्र सरकार ने शेयर बाजार के रेगुलेटर सेबी की मौजूदा चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच की विदाई की तैयारी शुरू कर दी है जिनका कार्यकाल 28 फरवरी 2025 को खत्म होने जा रहा है। वित्त मंत्रालय ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के नए अध्यक्ष के लिए 17 फरवरी तक आवेदन आमंत्रित किए हैं। वित्त मंत्रालय के अधीन आने वाले आर्थिक मामलों के विभाग (वित्तीय बाजार प्रभाग) डिपारमेंट ऑफ इकानॉमिक अफेयर की ओर से जारी नोटिस में कहा गया है, भारत सरकार भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी), मुंबई में अध्यक्ष पद को भरने के लिए पात्रता रखने वाले उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करती है।

विवादों से भरा रहा कार्यकाल

बतौर सेबी चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच का कार्यकाल बहुत विवादों से घिरा रहा है। विपक्षी पार्टी और कांग्रेस ने तो बुच के इस्तीफे की भी मांग की थी। बीते साल माधबी पुरी बुच पर अडाणी समूह से जुड़े ऑफशोर फंड में उनके निवेश, आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप लगे थे। तो सेबी के कर्मचारियों ने रेगुलेटर के दफ्तर में उनपर टॉक्सिक वर्क कल्चर को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए मुंबई में सेबी मुख्यालय में धरना प्रदर्शन भी किया था। अडाणी समूह के खिलाफ जनवरी 2023 में रिपोर्ट जारी करने वाले शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च ने भी माधबी पुरी बुच पर हमला बोला था।

तीन सालों का बुच का कार्यकाल

मौजूदा सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच ने 2 मार्च, 2022 को तीन साल की अवधि के लिए सेबी चीफ का कार्यभार संभाला था और 28 फरवरी 2025 को उनके तीन सालों का कार्यकाल खत्म होने जा रहा है जो विवादों से घिरा रहा है। माधबी पुरी बुच अप्रैल 2017 से मार्च 2022 तक पांच साल के लिए सेबी में होल-टाइम मेंबर भी रह चुकी हैं।

नियुक्ति अधिकतम पांच वर्ष के लिए

ये नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से अधिकतम पांच वर्ष की अवधि के लिए या नियुक्त व्यक्ति की 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक जो भी पहले हो के लिए की जाएगी। इस नोटिस के मुताबिक सेबी के नए चेयरमैन के पास ये विकल्प होगा कि वे भारत सरकार के सचिव के समान स्वीकार्य वेतन प्राप्त करने का विकल्प चुन सकते हैं या फिर 5,62,500 रुपए हर महीने का कंसॉलिडेटेड सैलेरी का विकल्प चुन सकते हैं लेकिन इसमें उन्हें घर और कार की सुविधा नहीं मिलेगी।

मैक्रोटेक डेवलपर्स का शुद्ध ऋण 12 प्रतिशत घटा

नई दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनी मैक्रोटेक डेवलपर्स के प्रबंध निदेशक अभिषेक लोढ़ा ने कहा कि कंपनी का शुद्ध ऋण अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 12 प्रतिशत घटकर 4,320 करोड़ रुपये रह गया। लोढ़ा ब्रांड के तहत अपनी संपत्तियों का विपणन करने वाली मैक्रोटेक डेवलपर्स का शुद्ध ऋण चालू वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही के अंत में 4,930 करोड़ रुपये था। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी का प्रदर्शन ''मजबूत'' रहा है और उम्मीद है कि वित्त वर्ष का समापन भी मजबूती के साथ होगा।

अंडर-19 विश्व कप : तृषा की शतकीय पारी, भारत ने स्कॉटलैंड को 150 रन से रौंदा

तृषा अंडर 19 महिला टी20 विश्व कप में शतक लगाने वाली पहली खिलाड़ी बनी

कुआलालंपुर (एजेंसी)। सलामी बल्लेबाज तृषा गोंगाडी ने अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप का पहला शतक जड़कर इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज कराया जिससे भारत ने मंगलवार को यहां स्कॉटलैंड को 150 रन से करारी शिकस्त दी। सलामी बल्लेबाज तृषा ने 59 गेंद की नाबाद पारी में 13 चौके और चार छक्के की मदद से 110 रन की पारी खेली। उन्होंने पहले विकेट के लिए कमालिनि जी (42 गेंद में 51 रन) के साथ 147 रन की साझेदारी करने के बाद सानिका चालके (20 गेंद में नाबाद 29 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 61 रन की अटूट साझेदारी की।

भारत ने ग्रुप एक के इस मैच में 20 ओवर में एक विकेट पर 208 रन बनाने के बाद स्कॉटलैंड को 14 ओवर में 58 रन पर आउट कर दिया। स्कॉटलैंड के लिए सलामी बल्लेबाज पिप्पा केली (12) और एम्मा वालसिंघम (12) शीर्ष स्कोरर रहीं। बायें हाथ की स्पिनर आयुषी शुक्ला (आठ रन पर चार विकेट) की अगुवाई में भारतीय गेंदबाजों ने स्कॉटलैंड को मैच में वापसी का कोई मौका नहीं दिया। वैष्णवी शर्मा ने पांच रन पर तीन विकेट लिये जबकि बल्ले से कमाल करने वाली तृषा ने छह रन देकर तीन बल्लेबाजों को चलता किया।

ग्रुप के अन्य मैच में बांग्लादेश ने अपने अभियान का अंत सुपर सिक्स चरण में वेस्टइंडीज पर 10 विकेट की जीत के साथ किया। वेस्टइंडीज को छह विकेट पर 54 रन पर रोकने के बाद बांग्लादेश ने जुएरिया फिरदौस के नाबाद 25 रन की मदद से 13 ओवर में जीत दर्ज की। इस जीत से टीम ग्रुप एक में तीसरे स्थान पर रही। ग्रुप दो में बारिश के कारण दक्षिण अफ्रीका और अमेरिका का मैच शुरू हुए बिना रद्द हो गया। दक्षिण अफ्रीका की टीम पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। इस मैच से एक अंक मिलने के बाद अमेरिका ग्रुप तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया।

दिनेश कार्तिक ने धोनी को पछाड़ा, सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विकेटकीपर बने

स्पोर्ट्स डेस्क। पूर्व भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक जो वर्तमान में SA20 2025 में पार्ल रॉयल्स के लिए खेल रहे हैं, ने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। 39 वर्षीय कार्तिक 27 जनवरी को डरबन सुपर जायंट्स के खिलाफ 15 गेंदों पर 21 रन बनाकर टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय विकेटकीपर बन गए।

कार्तिक ने अब टी20 में 361 पारियों में 7,451 रन बनाए हैं और इस तरह उन्होंने भारत के दिग्गज विकेटकीपर एमएस धोनी को पीछे छोड़ दिया है जिन्होंने अब तक 342 पारियों में 7,432 रन बनाए हैं। धोनी के पास आगामी आईपीएल सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलते हुए इस रिकॉर्ड को फिर से अपने नाम करने का मौका होगा।

कार्तिक अब टी20 में सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले भारतीय विकेटकीपरों में सबसे आगे हैं, लेकिन आईपीएल में सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले विकेटकीपरों का रिकॉर्ड अभी भी धोनी के नाम है। लीग में धोनी के नाम 5,125 रन हैं और दूसरे नंबर पर कार्तिक हैं जिनके नाम 4,463 रन हैं।

एसए20 में कार्तिक की टीम पार्ल रॉयल्स ने मौजूदा सीजन में अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने अब तक अपने 8 में से 7 मैच जीते हैं और फिलहाल 28 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर हैं। दिलचस्प बात यह है कि पार्ल रॉयल्स हाल ही में फ्रैंचाइजी क्रिकेट में पहली ऐसी टीम भी बनी है जिसने अपने सभी ओवर केवल स्पिनरों से ही कराए।

आजकल घरेलू क्रिकेट से लय हासिल कर रहे शुभमन

बेंगलुरु (एजेंसी)। युवा बल्लेबाज शुभमन गिल पिछले कुछ समय से अपनी नाम के अनुरुप बल्लेबाजी नहीं कर पा रहे हैं। इसी को लेकर शुभमन का कहना है कि वह कई बार बेहतर प्रदर्शन करने को लेकर जरुरत से ज्यादा दबाव ले लेते हैं। शुभमन आजकर रणजी ट्रॉफी में अपनी बल्लेबाजी को निखारने में लगे हैं। शुभमन ने कर्नाटक के खिलाफ शानदार शतक लगाकर अपनी टीम को बेहतर स्थिति में भी पहुंचाया।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में उनका प्रदर्शन खराब रहा था। वह 5 पारियों में 18.60 के खराब औसत से 93 रन ही बना पाए थे। अपनी फार्म को लेकर शुभमन ने कहा कि मुझे लगता है कि जिस तरह से मैंने खेला, रणजी की पारी मेरे लिए बहुत संतोषजनक थी। मुझे लगता है कि हम किसी भी स्तर पर कोई भी पारी खेलें, रन बनाने, फॉर्म में वापस आने और वैसा महसूस करने में सक्षम होना बहुत महत्वपूर्ण है। जब आप उस क्षेत्र में रहते हुए अच्छा खेल रहे हों, तो उसमें बने रहना महत्वपूर्ण है वह क्षेत्र जितना संभव हो सके उतना लंबा था और जब मैं वहां बल्लेबाजी कर रहा था तो मैं यही करने की कोशिश कर रहा था।

हालांकि वह अभी भी टेस्ट क्रिकेट में अपने प्रदर्शन से संतुष्ट हैं, उनका कहना है कि बड़ा स्कोर बनाने का दबाव बहुत अधिक हो जाता है और इससे उनका ध्यान और एकाग्रता खो जाती है। उन्होंने अपनी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने की क्षमता पर निराशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कभी-कभी, मुझे लगता है कि लाल गेंद से मैं जो मैच खेलता हूं उनमें मुझे बहुत अच्छे 25-30 रन मिलते हैं। उन्हें बड़े स्कोर में बदलने के लिए कई बार मैं अपने ऊपर बहुत अधिक दबाव ले लेता हूं। मैं इस तरह से अपना खेल खेलते हुए बड़ा नहीं हुआ हूं। शुभमन का 32 टेस्ट और 59 पारियों के बाद टेस्ट औसत सिर्फ 35.05 है। उन्होंने अपने करियर में 5 शतक, 7 अर्धशतक और 128 के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ 1,893 रन बनाए हैं। वहीं अपनी 59 में से 34 टेस्ट पारियों में वह 20 से ज्यादा रन नहीं बना पाए।

जसप्रीत बुमराह ने जीता 'सर गारफील्ड सोबर्स' अवॉर्ड, आईसीसी पुरुष क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2024 बनाकर रचा नया कीर्तिमान

नई दिल्ली (एजेंसी)। टीम इंडिया के बेहतरीन गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने सर गारफील्ड सोबर्स अवॉर्ड जीतकर नया कीर्तिमान रचा है। उन्होंने आईसीसी पुरुष क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2024 बनाकर नया कार्तिमान रच दिया। वह प्रतिष्ठित सर गारफील्ड सोबर्स अवॉर्ड जीतने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज बन गए हैं। बुमराह ने पिछले साल कमाल का प्रदर्शन किया। उन्होंने 2024 में सबसे ज्यादा 86 विकेट अपने नाम किए। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 71 विकेट झटके। उन्होंने 2024 का आईसीसी पुरुष टेस्ट क्रिकेट ऑप द ईयर पुरस्कार भी अपने नाम किया है। बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज ट्रैविस हेड, इंग्लैंड के दिग्गज जो रूट और युवा क्रिकेटर हैरी ब्रूक को पछाड़ा है। ये ट्रॉफी एक साल में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले क्रिकेटर को दी जाती है। पुरुष क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड का नाम दुनिया के महान क्रिकेटर्स में से एक गारफील्ड सोबर्स के नाम पर रखा गया है। वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर को को गैरी सबोर्स के नाम से भी जाना जाता है। जसप्रीत बुमराह से पहले भारत के लिए राहुल द्रविड़ के अलावा सचिन तेंदुलकर, रवि अश्विन और विराट कोहली ने प्रतिष्ठित सर गारफील्ड सोबर्स पुरस्कार जीता है। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को विराट कोहली ने 2 बार जीता। लेकिन ये पहली बार हुआ है जब किसी भारतीय तेज गेंदबाज ने सर गारफील्ड सोबर्स पुर्सकार जीता हो। बता दें कि, सर गारफील्ड पुरस्कार जीतने वाले पहले भारतीय राहुल द्रविड़ हैं। राहुल द्रविड़ को सर गारफील्ड सोबर्स पुरस्कार 2024 से नवाजा गया था। इसके बाद सचिन तेंदुलकर को सर गारफील्ड सोबर्स पुरस्कार 2010 से सम्मानित किया गया। वहीं रवि अश्विन ने साल 2026 में सर गारफील्ड सोबर्स पुरस्कार अपने नाम किया। जबकि विराट कोहली ने लगातार 2 साल 2017 और 2018 में ये अवॉर्ड अपने नाम किया।

नेमार के साथ अनुबंध आपसी सहमति से समाप्त कर दिया गया : अल-हिलाल क्लब

रियो दि जिनेरियो । सऊदी अरब के क्लब अल-हिलाल ने कहा है कि उसकी स्ट्राइकर नेमार के साथ आपसी सहमति से अनुबंध समाप्त करने के लिए सहमति बनी है। किसी भी पक्ष ने अनुबंध समाप्त करने के विवरण की पुष्टि नहीं की। कभी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक माने जाने वाले ब्राजील के 32 वर्षीय नेमार ने क्लब के लिए केवल सात मैच खेले जिसमें उन्होंने केवल एक गोल किया और दो गोल करने में मदद की। एसीएल (पैर की चोट) चोट के कारण अक्टूबर 2023 से बाहर रहने के बावजूद बार्सीलोना और पेरिस सेंट जर्मेन टीम के पूर्व खिलाड़ी नेमार को पिछले सत्र में सऊदी लीग जीतने वाली टीम में शामिल किया गया था। इस साल के फीफा क्लब विश्व कप में अल-हिलाल के हिस्सा लेने के बाद नेमार के साथ उनका करार समाप्त होने वाला था। क्लब विश्व कप 15 जून से 13 जुलाई के बीच अमेरिका में खेला जाएगा। क्लब ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया चैनलों पर प्रकाशित एक बयान में कहा कि वह नेमार के प्रति आभार व्यक्त करता है और उनकी प्रशंसा करता है। स्ट्राइकर नेमार अगस्त 2023 में पेरिस सेंट जर्मेन से सऊदी क्लब में नौ करोड़ यूरो (नौ करोड़ 40 लाख डॉलर) में शामिल हुए। यह उन कई करार मेंसे एक था जिसने अरब देश को दुनिया के नए बड़े फुटबॉल बाजारों में से एक बना दिया। लेकिन नेमार को अपने करियर की सबसे गंभीर एसीएल चोट लग गई जब वह अल-हिलाल में शामिल होने के कुछ ही महीनों बाद ब्राज़ील के लिए खेल रहे थे।

रोहित , यशस्वी ओर श्रेयस अब रणजी मुकाबले नहीं खेलेंगे

मुंबई। सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा के अलावा यशस्वी जायसवाल और श्रेयस अय्यर रणजी ट्रॉफी के बाकि मैचों में नहीं खेलेंगे। इन तीनो को आगामी चैम्पियंस ट्रॉफी की तैयारियों को देखते हुए रणजी ट्रॉफी से रिलीज कर दिया गया है। रोहित एकदिवसीय और चैम्पियंस ट्रॉफी में उतरने वाली भारतीय टीम के कप्तान हैं। वहीं यशस्वी और अय्यर भी इस टीम का हिस्सा हैं। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के एक अधिकारी ने कहा कि अब ये तीनो ही भारतीय टीम से जुड़ेंगे। रोहित पिछले काफी समय से लय में नहीं हैं। मुम्बई की ओर से खेले एकमात्र रणजी मैच में भी वह उन बनाने में असफल रहे। न्यूजीलैंड के खिलाफ धरेलू सीरीज के बाद ऑस्ट्रेलिया दौरे में भी उनका बल्ला खामोश रहा था। इसेक बाद से ही वह आलोचन शिकार हुए थे। ऑस्ट्रेलिया में तीन मैचों में वह 31 रन ही बना पाए। रोहित को कुछ दिग्गज खिलाड़ियों ने टीम से बाहर किये जाने को कहा था। रोहित ऑस्ट्रेलिया में अंतिम टेस्ट से स्वयं ही बाहर हो गये थे और उनके इस फैसले की सभी ने तारीफ की थी।

कोंस्टास नहीं हेड करेंगे श्रीलंका के खिलाफ पारी की शुरुआत : स्मिथ

गॉल । ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम की कप्तानी कर रहे स्टीव स्मिथ ने कहा है कि बुधवार से मेजबान श्रीलंकाई टीम के खिलाफ शुरू हो रहे पहले टेस्ट मैच में सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा के साथ ट्रेविस हेड पारी की शुरुआत करेंगे। वहीं पहले माना जा रहा था कि युवा सैम कोंस्टास ख्वाजा के जोड़ीदार के तौर पर उतरेंगे। स्मिथ ने कहा कि पिच की लगातार बदलती प्रकृति के कारण वह अभी तक अंतिम ग्यारह खिलाड़ियों को लेकर फैसला नहीं कर पाये हैं। कोंस्टास ने बॉडर गावस्कर सीरीज में अपने पहले दो टेस्ट मैचों में अच्छी बल्लेबाजी की थी। साल 2023 में ऑस्ट्रेलिया के भारत दौरे के अंतिम दो टेस्ट मैचों में चोटिल सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर की जगह उतरते हुए हेड ने जिस प्रकार को प्रदर्शन किया था उससे वह सलामी बल्लेबाज के तौर पर स्थापित हो गये थे। स्मिथ ने अंतिम प्री-टेस्ट प्रशिक्षण सत्र से पहले कहा, ट्रैविस शीर्ष पर जाएगा, मुझे लगता है कि इसके अलावा यह काफी स्थिर रहेगा। मुझे नहीं लगता कि टीम में बहुत ज़्यादा बदलाव होगा। चयनकर्ताओं को भारत में जो कुछ देखने को मिला, वह उन्हें पसंद आया, जब भी हेड को अवसर मिला। वह नई गेंद के पीछे गया, तेज़ी से रन बनाए और गेंदबाजों पर दबाव बनाया, इसलिए मुझे लगता है कि यहां भी यही सोच रहेगी है। अभी ये तय नहीं है कि कोंस्टास मध्य-क्रम बल्लेबाज के रूप में उतरेंगे। मध्य-क्रम की खाली जगह के लिए उनका मुकाबला नाथन मैकस्वीनी और जोश इंगलिस से हैं।

पार्ल रॉयल्स की एसएक20 में रिकॉर्ड जीत, डरबन्स सुपर जाइंट्स बाहर

पार्ल (एजेंसी)। पार्ल रॉयल्स ने एसएक20 लीग में डरबन्स सुपर जाइंट्स (डीएसजी) को छह विकेट से हराकर घरेलू मैदान पर सभी पांच मैच जीतने का नया रिकॉर्ड बनाया। यह पहली बार है जब प्रतियोगिता के लीग चरण में कोई टीम घरेलू मैदान पर अजेय रही है। डीएसजी की टीम प्रतियोगिता से बाहर हो गई है क्योंकि पिछले सत्र की उप विजेता टीम अब प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकती।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरे सुपर जाइंट्स ने 33 रन तक तीन विकेट गंवा दिए थे लेकिन मार्कस स्टोइनिस (नाबाद 55) के नाबाद अर्धशतक और केन विलियमसन (45) के साथ उनकी 53 रन की साझेदारी की बदौलत टीम सात विकेट पर 143 रन बनाने में सफल रही। रॉयल्स की ओर से ब्योर्न फोरटुइन ने 20 जबकि क्वेन मफाका ने 22 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए।

रॉयल्स ने इसके जवाब में रूबिन हरमन की 59 रन की पारी और हुआन ड्रे-प्रिटोरियस (43) के साथ उनकी दूसरे विकेट की 91 रन की साझेदारी से 19.5 ओवर में चार विकेट पर 147 रन बनाकर जीत दर्ज की। इस जीत से रॉयल्स की टीम आठ मैच में सात जीत से 28 अंक के साथ अंक तालिका के शीर्ष पर बरकरार है। डीएसजी की टीम नौ मैच में सिर्फ एक जीत से आठ अंक के साथ अंतिम पायदान पर है।

आईपीएल में गलत टीम से खेले डिविलियर्स : मांजरेकर

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर अपने विवादित बयानों के कारण चर्चओं में बने रहते हैं। अब उन्होंने कहा है कि दक्षिण अफ्रीका के स्टार बल्लेबाज रहे एबी डिविलियर्स ने आईपीएल में गलत टीम से खेला था। डिविलियर्स ने शुरुआत में दिल्ली डेयरडेविल्स के लिए आईपीएल में तीन सत्र खेले थे। वहीं 2011 की आईपीएल मेगा ऑक्शन में वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) में शामिल हुए और 2021 में अपने करियर को अलविदा कहने तक उसकी ओर से ही खेलते रहे। डिविलियर्स ने 184 आईपीएल मैचों में 5162 रन बनाए लेकिन कभी टीम को आईपीएल खिताब नहीं जिता पाये। उन्होंने 2011 और 2016 में आरसीबी के साथ आईपीएल फाइनल खेला पर दोनों बार टीम हार गयी। 14 साल के अपने आईपीएल करियर में खिताब न जीतने के बावजूद डिविलियर्स आईपीएल में खेलने वाले सबसे बड़े क्रिकेटरों में से एक हैं। मांजरेकर के अनुसार डिविलियर्स का आरसीबी ने सही तरीके से उपयोग नहीं किया। मांजरकेर का कहना है कि डिविलियर्स को टॉप आर्डर में आना चाहिए था और उन्होंने यह भी कहा कि एबी ने गलत फ्रेंचाइजी के लिए खेला।

श्रीलंका के खिलाफ इस प्रकार के बदलावों के साथ उतरेंगे : हेड

कोलंबो (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के के उप-कप्तान ट्रैविस हेड ने कहा है इस माह के अंत में श्रीलंका दौरे में उनकी टीम इस प्रकार के बदलावों के साथ उतरेगी। दोनो ही टीमों के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज 29 जनवरी से गॉल शुरु होगी। इस सिरीज से पैट कमिंस के बाहर होने के कारण अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ टीम की कप्तानी करेंगे। हेड ने कहा, मुझे नहीं पता कि मैं इस समय किस क्रम पर बल्लेबाजी करने जा रहा हूं। हम देखेंगे कि अगले कुछ दिनों में विकेट कैसा रहता है। हम इंतजार करेंगे और देखेंगे कि क्या बदलाव आते हैं। मुझे लगता है कि हमारी टीम में शामिल खिलाड़ी काफी अनुभवी है और इसमें कुछ बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं जो विभिन्न भूमिकाओं और विभिन्न हालातों में ढ़ल सकते हैं, हम अलग-अलग लोगों को शामिल कर सकते हैं। ये सवाल उठ रहा है कि ऑस्ट्रेलिया को पारी की शुरुआत के लिए इस सीरीज में उस्मान ख्वाजा के साथ युवा सैम कोंस्टास को भेजना ठीक रहेगा या नहीं इसी को लेकर हेड ने कहा, हम बस इतना करने का प्रयास कर रहे हैं कि टेस्ट मैच जीतने के लिए क्या लचीलापन हो सकता है और उसी पर ध्यान देंग। इस समय बहुत से लोग जानना है रहे है कि मैं कहां बल्लेबाजी कर सकता हूं, पर ये हालातों पर आधारित रहेगा। ये सभी खिलाड़ियों के साथ होगा। मुझे लगता है कि यह टीम काफी अनुभवी है और एक बेहतरीन स्थिति में है, जहां खिलाड़ी जरूरत पड़ने पर हर जगह पर उतरने के लिए तैयार रहेंगे। हम इंतजार करेंगे और देखेंगे। ऑस्ट्रेलिया ने जब 2022 में श्रीलंका का दौरा किया था तब हेड ने तीन पारियों में बल्ले से सिर्फ 7.66 का औसत बनाया था और उन्हें नागपुर में भारत के खिलाफ शुरुआती टेस्ट से बाहर रखा गया था। लेकिन वह भारत में अगले तीन टेस्ट में 47 का औसत बनाने में सफल रहे जिसमें इंदौर में मैच जीतने वाली पारी भी शामिल है। अब श्रीलंका लौटने पर हेड ने कहा कि 2022 की तुलना में अब वह एक बदले हुए बल्लेबाज हैं। हेड ने कहा, मैं पिछली बार यहां और पाकिस्तान में थोड़े बदलाव से गुजरा था। मैंने थोड़ा और पारंपरिक खेलने का प्रयास किया। वह भारतीय सीरीज ऐसी थी जो एक या दूसरे तरीके से जा सकती थी। मैं अच्छा नहीं खेलता, और शायद मैं फिर कभी उपमहाद्वीप का दौरा न देखूं। या मैं वहां जाकर वही करूं जो मैं पिछले कुछ सालों से कर रहा हूं और थोड़ा अधिक आराम से खेलूं और इस बारे में चिंता न करूँ कि परिणाम क्या हो सकता है।

आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी के टिकटों की ऑनलाइन बिक्री शुरु होने की घोषणा की

दुबई । अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की घोषणा के बाद ही 19 फरवरी से होने वाली चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए टिकटों की ऑनलाइन बिक्री शुरु हो गयी है। प्रशंसकों को टिकटों के लिए आईसीसी की अधिकारिक वेबसाइट पर पहले पंजीकरण करना होगा। आईसीसी के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी अनुराग दहिया ने कहा, 'हम आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए आधिकारिक टिकटों की बिक्री की घोषणा शुरु करने को लेकर उत्याहित हैं। आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए सबसे कम कीमत का टिकट 1000 पाकिस्तानी रुपए (लगभग 310 भारतीय रुपये) रखा है जबकि 'प्रीमियम सीटिंग टिकट की सबसे कम कीमत कीमत 1500 पाकिस्तान रुपए (लगभग 465 भारतीय रुपये) रहेगी। 9 मार्च को आयोजित होने वाले फाइनल का टिकट दुबई में खेले जाने वाले पहले सेमीफाइनल के समापन के बाद खरीदने के लिए उपलब्ध होगा। चैम्पियंस ट्रॉफी की मेजबानी पाकिस्तान हाइब्रिड मॉडल के आधार पर कर रहा है। इसमें भारतीय टीम के मुकाबले संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होंगे। पाकिस्तान चरण के लिए टिकटों की बिक्री आज शुरु हुई पर अभी तक मेजबान पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) स्टेडियमों का नवीनीकरण कार्य तक पूरा नहीं करा पाया है। पाकिस्तान को 30 जनवरी को स्टेडियमों को आईसीसी को सौपना है पर कराची, लाहौर और रावलपिंडी के ये आयोजन स्थल अब तक पूरी तरह से तैयार नहीं हुए हैं। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम के मैच दुबई में खेले जाएंगे और उनके लिए टिकटों की ब्रिकी अभी शुरु नहीं हुई है। वहीं पीसीबी ने इस खबरों को गलत बताया है जिसमें कहा गया है कि रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम, लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम और कराची के नेशनल बैंक स्टेडियम में निर्माण कार्य में देरी के कारण इस स्थलों पर होने वाले मैच देश से बाहर कराये जाएंगे।

आईसीसी पर भड़के चैपल , मजबूत बोर्ड अपने अनुसार कार्यक्रम तैयार करा रहे

-दो-स्तरीय प्रणाली अब तक लागू हो जानी चाहिये थी

सिडनी (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के कामकाज के तरीके की कड़ी आलोचना की है। चैपल ने कहा कि आईसीसी क्रिकेट को बढ़ावा देने की जगह पर एक एक 'इवेंट मैनेजमेंट कंपनी की तरह काम कर रही है। चैपल के अनुसार आईसीसी की इसी कमजोरी का लाभ उठारक आर्थिक रूप से मजबूत बोर्ड अपने अनुसार कार्यक्रम तैयार कर रहे हैं पर इससे टेस्ट क्रिकेट को नुकसान हो रहा है। चैपल का यह भी मानना है कि टेस्ट क्रिकेट के लिए अब तक दो-स्तरीय प्रणाली लागू कर देंनी चाहिए थी पर ऐसा नहीं हुआ है। उन्होंने इसके साथ ही कहा कि खेल के पारंपरिक प्रारूप को प्रासंगिक बनाए रखने के लिए अन्य अहम कदम भी उठाए जाने चाहिए थे पर आईसीसी ने अब तक ऐसा कुछ नहीं किया है।

चैपल ने कहा कि द्विस्तरीय टेस्ट प्रणाली को लेकर वेस्टइंडीज के पूर्व तेज गेंदबाजी चैंपियन माइकल होल्डिंग ने कहा था, अपनी सभी गलतियों के बावजूद फीफा कम से कम फुटबॉल का संचालन तो ठीक से करता है पर आईसीसी ऐसा नहीं कर रहा। उन्होंने कहा कि इससे खेल में मुशिलें आ रही हैं। आईसीसी क्रिकेट का सही से संचालन नहीं करती है और जब तक उसकी सोच में बदलाव नहीं आता है तब तक आर्थिक रूप से संपन्न देश अपने स्वार्थ के लिए उसके जरिये कार्यक्रम तैयार करते रहेंगे।

चैपल ने हालांकि माना की भारत से क्रिकेट की आय में लगभग 70 प्रतिशत का योगदान होता है और आईसीसी में उसकी मजबूत उपस्थिति इस योगदान के कारण ही है। उन्होंने कहा कि टेस्ट क्रिकेट को दो भागों में विभाजित करने की जरुरत है। जिससे भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसी बड़ी टीमों को एक दूसरे के खिलाफ अधिक मैच खेलने के अवसर मिलेंगे। ऑस्ट्रेलिया के बेहतरीन कप्तानों में से एक चैपल का मानना है कि कुछ मानदंडों के साथ टीमों के लिए शीर्ष श्रेणी में आने और निचली श्रेणी में फिसलन की प्रणाली होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दो स्तरीय टेस्ट प्रणाली काफी पहले ही लागू हो जानी चाहिए थी क्योंकि कुछ टीमें ही पांच दिवसीय प्रारूप में प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम हैं। चैपल ने इसके साथ ही कहा कि अफगानिस्तान और आयरलैंड जैसे देशों को टेस्ट दर्जा नहीं दिया जाना चाहिए था लेकिन स्वार्थवश यह कदम उठाया गया।

दूसरे अमृत स्नान से पहले महाकुंभ में जनसैलाब, 15 दिनों में 15 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

एजेंसी

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज महाकुंभ में लगातार भीड़ बढ़ती जा रही है. मौनी अमावस्या के अवसर पर बुधवार को होने वाले दूसरे अमृत स्नान से पहले महाकुंभ के त्रिवेणी संगम में 15 दिनों में 15 करोड़ से अधिक श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ में स्नान करने वालों की संख्या बारे में सोमवार को रात में अपडेट किया था. उन्होंने एक्स पर पोस्ट डाला और बताया, महाकुंभ का एक ही संदेश, एकता से ही अखंड रहेगा देश. उन्होंने आगे लिखा, भारत की एकता, आस्था व संस्कृति के महासमागम महाकुम्भ-2025, प्रयागराज में सोमवार को 1.18 करोड़ से अधिक और अब तक 13.21 करोड़ से अधिक श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं.

मौनी अमावस्या के पवित्र स्नान पर 10 करोड़ लोगों के डुबकी लगाने की उम्मीद

हर 12 साल पर प्रयागराज में संगम तट पर आयोजित होने वाला महाकुंभ 13 जनवरी से शुरू होकर 26 फरवरी यानी 45 दिन तक चलेगा. बुधवार को मौनी अमावस्या के पवित्र स्नान पर 10 करोड़ और लोगों के डुबकी लगाने की उम्मीद है. उत्तर प्रदेश सरकार ने मौनी अमावस्या के लिए पूरी तैयारी कर ली है. मौनी अमावस्या पर भारी भीड़ को देखते हुए मेला क्षेत्र के चप्पे चप्पे पर सुरक्षा के उपाय किए गए हैं. एआई से युक्त सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन से लोगों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है. मेला क्षेत्र को अगले कुछ दिनों के लिए पहले ही नो व्हीकल जोन घोषित कर दिया गया है, प्रयागराज जिला प्रशासन ने भी स्थानीय लोगों से चार पहिया वाहनों के उपयोग से बचने और वरिष्ठ नागरिकों को संगम पर ले जाने के लिए केवल दोपहिया वाहनों का इस्तेमाल करने की अपील की है.

अंतरराष्ट्रीय उड़ानों से भी ज्यादा है प्रयागराज का किराया! राघव चड्ढा ने उठाए सवाल, एक्शन में डीजीसीए

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ मेले के संगम पर करोड़ों लोग डुबकी लगा रहे हैं। हालांकि, ये बाच भी सच है कि वहां पहुंचने के लिए लोगों को बहुत खर्च करना पड़ रहा है। यात्रियों की संख्या में वृद्धि से लेकर 106 वर्षों में पहली बार रात्रि उड़ानों को संभालने और 93 वर्षों में पहली बार अंतरराष्ट्रीय उड़ानें प्राप्त करने तक, पवित्र शहर में आमतौर पर शांत रहने वाला हवाई अड्डा रिकॉर्ड तोड़ रहा है। जैसे-जैसे महाकुंभ 2025 आगे बढ़ रहा है, प्रयागराज के लिए उड़ानों की लागत नाटकीय रूप से बढ़ रही है। यह घटनाक्रम 29 जनवरी को मौनी अमावस्या स्नान (शाही स्नान) से पहले हुआ है। ट्रैवल वेबसाइटें 28 और 30 जनवरी को चेन्नई से प्रयागराज तक वापसी टिकट की कीमत 53,000 रुपये तक दिखा सकती हैं। इन तारीखों पर, पास के कोलकाता से एक राउंड-ट्रिप टिकट की कीमत 35,000 रुपये से अधिक है। मुंबई से प्रयागराज तक के टिकट की कीमत 22,000 रुपये से 60,000 रुपये तक है। सीधे एकतरफा टिकट के लिए, बेंगलुरु से जाने वाले तीर्थयात्रियों को 26,000 रुपये से लेकर 48,000 रुपये तक का भुगतान करना होगा। 26 फरवरी तक चलने वाले महाकुंभ के दौरान टिकट की कीमतों में कई गुना उछाल के बाद सरकार ने एयरलाइंस को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के लिए अधिक उड़ानें भरने और किराए में राहत देने का निर्देश दिया है। किराये में वृद्धि मांग-आपूर्ति के बेमेल का परिणाम है, और सरकार आमतौर पर कीमतों को नियंत्रित करने से बचती है। हालांकि, सरकार ने किराए में मनमानी बढ़ोतरी के खिलाफ सलाह दी है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय और नागरिक उड्डयन महानिदेशालय दोनों ने प्रयागराज के लिए संचालित होने वाली इंडिगो, एयर इंडिया, स्पाइसजेट और अकासा एयर सहित प्रमुख एयरलाइनों के साथ उच्च स्तरीय बैठकें कीं और उन्हें हवाई किराए को ₹तर्कसंगत₹ करने का निर्देश दिया। एयरलाइंस को और अधिक यात्रियों को समायोजित करने के लिए, विशेष रूप से आगामी 'स्नान' दिनों - 29 जनवरी और 3, 4, 12 और 26 फरवरी - के दौरान अधिक क्षमता जोड़ने के लिए भी कहा गया था।

दिल्ली की राजनीति यमुना नदी में जहर मिलाने तक पहुंची, केजरीवाल के आरोप पर भाजपा ने उसे कालिया नाग कहा

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा हरियाणा सरकार पर यमुना नदी को जहरीला बनाने का आरोप लगाये जाने पर बवाल मच गया है. खबर है कि हरियाणा सरकार ने केजरीवाल पर मानहानि का मुकदमा दर्ज कराने की बात कही है. इसके अलावा भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग में केजरीवाल के बयान की शिकायत करेगा. बता दें कि केजरीवाल ने सोमवार को दावा करते हुए हरियाणा सरकार पर आरोप लगाया था कि यमुदा नदी में जहर मिलाकर भेजा जा रहा है.

नायब सैनी ने केजरीवाल से माफी मांगने को कहा

केजरीवाल के आरोप पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी बरस पड़े, कहा कि केजरीवाल ने यह बयान देकर साबित कर दिया है कि वह सस्ती राजनीति के लिए कुछ भी कर सकते हैं. जिस धरती पर वह पैदा हुए वहां का अपमान किया है. हम लोग यमुना नदी को पवित्र मानते हैं. यहां के लोग नदी में जहर क्यों मिलायेंगे. 2020 में केजरीवाल ने कहा था कि यमुना नदी को साफ करेंगे नहीं तो वोट मांगने नहीं आयेंगे. श्री सैनी ने कहा कि केजरीवाल वादा पूरा करने में फेल हुए, इसलिए दिल्ली के लोगों को गुमराह करने में लग गये हैं. उन्होंने केजरीवाल से इस बयान के लिए माफी मांगने को कहा है, नहीं तो मानहानि का मुकदमा दर्ज करायेंगे.

हरियाणा की मिट्टी में दुर्भाग्य वश पैदा हुआ ये कपूत

हरियाणा भाजपा ने भी केजरीवाल पर हमलावर होते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया.पोस्ट में लिखा कि अपनी घटिया और कुत्सित राजनीतिक हित साधने के लिए किस हद तक कोई गिर सकता है, इसका उत्कृष्ट उदाहरण अरविंद केजरीवाल है. हरियाणा की मिट्टी में दुर्भाग्य वश पैदा हुआ ये कपूत, हरियाणवियों को जी भर-भर के गालियां देता है, ताकि दिल्ली के चुनाव में राजनीतिक लाभ उठाया जा सके. यमुना में जहर मिलाने का पाप कोई भी सच्चा हरियाणवी नहीं कर सकता, लेकिन द्वापर युग में कालिया नाग ने यमुना नदी को विषैला करने की कोशिश की थी. हरियाणा भाजपा ने अपने पोस्ट में केजरीवाल को कलयुग का कालिया नाग बताया है, जिसने 2020 में झूठा वादा किया था कि अगर यमुना को दूषित होने से नहीं बचाया तो कभी वोट नहीं मांगने आऊंगा.

नेपाल ने अमेरिका से आर्थिक मदद न रोकने का आग्रह किया

काठमांडू। अमेरिका की सभी तरह की आर्थिक मदद रोकने की औपचारिक घोषणा ने नेपाल की चिंता बढ़ा दी है। नेपाल की सबसे बड़ी चिंता मिलेनियम चैलेंज कॉरपोरेशन (एमसीसी) के तहत मिल रहे आर्थिक सहयोग को लेकर है। नेपाल सरकार ने आधिकारिक रूप से पत्र लिख कर एमसीसी के तहत जारी 55 करोड़ अमेरिकी डॉलर का सहयोग नहीं रोकने के लिए आग्रह किया गया है। यह पत्र सोमवार को नेपाल के वित्त मंत्रालय ने अमेरिकी राजदूतावास के माध्यम से एमसीसी मुख्यालय भेजा गया है। नेपाल के उप प्रधानमंत्री और वित्तमंत्री विष्णु पौडेल का कहना है कि उन्हें पूरा भरोसा है कि अमेरिकी प्रशासन एमसीसी के सहयोग को नहीं रोकेगा। एमसीसी के तहत नेपाल में जो अंतदेर्शीय प्रसारण लाइन का काम हो रहा है उस पर कोई असर नहीं पड़ेगा। पौडेल ने बताया कि उनके पास अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए बने यूएसएआईडी के तरफ से प्राप्त पत्र में आर्थिक सहयोग को तीन महीने के लिए रोकने की जानकारी दी गई है। पत्र में कहीं भी एमसीसी के तहत चल रहे परियोजना का जिक्र नहीं है। उन्होंने बताया कि एमसीसी एक अलग निकाय है। अमेरिकी कांग्रेस ने गरीब देशों में आर्थिक सहयोग के लिए इसे स्थापित किया है। नेपाल को आशंका है कि यूएसएआईडी की तरह एमसीसी की तरफ से डी पत्र आ सकता है।

ईडी ने डिजिटल अरेस्ट के 2 मास्टरमाइंड किए गिरफ्तार

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने डिजिटल स्कैम से जुड़े 2 मास्टरमाइंड्स को गिरफ्तार किया है. ईडी के मुताबिक दोनों आरोपी देश छोड़कर भागने की फिराक में थे. लेकिन उस से पहले दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया, जिसमें एक आरोपी कोलकाता और दूसरा आरोपी राजधानी दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है. आरोपियों पर म्यूल अकाउंट्स का इस्तेमाल और लूटे हुए पैसों को क्रिप्टोकरेंसी में बदलकर विदेश भेजने का आरोप है. पूरा मामला चेन्नई में दर्ज हुई एक एफआईआर से जुड़ा हुआ है, जिसमें एक बुजुर्ग नागरिक ने 33 लाख की धोखाधड़ी की शिकायत की थी. आरोपियों ने उन्हें फर्जी आरोपों और डिजिटल अरेस्ट की धमकी देकर 33 लाख का चूना लगाया था.

ईडी ने मामले की जांच करते हुए उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र समेत 30 से अधिक जगहों पर छापेमारी की, जिसमें यह पता चला कि बुजुर्ग नागरिक से लूटे हुए पैसों को म्यूल बैंक अकाउंट्स के जरिए कई दूसरी जगहों पर भेजा गया. ईडी ने छापेमारी में कई सारे मोबाइल फोन और लैपटॉप बरामद किए. इनके साथ-साथ बिटकॉइन और यूएसडीटी के रूप में क्रिप्टोकरेंसी भी जब्त की है. ईडी की जांच में पता चला कि आरोपियों ने लूटे हुए पैसों को क्रिप्टोकरेंसी में बदलकर विदेश में मौजूद संस्थाओं को पैसा भेजा और इसके साथ-साथ विदेश पैसा भेजने के लिए कैश डिपॉजिट मशीनों का इस्तेमाल फिनटेक सेवाएं देने वाली कंपनियों के बैंक खातों में जमा करने के लिए किया. इसके बाद इन खातों से पैसा पर्सनल अकाउंट्स में ट्रांसफर किया गया. ईडी ने पूरे नेटवर्क का पदार्फाश करने के लिए आगे की जांच भी शुरू कर दी है.

मुंबई हमले के आरोपी तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को लेकर एनआईए टीम की अमेरिका जाने की तैयारी

एजेंसी

नयी दिल्ली। खबर है कि 26/11 मुंबई हमले के आरोपी तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को लेकर एनआईए की टीम जल्द ही अमेरिका जा सकती है. सूत्रों के अनुसार अमेरिकी कोर्ट द्वारा प्रत्यर्पण पर मुहर लगाये जाने के फैसले के बाद भारत राणा को सौंपने की प्रक्रिया को और तेज करने में जुट गया है.तहव्वुर राणा पर आरोप यह है है उसने 26/11 के मास्टरमाइंड उस डेविड कोलमैन हेडली की मदद की थी. जिसने मुंबई में हमले किये जाने के ठिकानों की रेकी की थी.

राणा को 2009 में एफबीआई ने शिकागो से गिरफ्तार किया था

राणा को 2009 में एफबीआई ने शिकागो से गिरफ्तार किया था. मुंबई हमले के एक साल बाद पाकिस्तान समर्थित नेटवर्क का हिस्सा होने के आरोप में वह पकड़ गया था. तहव्वुर राणा आईएसआई और लश्कर-ए-तैयाब से जुड़ा हुआ है.जान लें कि कुछ दिन पहले ही अमेरिकी कोर्ट ने तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण के लिए हरी झंडी दी थी. मुकदमे के दौरान भारत ने अमेरिकी कोर्ट के समक्ष राणा की संलिप्तता के मजबूत सबूत पेश किये थे.

कोर्ट ने भारत में हुए हमलों के आरोपों को खारिज तो कर दिया, लेकिन

अमेरिकी कोर्ट ने राणा को आतंकवादी संगठन की मदद करने सहित डेनमार्क में आतंकवादी हमलों को अंजाम देने की नाकाम साजिश रचने का दोषी पाया था. हालांकि, कोर्ट ने भारत में हुए हमलों के आरोपों को खारिज तो कर दिये, लेकिन इस बात पर मुहर लगा दी कि वह मुंबई आतंकी हमले की साजिश में शामिल रहा था. इसलिए उसे भारत प्रत्यर्पण किया जाना चाहिए.

बजट 2025 : 30 जनवरी को सर्वदलीय बैठक, 31 को संसद के दोनों सदनों को संबोधित करेंगी राष्ट्रपति मुर्मू

एजेंसी

नयी दिल्ली। संसद का बजट सत्र शुरू होने वाला है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार, 31 जनवरी 2025 को संसद के दोनों सदनों को संबोधित करेंगी। संसद के बजट सत्र का पहला भाग 31 जनवरी 2025 को शुरू होगा और 13 फरवरी को समाप्त होगा। सत्र का दूसरा भाग 10 मार्च 2025 को शुरू होगा और 4 अप्रैल 2025 को समाप्त होगा। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि अठारहवीं लोकसभा का चौथा सत्र शुक्रवार, 31 जनवरी, 2025 को शुरू होगा। सरकारी कामकाज की अनिवार्यताओं के अधीन, सत्र शुक्रवार, 4 अप्रैल, 2025 को समाप्त होने की संभावना है।

यह सीतारमण का आठवां बजट होगा - छह वार्षिक और दो अंतरिम - सबसे अधिक बजट पेश करने के पूर्व प्रधान मंत्री मोरारजी देसाई के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ देगा। 2017 के बाद से, केंद्रीय बजट लगातार 1 फरवरी को प्रस्तुत किया गया है ताकि अप्रैल में नया वित्तीय वर्ष शुरू होने से पहले घोषणाओं को प्रभावी किया जा सके। हालांकि, 1997 से पहले, बजट आमतौर पर फरवरी के आखिरी कार्य दिवस पर, आमतौर पर शाम 5 बजे पेश किया जाता था। उस दिन शेयर बाजार खुला रहेगा और निवेशकों को बजट घोषणाओं पर प्रतिक्रिया देने में सक्षम बनाने के लिए नियमित घंटों के दौरान काम करेगा।

आगामी केंद्रीय बजट से पहले केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने सोमवार को घोषणा की कि सरकार ने 30 जनवरी को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। उन्होंने आगामी सत्र के दौरान सदन में सुचारू चर्चा कराने में विपक्षी नेताओं से सहयोग की भी अपील की। मंत्री सोमवार को अपने प्रयागराज दौरे के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने चल रहे महाकुंभ के दौरान पवित्र स्नान किया। संसद के आगामी बजट सत्र पर रिजिजू ने कहा कि 31 जनवरी को संसद का बजट सत्र शुरू होगा। इससे पहले 30 जनवरी को हमने सर्वदलीय बैठक बुलाई है।

संक्षिप्त खबर

राहुल गांधी दिल्ली के चुनावी दंगल में उतरे, वाल्मीकि मंदिर में पूजा की, दलित बस्ती गये

नयी दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी आज मंगलवार, 28 जनवरी को पटपड़गंज और ओखला में चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे. इन रैलियों से पहले राहुल गांधी दिल्ली स्थित वाल्मीकि मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने पूजा-अर्चना की. इस वंचित वर्गों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का संकल्प दोहराया.वाल्मीकि मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद राहुल गांधी नयी दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में पहुंचे. यहां उन्होंने दलित बस्ती में जाकर महिलाओं से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना. यहां उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी संदीप दीक्षित का प्रचार किया. राहुल गांधी ने एनडीएमसी कर्मचारियों से भी मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं. कहा कि आप सरकार की प्राइवेटाइजेशन और कॉन्ट्रैक्ट जॉब की नीति ने कई लोगों को बेरोजगार कर दिया है. और हजारों को सही वेतन नहीं मिल पा रहा है. राहुल गांधी ने कहा, प्राइवेटाइजेशन और कॉन्ट्रैक्ट जॉब वंचितों के अधिकार छीनने के हथियार हैं. इसे नियंत्रित कर लोगों को उनके अधिकार देना हमारा लक्ष्य है.

झांसी से प्रयागराज जा रही ट्रेन पर हमला, उपद्रवी जमकर करते रहे पथराव

प्रयागराज। झांसी से प्रयागराज महाकुंभ जा रही ट्रेन में उपद्रियों के हमले की खबर आ रही है. बताया जा रहा है कि ट्रेन में उपद्रवियों ने पथराव और तोड़फोड़ भी की. जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. ये मामला झांसी मंडल के हरपालपुर स्टेशन का बताया जा रहा है. हमले के दौरान ट्रेन की बोगी में सवार यात्री दहशत में आ गए. उपद्रियों ने ट्रेन में घुसने की कोशिश की साथ ही ट्रेन के गेट और खिड़कियां तक तोड़ डाली. वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी से चलकर प्रयागराज जाने वाली ट्रेन नंबर 11801 पर पथराव हुआ है. बताया जा रहा है कि हरपालपुर रेलवे स्टेशन में बड़ी संख्या में यात्री प्रयागराज जाने के लिए इकट्ठा थे. मगर ट्रेन के अंदर पहले से मौजूद यात्रियों द्वारा ट्रेन का गेट नहीं खोला जा रहा था. बस इसी बात पर स्टेशन पर मौजूद भीड़ भड़क उठी और पथराव और तोड़फोड़ शुरू कर दी गई. पथराव और तोड़फोड़ से यात्रियों में चीख पुकार मचने लगी. यात्रियों ने बताया कि अचानक स्टेशन में मौजूद भीड़ ने पथराव और हमला कर दिया. ट्रेन के अंदर महिलाएं बच्चे सभी मौजूद थे जो महाकुंभ स्नान करने के लिए प्रयागराज जा रहे थे. ट्रेन झांसी से प्रयागराज जा रही थी, लेकिन जब ट्रेन एमपी के हरपालपुर स्टेशन पहुंची. उस जगह पर ट्रेन खड़ी थी तो वहां कुछ लोग आ गए. जिसके बाद उन्होंने पथराव किया और साथ ही यात्रियों को चोट पहुंचाने की कोशिश की. इनके मुंह पर कपड़े बंधे हुए थे, इनकी संख्या 8-10 बताई जा रही है. फिलहाल सीसीटीवी फुटेज के आधार पर इन लोगों को पहचाने का काम किया जा रहा है.

भारत-अमेरिका के मजबूत संबंधों की वजह से ही इस मुकाम पर पहुंचा हूं : सत्य नडेला

सिएटल/न्यूयॉर्क। माइक्रोसॉफ्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सत्य नडेला ने कहा है कि भारत और अमेरिका के बीच मजबूत संबंधों की वजह से ही वह आज इस मुकाम पर पहुंचे हैं। भारत के गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में अमेरिका में आयोजित एक समारोह के दौरान सरकारी अधिकारियों और अमेरिकी सांसदों ने देश में भारतीय समुदाय के योगदान की सराहना की। सिएटल स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने भारत के 76वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को बेल हार्बर कॉन्फ्रेंस सेंटर में एक विशेष समारोह का आयोजन किया। वाणिज्य दूतावास द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस कार्यक्रम में वाशिंगटन प्रांत के गवर्नर बॉब फर्ग्यूसन और नडेला मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के 500 से अधिक लोगों ने शिरकत की, जबकि शाम के समारोह में अमेरिका के कई सांसद शामिल हुए। नडेला ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए ये माना कि वह भारत और अमेरिका के बीच मजबूत संबंधों की वजह से ही वह आज इस मुकाम पर पहुंचे हैं। गणतंत्र दिवस समारोह में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के सदस्यों को संबोधित करते हुए, वाशिंगटन प्रांत के नवनिर्वाचित 24वें गवर्नर फर्ग्यूसन ने स्वीकार किया कि ह्यह्यभारतीय समाज न केवल भारत के लिए बल्कि पूरे विश्व के लिए अविश्वसनीय योगदान देता है ह्लह्ल सिएटल में भारत के महावाणिज्यदूत प्रकाश गुप्ता द्वारा आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में अमेरिकी प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों, सांसदों और 10 शहरों के मेयर सहित कई प्रतिष्ठित लोगों ने भी हिस्सा लिया।

श्रीलंकाई नौसेना ने भारतीय मछुआरों पर की गोलीबारी, 5 घायल, एमईए ने उच्चायुक्त को किया तलब

कोलंबो। श्रीलंकाई नौसेना ने मंगलवार सुबह डेल्फ्ट द्वीप के नजदीक 13 भारतीय मछुआरों को पकड़ने के दौरान गोलीबारी की. जिसमें 5 भारतीय मछुआरे घायल हो गए. इस मामले को भारत सरकार ने गंभीरता के साथ लिया है. विदेश मंत्रालय ने बताया, भारत ने श्रीलंकाई नौसेना द्वारा की गई गोलीबारी की घटना पर कड़ा विरोध दर्ज कराया है. एमईए ने बताया, मछली पकड़ने वाली नाव पर सवार 13 मछुआरों में से दो गंभीर रूप से घायल हो गए हैं और उनका इलाज जाफना टीचिंग अस्पताल में चल रहा है. तीन अन्य मछुआरों को मामूली चोटें आईं और उनका इलाज किया जा रहा है. जाफना में भारतीय वाणिज्य दूतावास के अधिकारियों ने घायल मछुआरों से अस्पताल में मुलाकात की और उनका हालचाल जाना. मछुआरों और उनके परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान की. विदेश मंत्रालय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस किया और बताया, नई दिल्ली में श्रीलंका के कार्यवाहक उच्चायुक्त को आज सुबह विदेश मंत्रालय में बुलाया गया और इस घटना पर कड़ा विरोध दर्ज कराया गया.

अमेरिका : डोनाल्ड ट्रंप ने कार्यकारी आदेश पर किए हस्ताक्षर, ट्रांसजेंडर सैनिकों पर लग सकता है प्रतिबंध

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ को ट्रांसजेंडर सैनिकों संबंधी पेंटागन की नीति को संशोधित करने का निर्देश दिया है। ट्रंप के इस कार्यकारी आदेश से भविष्य में अमेरिकी सेना में ट्रांसजेंडर सैनिकों की भर्ती पर प्रतिबंध लग सकता है। उन्होंने उन सैनिकों को भी बहाल करने का आदेश दिया जिन्हें कोविड-19 टीके लेने से इनकार करने के कारण हटा दिया गया था। ट्रंप के कार्यकारी आदेश में अमेरिका के लिए मिसाइल रक्षा कवच की तैनाती का प्रावधान किया गया है।

रक्षा मंत्री के रूप में अपने पहले दिन ही पीट हेगसेथ को राष्ट्रपति के कई कार्यकारी आदेशों का अनुपालन करने की दिशा में काम करते हुए देखा गया। ट्रंप और हेगसेथ दोनों ने पूरे दिन प्रत्याशित आदेशों के कुछ हिस्सों का वर्णन किया, लेकिन इन कार्यकारी आदेशों की स्पष्टता सोमवार देर शाम तक सामने नहीं आई थी। ट्रांसजेंडर कार्यकारी आदेश--- ट्रांसजेंडर सैनिकों पर प्रतिबंध की व्यापक रूप से उम्मीद की जा रही थी और ट्रंप द्वारा हस्ताक्षरित आदेश भविष्य में प्रतिबंध लगाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

ट्रंप ने अपने आदेश में दावा किया कि ट्रांसजेंडर सैनिकों द्वारा सेना में ड्यटी करना ह्यएक सैनिक की सम्मानजनक, सत्यनिष्ठ और अनुशासित जीवनशैलीह्ल को लेकर प्रतिबद्धता के साथ टकराव की स्थिति पैदा करता है। ट्रंप ने इसे सेना की तैयारियों के लिए हानिकारक बताते हुए इसे संशोधित करने को भी कहा है। अपने पहले कार्यकाल के दौरान ट्रंप ने ट्रांसजेंडर सैनिकों पर प्रतिबंध लगाने की कोशिश की थी, लेकिन यह मामला कई वर्षों तक अदालतों में उलझा रहा।

इसके बाद तत्कालीन राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा पदभार ग्रहण करने के कुछ समय बाद ही इसे पलट दिया गया था। ट्रंप के प्रथम कार्यकाल के दौरान न्यायालयों में इस प्रतिबंध को चुनौती देने वाले ट्रांसजेंडर सैनिकों के वकीलों ने पहले ही इस नए प्रतिबंध के विरुद्ध लड़ने का संकल्प लिया है। इसके अलावा वर्ष 2021 में कम से कम 8,200 सैनिकों को कोविड-19 रोधी टीका लगवाने से मना करने पर वैध आदेश का पालन करने से इंकार करने के कारण सेना से बाहर कर दिया गया था। ट्रंप ने इन सैनिकों की सेवा को दोबारा बहाल करने का भी आदेश दिया है।

पीएम मोदी फरवरी में अमेरिका जा सकते हैं, डोनाल्ड ट्रंप ने खुद यह जानकारी दी

एजेंसी

नयी दिल्ली। अमेरिका-भारत संबंधों को लेकर बड़ी खबर आयी है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का फरवरी में अमेरिका दौरा संभव है. यह जानकारी किसी ओर ने नहीं, खुद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दी है. ट्रंप ने पोस्ट कर कहा है कि पीएम मोदी फरवरी में व्हाइट हाउस आ सकते हैं. ट्रंप ने संवाददाताओं से सोमवार को बातचीत के क्रम में बताया कि उनकी आज भारतीय प्रधानमंत्री मोदी से लंबी बातचीत हुई. भारत के साथ हमारे अच्छे संबंधों की हवाला देते हुए कहा कि वह अगले माह फरवरी में शायद व्हाइट हाउस आ रहे हैं.

डोनाल्ड ट्रंप ने पीएम मोदी के साथ एक सार्थक बातचीत की : व्हाइट हाउस

व्हाइट हाउस ने बयान जारी कर कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ एक सार्थक बातचीत की. दोनों नेताओं ने सहयोग को बढ़ाने और उसे गहरा करने पर चर्चा की. उन्होंने इंडो-पैसिफिक, मध्य पूर्व और यूरोप में सुरक्षा सहित कई क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की. राष्ट्रपति ने भारत द्वारा अमेरिकी निर्मित सुरक्षा उपकरणों की खरीद बढ़ाने और निष्पक्ष द्विपक्षीय व्यापार संबंधों की दिशा में आगे बढ़ने के महत्व पर जोर दिया. नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के व्हाइट हाउस आने की योजनाओं पर चर्चा की, जिसमें हमारे देशों के बीच मित्रता और रणनीतिक संबंधों की मजबूती को रेखांकित किया गया. दोनों नेताओं ने अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी और इंडो-पैसिफिक क्वाड साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया, जिसमें भारत इस साल के अंत में पहली बार क्वाड नेताओं की मेजबानी करेगा. पीएम मोदी ने पूर्व में 7 नवंबर को अमेरिकी राष्ट्रपति पद का चुनाव जीतने के तुरंत बाद डोनाल्ड ट्रंप से बात की थी.

'स्काई फोर्स' ने भरी उड़ान, 100 करोड़ रुपए की ओर बढ़ी फिल्म

मुंबई। अक्षय कुमार और वीर पहारिया की एरियल एक्शन ड्रामा स्काई फोर्स बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है और अपने पहले वीकएंड में भी मजबूत पकड़ बनाए हुए है। 24 जनवरी को रिलीज होने के तीन दिनों के भीतर फिल्म ने 61.75 करोड़ रुपये की शानदार कमाई कर ली है, जो दर्शकों के बीच इसकी बढ़ती लोकप्रियता की ओर इशारा कर रहा है। दो दिन की दमदार कमाई के बाद रविवार को तीसरे दिन भी फिल्म ने मजबूती के साथ कमाई की। तीसरे दिन फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 31.60 करोड़ रुपये की कमाई की थी। इसके साथ ही वैश्विक स्तर पर भी फिल्म का जलवा कायम है। अब निर्माताओं ने फिल्म की कमाई के आधिकारिक आंकड़े जारी किए हैं।

लाइफ Style

यामी

शादी में घुसे बिन बुलाए बाराती

ऋषभ सेठ द्वारा निर्देशित 'धूम धाम' संभवतः एक अरेंज मैरिज के इर्द-गिर्द घूमती है, जहां गौतम और गांधी द्वारा अभिनीत दूल्हे और दुल्हन का दो गुंडों द्वारा पीछा किए जाने के बाद चीजें बिगड़ने लगती हैं। फिल्म के आधिकारिक सारांश में लिखा गया है, 'धूम धाम नवविवाहित कोयल और वीर की कहानी है।

इंडस्ट्री के दो सबसे प्रतिभाशाली कलाकार यामी गौतम और प्रतीक गांधी नेटफ्लिक्स की 'धूम धाम' के लिए साथ आए हैं। कुछ दिनों पहले निर्माताओं ने फिल्म का टीजर जारी किया था, जिसके बाद से दर्शक इसके ट्रेलर का इंतजार कर रहे थे। वहीं, आज आखिरकार निर्माताओं ने फिल्म का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसमें प्रतीक और यामी की मस्त जुगलबंदी देखने को मिली। आज ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स ने फिल्म का ट्रेलर लॉन्च कर दिया है। धूम धाम एक रोमांटिक कॉमेडी है। ट्रेलर की शुरुआत एक शादीशुदा जोड़े से होती है, जो अपनी सुहाग रात के लिए एक कमरे में हैं, लेकिन एक आदमी आता है और उनसे चार्ली के बारे में पूछना शुरू कर देता है। जल्द ही कपल भागने लगता है और वे दोनों अपनी जान बचाने की कोशिश कर रहे हैं। रात के दौरान उनके साथ बहुत सी चीजें होती हैं और वे एक-दूसरे के बारे में बहुत कुछ जान भी लेते हैं। ऋषभ सेठ द्वारा निर्देशित 'धूम धाम' संभवतः एक अरेंज मैरिज के इर्द-गिर्द घूमती है, जहां गौतम और गांधी द्वारा अभिनीत दूल्हे और दुल्हन का दो गुंडों द्वारा पीछा किए जाने के बाद चीजें बिगड़ने लगती हैं। फिल्म के आधिकारिक सारांश में लिखा गया है, 'धूम धाम नवविवाहित कोयल और वीर की कहानी है।

हॉलीवुड मसाला



'द रॉक...' का वीडियो वायरल...

लॉस एंजिलिस। डब्लूडब्लूई चैंपियन और हॉलीवुड के दमदार एक्टर द रॉक इन दिनों द बार्बी बने नजर आ रहे हैं। जी हां, ऐसा हम यूं ही नहीं कह रहे बल्कि इंस्टाग्राम पर डब्लूडब्लूई के दिग्गज द रॉक यानी कि ड्वेन जॉनसन का एक वीडियो वायरल हो रहा हैं। जिसमें वह अखाड़े में कुश्ती लड़ते नजर नहीं आ रहे बल्कि घर में बैठे अपनी बेटियों से मेकअप करवा रहे हैं और उनकी बेटियों ने उन्हें पिंक प्रिंसेस बना दिया। ड्वेन जॉनसन ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया हैं।

कोल्डप्ले में जीता भारतीयों का दिल

लॉस एंजिलिस। कोल्डप्ले के फ्रंटमैन क्रिस मार्टिन ने रविवार को अपने अहमदाबाद कॉन्सर्ट के दौरान भारतीयों का दिल जीत लिया। उन्होंने अपने प्रदर्शन के दौरान 'वंदे मातरम' और 'मां तुझे सलाम' गाकर 76वें गणतंत्र दिवस के पर शुभकामनाएं दी। उनकी प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया, जिसके बाद तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा कॉन्सर्ट गूंज उठा। क्रिस मार्टिन ने कॉन्सर्ट का समापन भारत माता को सलाम के साथ किया और सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। अपने कॉन्सर्ट के दौरान एक और खास पल में क्रिस ने भारतीय क्रिकेटर जसप्रीत बुमराह को एक खूबसूरत गाना डेडिकेट किया। मार्टिन ने मजाकिया अंदाज में स्वीकार किया कि उन्हें यह पसंद नहीं आया कि जसप्रीत बुमराह अपनी तेज गेंदबाजी से इंग्लिश बैटिंग लाइनअप को खत्म कर दें।

'रामायण' में हुई अभिनेत्री साई की एंट्री...

मुंबई। फिल्म रामायण को लेकर लगातार कोई ना कोई जानकारी सामने आ रही है। अब फिल्म में रावण की मां कैकसी के किरदार से पर्दा उठ गया है। कैकसी के रोल में साउथ अभिनेत्री नजर आएंगी। फिल्म रामायण में रणबीर कपूर प्रभु राम और साई पल्लवी माता सीता की भूमिका में नजर आएंगी। अब इस फिल्म में कैकसी के किरदार को लेकर जानकारी आई है। रामायण में कैकसी का किरदार साउथ की दिग्गज अभिनेत्री निभाएंगी। आइए जानते हैं रामायण में कौन निभाएगा कैकसी का किरदार। पद्म भूषण पुरस्कार विजेता साउथ अभिनेत्री शोभना को कथित तौर पर रावण की मां कैकसी के रूप में चुना गया है। कल्कि 2898 एडी में अपनी शक्तिशाली स्क्रीन उपस्थिति के लिए जानी जाने वाली, शोभना के लुक को इस भूमिका के लिए चुना गया है।

सिद्धार्थ की संभालेंगे किंग की कमान

मुंबई। शाहरुख खान की आगामी फिल्म 'किंग' का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद करेंगे। दो साल बाद दोनों एक साथ फिर काम करते नजर आएंगे। इससे पहले शाहरुख खान और सिद्धार्थ ने साल 2023 की फिल्म 'पठान' में साथ काम किया था।

इससे पहले कहा जा रहा था कि सुजॉय घोष फिल्म का निर्देशन कर सकते हैं। रविवार को दुबई में ग्लोबल विलेज इवेंट में अभिनेता शाहरुख खान ने खुद खुलासा किया कि सिद्धार्थ आनंद उनकी आगामी फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं।

एक्स पर अभिनेता के एक फैन क्लब द्वारा वीडियो शेयर किया गया, जिसमें अभिनेता कहा कि वह 'किंग' पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं अभी मुंबई में इसकी शूटिंग कर रहा हूं, जब मैं वापस जाऊंगा... मेरे निर्देशक सिद्धार्थ आनंद बहुत प्यारे हैं। उन्होंने 'पठान' बनाई।

टीवी मसाला

सुम्बुल तौकीर का स्टार प्लस पर दमदार कमबैक

मुंबई। जादू तेरी नजर के साथ, स्टार प्लस अपनी कहानी कहने की कला को एक नए लेवल पर पहुंचा दिया है। यह शो सस्पेंस, मिस्ट्री और काली शक्तियों वाले अलौकिक ताकतों का ऐसा मेल पेश करता है, जो दर्शकों को रोमांचित कर देता है। इस मच अवेटेड शो ने अपने पहले एपिसोड से ही मिस्ट्री से बाहर माहौल तैयार कर दिया है, जहां शाम 7:59 के वक्त के आसपास का खतरनाक रहस्य सामने आता है। इस एपिसोड ने दर्शकों को एक ऐसे अंधेरे, सस्पेंस और मस्टरी से भरी दुनिया में डुबो दिया है,

'टीना-टप्पर' की कहानी से प्रभावित हो रहे दर्शक, सिनेमाघर हाउसफुल

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ी कॉमेडी से भरपूर संदेशप्रद पारिवारिक फिल्म टीना-टप्पर शुक्रवार को प्रदेशभर के 67 सिनेमाघरों में एक साथ प्रदर्शित की गई है। इस फिल्म को दर्शकों का अच्छा प्रतिशत मिल रहा है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रदेश के सभी सिनेमाघरों में फिल्म हाउसफुल रही। कक्षा दसवीं के टॉपर के एक मामूली होटल में काम करने और संपन्न परिवार की टीना से उसकी प्रेम कहानी के साथ ही फिल्म में अमलेश नागेश की कॉमेडी का देशी तड़का दर्शकों को प्रभावित कर रहा है।

मनोरंजन से भरपूर : फिल्म देखकर निकले दर्शकों ने इस फिल्म की कहानी की सराहना की। दर्शकों ने कहा कि यह फिल्म मनोरंजन से भरपूर है। वहीं इस फिल्म से सीख मिलती है कि कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता है। फिल्म की कहानी में नायक दसवीं के टॉपर होने के बाद भी होटल में काम करता है। इस फिल्म की कहानी में कई संदेश है।

नागपुर में भी फिल्म की धूम: फिल्म टीना-टप्पर छत्तीसगढ़ के 67 सिनेमाघरों के अलावा नागपुर के जयश्री टॉकिज में भी प्रदर्शित की गई है। नागपुर में भी इस फिल्म को दर्शकों की सराहना मिल रही है।

आसपास क्षेत्र से पहुंच रहे दर्शक : फिल्म टीना-टप्पर की कहानी और इसके फिल्मांकन को लेकर दर्शकों के बीच फिल्म की चर्चा होने से आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से भी सैकड़ों दर्शक फिल्म टीना-टप्पर देखने पहुंच रहे हैं।

कई बड़े सेंटरों में भी हाउसफुल : छत्तीसगढ़ प्रदेश के कई बड़े सेंटर रायपुर, दुर्ग, भिलाई, कोरबा, जांजगीर-चांपा, कवर्धा, धमतरी, जगदलपुर, राजनांदगांव, बिलासपुर जैसे क्षेत्र में भी फिल्म थियेटर में हाउसफुल चल रही है।

टीवी से करियर की शुरुआत कर बॉलीवुड में छा गए

मुंबई। *जल्द ही फिल्म 'देवा' में शाहिद कपूर के साथ एक्टर प्रवेश राणा भी नजर आएंगे। इस एक्टर के एक्टिंग करियर की शुरुआत की बात की जाए तो 'बिग बॉस' और 'इमोशनल अत्याचार' जैसे रियालिटी शो में ये नजर आए। इसके बाद ही फिल्मों का रूख किया। ऐसे ही कई नामी स्टार भी हैं, जिन्होंने टीवी सीरियल्स के जरिए ही अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की। जानिए, ऐसे ही कुछ कलाकारों के बारे में।*

शाहरुख खान : बॉलीवुड के बादशाह बन चुके शाहरुख खान ने थिएटर के बाद टीवी सीरियल्स में कदम रखा। शाहरुख खान 'सर्कस' और 'फौजी' जैसे हिट टीवी सीरियल्स का हिस्सा बने। इन सीरियल्स की वजह से वह लाइमलाइट में आए और बाद में उन्हें फिल्मों में काम करने का मौका मिला।

आर माधवन : आर माधवन ने भी अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत टीवी सीरियल्स के जरिए ही की थी। वह 'यूले लव स्टोरी' और 'बनेगी अपनी बात' जैसे सीरियल्स में शुरुआत में नजर आए। इसके अलावा भी उन्होंने अलग-अलग जॉनर के टीवी सीरियल्स किए। फिर वह फिल्मों में छोटे किरदारों में दिखे लेकिन 'रहना है तेरे दिल में' ने उन्हें बॉलीवुड में एक चर्चित नाम बना दिया।

विद्या बालन': डर्टी पिक्चर' और 'कहानी' जैसी फिल्मों में अपनी उम्दा अदाकारी दिखाने वाली विद्या बालन ने टीवी पर कॉमेडी सीरियल 'हम पांच' से शुरुआत की थी। वह इसमें एक सिंपल लड़की के रोल में नजर आईं। फिर बंगाली फिल्मों की तरफ रूख किया और बाद में बॉलीवुड में कदम रखा।

इरफान खान : इरफान खान हमारे बीच अब नहीं है लेकिन उन्होंने टीवी और फिल्म दोनों ही जगह उम्दा काम किया। इरफान ने भी टीवी से अपने करियर की शुरुआत की, वह 'श्रीकांत', 'भारत एक खोज' और 'चंद्रकांता' जैसे कई और टीवी सीरियल्स में दिखे। बाद में बॉलीवुड में आए और बड़े पर्दे पर छा गए।



हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रत्नेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.